सूर्योदय : 6:12
सूर्यास्त : 6:16
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 17.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-266 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 21 मार्च 2025
20 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# 13 माह बाद खुला शंभू बॉर्डर हिरासत में 1300 किसान

- अब खनौरी का रास्ता खोलने की तैयारी
- पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी




**पटियाला।** हरियाणा की सीमा से सटे शंभू बॉर्डर से आखिरकार 13 महीने बाद किसानों को हटा दिया गया है। गुरुवार को वाहनों की आवाजाही भी शुरू कर दी गई है। देर शाम सात बजे दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया।

दूसरी ओर पुलिस ने वीरवार को ही राज्य भर में प्रदर्शन कर रहे 1300 से ज्यादा किसानों को हिरासत में लिया। इनमें सबसे ज्यादा प्रदर्शनकारी फरीदकोट (500) और संगरूर (300) जिले से हिरासत में लिए गए। यह प्रदर्शनकारी बुधवार को शंभू और खनौरी में हुई पुलिस कार्रवाई और संयुक्त किसान मोर्चा गैर-राजनीतिक से जुड़े किसान नेताओं और अन्य किसानों को हिरासत में लेने का विरोध कर रहे थे। इस दौरान कई जगहों पर उनकी पुलिस से झड़प भी हुई। गुरदासपुर और तरनतारन में किसानों ने डीसी दफ्तर के बाहर पक्का मोर्चा लगा दिया है। गुरुवार को पुलिस व प्रशासन दिनभर शंभू बॉर्डर पर किसानों की ओर से बनाए गए पक्के मोर्चों को हटाने के साथ ही नेशनल हाईवे को साफ करने में जुटा रहा। दूसरी तरफ हरियाणा पुलिस ने भी अपनी सीमा में किसानों को रोकने के लिए बनाए गए सीमेंट के भारी बेरिकेड तोड़ने का क्रम जारी रखा।

# छत्तीसगढ़ में 30 नक्सली मारे गए

## बीजापुर में 26, कांकेर में 4 शव मिले, हथियार बरामद, एक पुलिस जवान शहीद

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बीजापुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान का बलिदान हो गया है। बीजापुर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं। वहीं, दूसरी और कांकेर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार नक्सली मारे गए। सभी 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं।


बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा के पास थाना गंगालुर क्षेत्रान्तर्गत माओवादी विरोधी अभियान पर संयुक्त टीम निकली थी। अभियान के दौरान आज सुबह 7 बजे से माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हो गई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ 26 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।



वहीं, दूसरी तरफ मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया है। मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीजापुर और दंतेवाड़ा की सरहद के जंगली क्षेत्र गंगालुर थाना इलाके के तोड़का एंड्री के जंगल में सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर है।

### अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सल मुक्त होगा देश : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'नक्सलमुक्त भारत अभियान' की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षाबलों के दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए। मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। जवान मुठभेड़ स्थल से लौट रहे हैं।



# मलिहाबाद हत्याकांड मामले में आलमबाग इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मी निलंबित

- आलमबाग से मलिहाबाद तक तैनात सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ होगी जांच
- पूर्वी, मध्य और पश्चिमी जोन की अलग-अलग थाने व स्पेशल टीम को लगाया गया




**लखनऊ।** बनारस से आलमबाग बस अड्डे पर उतरी महिला को चिनहट के बजाय मलिहाबाद ले जाकर ऑटो चालक द्वारा रेप और हत्या करने के मामले में पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। घटना को अंजाम देने वालों का पुलिस 24 घंटे बाद भी पता नहीं कर सकी है। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस घटना के तार जोड़ रही है।

उधर, पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर ने पुलिसकर्मियों की लापरवाही पाते हुए इंस्पेक्टर आलमबाग कपिल गौतम, आलमबाग बस अड्डा चौकी इंचार्ज राम बहादुर, नाइट अफसर कमरूजमा, सिपाही राजेश दीवान और विजय यादव, पीआरवी 4821 के कमांडर शिवानंद सिंह, मुख्य आरक्षी पंकज यादव, चालक होमगार्ड शकुल अली को निलंबित कर दिया है। साथ ही आलमबाग से लेकर घटना स्थल मलिहाबाद तक 35 किलोमीटर में घटना के समय तैनात रहे सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर के मुताबिक, घटना का राजफाश करने के लिए पूर्वी, पश्चिम और मध्य जोन की विशेष टीमों को लगाया गया है। मलिहाबाद क्षेत्र के पीआरवी 4821 के कमांडर दारोगा शिवनंदन सिंह, हेड कांस्टेबल पंकज यादव और चालक शकुर अली की लापरवाही पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। बता दे कि अयोध्या निवासी महिला मंगलवार को वाराणसी में निजी कंपनी में इंटरव्यू देकर लखनऊ निवासी भाई के यहां जाने के लिए देर रात पहुंची। आलमबाग बस अड्डा से निकल कर चिनहट जाने के लिए आटो किया था। फोन पर भाभी को आधे घंटे में घर पहुंचने की बात कही थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। इस पर फोन किया तो ऑटो चालक द्वारा कहीं ले जाने की बात कही। इसके बाद भाई को लाइव लोकेशन भेज दी थी।

# सीबीसीआईडी का नाम अब सीआईडी

## योगी सरकार का बड़ा फैसला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब तक क्रिमिनल ब्रांच





क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट को अब क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के नाम से जाना जाएगा, यह उत्तर प्रदेश सरकार का एक बड़ा फैसला है. यह फैसला सरकार द्वारा अपराध अनुसंधान प्रणाली को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने के साथ ही सरल बनाने के उद्देश्य से लिया गया है. राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी एक आदेश में ये स्पष्ट किया गया है कि एब से सीबी-सीआईडी को अब सीआईडी नाम से जाना जाएगा। पुलिस के महत्वपूर्ण विभाग का मुख्य काम अपराधों की गहनता से जांच करना और फॉरेंसिक विश्लेषण के साथ ही अपराधियों की पहचान करना था। इसके अलावा इस विभाग का काम संगठित अपराधों की भी जांच पड़ताल करना है।

# जल-थल और वायु सेना होगी और मजबूत

## 54,000 करोड़ के रक्षा उपकरण खरीदने को डीएसी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 54,000 करोड़ रुपये से अधिक के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय में सेना के लिए टी-90 टैंकों के लिए उन्नत इंजन, नौसेना के लिए वरुणास्त्र टॉरपीडो और वायु सेना के लिए एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्लूएंडसी) सिस्टम की खरीद शामिल है। भारतीय सेना के लिए, परिषद ने टी-90 टैंकों में मौजूदा 1,000 एचपी इंजन को अपग्रेड करने के लिए 1,350 एचपी इंजन खरीदने की मंजूरी दी। इससे पावर-टू-वेट अनुपात में वृद्धि करके युद्ध के मैदान में गतिशीलता में सुधार होने की उम्मीद है। भारतीय नौसेना को अतिरिक्त वरुणास्त्र टॉरपीडो मिलने वाले हैं, जो नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित जहाज से लॉन्च किया जाने वाला एंटी-सबमरीन हथियार है। टॉरपीडो से नौसेना की पनडुब्बी खतरों का मुकाबला करने की क्षमता बढ़ेगी। भारतीय वायुसेना के लिए, डीएसी ने एईडब्लूएंडसी विमान प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दे दी है। ये प्रणालियाँ बल गुणक के रूप में कार्य करती हैं, युद्ध क्षमता को बढ़ाती हैं और आधुनिक युद्ध में रणनीतिक लाभ प्रदान करती हैं। 2025 को 'सुधारों के वर्ष' के रूप में चिह्नित करने की रक्षा मंत्रालय की पहल के हिस्से के रूप में डीएसी ने पूंजी अधिग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए नए दिशानिर्देशों को भी मंजूरी दी। इन सुधारों का उद्देश्य देरी को कम करना और खरीद प्रक्रिया को तेज़, अधिक प्रभावी और कुशल बनाना है।






20 रमजान, 21.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 47 | 06 : 20 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 40 | 06 : 29 |


### सीएम योगी ने युवा उद्यमियों को वितरित किया ऋण

# डबल इंजन की सरकार युवाओं के लिए बना रही रास्ता : योगी

- प्रत्येक जनपद में 25 से 27 मार्च तक लगेगा मेला
- भ्रष्टाचार पर होगी कार्रवाई



**गोंडा।** गोंडा के मेडिकल कॉलेज में युवा उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए ऋण वितरित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की ताकत का आंकना हो तो उस राष्ट्र के युवाओं की प्रतिभा, उनकी ऊर्जा व अनुशासन से मापा जा सकता है। उस देश का भविष्य क्या है, अगर इसको जानना हो तो युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा से जाना जा सकता है। जिस देश में युवा ऊर्जा के लिए अवसर होते हैं वहां पर कोई ताकत उस राज्य व देश का बाल बांका नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री योगी एक दिन के भ्रमण पर बृहस्पतिवार को गोंडा पहुंचे। जहां पर उन्होंने युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत देवीपाटन मंडल के 1,282 युवाओं को ऋण वितरित किए। प्रत्येक जनपद में 25 से 27 मार्च तक मेला लगाकर ऋण वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके लिए संबल बनना पड़ेगा। युवा शक्ति अपना रास्ता खुद तय कर देगी। इसी रास्ते को तय करने के अभियान में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक देश और दुनिया टकटकी लगाकर प्रयागराज की ओर देख रही थी। लोग आश्चर्य चकित थे। प्रयागराज में मानवता का समागम देखने को मिला। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में महाकुंभ ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की एक नई आधार शिला को आगे बढ़ाने का काम किया है। इस आयोजन ने इस बात को साबित किया है कि विरासत को विकास के साथ जोड़ेंगे तो अच्छे परिणाम आएंगे। आस्था का सम्मान होगा तो आजीविका का साधन बनेगा। संस्कृति को हम सुरक्षा प्रदान करेंगे तो हमारी समृद्धि बन सकती है।




### आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश सस्पेंड

**लखनऊ।** सोलर उद्योग लगाने के लिए रिश्वत मांगने के आरोप पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ी कार्रवाई करते हुए इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया है। सेल (एसएईएल) सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड के विश्वजीत दत्ता ने इन्वेस्ट यूपी में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। 2006 बैच के आइएएस अभिषेक प्रकाश औद्योगिक विकास विभाग के सचिव व इन्वेस्ट यूपी के सीईओ पद पर तैनात थे। इससे पहले वह लखनऊ के जिलाधिकारी भी रह चुके हैं। पुलिस ने गोमती नगर थाने में एफआइआर दर्ज कर मंशा भवन, शांति नगर रेलवे रोड, मेरठ निवासी 40 वर्षीय बिलौलिये निकान्त जैन को गिरफ्तार कर लिया है। एसएईएलके विश्वजीत दत्ता ने आरोप लगाया था कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा के कलपुर्जे बनाने का संयत्र स्थापित करने के लिए इन्वेस्ट यूपी को आनलाइन आवेदन किया था। साथ ही इन्वेस्ट यूपी के कार्यालय में आवेदन फाइल जमा कराई थी। उनके आवेदन पर मूल्यांकन समिति की बैठक हुई थी, जिसमें उनके आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई थी।



# एलन मस्क की कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर किया मुकदमा

- आईटी अधिनियम के दुरुपयोग का लगाया आरोप

**बंगलूरू।** भाषा में अपशब्दों और गलत शैली के इस्तेमाल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट ग्रोक सवालों के घेरे में है। केंद्र सरकार इस मामले में जांच की तैयारी में है। इसे लेकर सरकार एक्स के अधिकारियों के संपर्क में भी है। इसी बीच, एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया है।

अपनी याचिका में एक्स ने गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने ढंग से सेंसरशिप को चुनौती दी है। साथ ही एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के उपयोग को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर एक्स ने तर्क दिया है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। एक्स ने यह भी आरोप लगाया है कि सरकार धारा 69ए में लिखी गई कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए समानांतर कंटेंट को रोकने के लिए तंत्र बनाने के लिए आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) का उपयोग कर रही है। अपनी याचिका में एक्स ने दावा किया कि केंद्र का रुख श्रेया सिंघल मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2015 के फैसले से उलट है। उस फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कंटेंट को केवल उचित न्यायिक प्रक्रिया या धारा 69 ए के तहत कानूनी रूप से रोका जा सकता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय (आई एंड बी) के अनुसार, धारा 79 (3) (बी) ऑनलाइन प्लेटफार्मों को अदालत के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाने का आदेश देती है। बता दें कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (आई एंड बी) का कहना है कि आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को न्यायालय के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाने का आदेश देती है। इसमें कहा गया है कि अगर कोई प्लेटफॉर्म 36 घंटों के भीतर ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसे धारा 79(1) के तहत अपने बचाव के रास्ते खो देगा। इतना ही नहीं उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) सहित विभिन्न कानूनों के तहत जवाबदेह भी ठहराया जा सकता है।



## किसान संगठन की शिकायत पर अधिशासी अभियंता ने संबंधित अधिकारियों को लिखा पत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** विगत दिनों पूर्व भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड- 6 के अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद से वार्ता की थी। जिसमें किसानों द्वारा अधिशासी अभियंता पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड -6 नहर की पटरी से होकर हाईवे द्वारा अवैध मिट्टी का भरान हो रहा था। जिससे नहर की दायी पटरी पर बनी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी । जो ग्राम इस्सेपुर से होते हुए ग्राम मोहम्मद अलीपुर परमावाला भी होकर जाती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद को अवगत कराया था कि नहटौर ब्रांच पर अवैध रूप से मिट्टी के ओवरलोड हाइवे चलाए जा रहे हैं जो नजीबाबाद शहर के साथ-साथ नजीबाबाद से लगे गांव में मिट्टी का अवैध रूप से भरान कर रहे हैं जिससे नहर की पटरी क्षतिग्रस्त हो गई है, और साथ ही राहगीरो के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी इस नहर पर चलना मुश्किल हो रहा है क्योंकि जब यह ओवरलोड हाइवे नहर की पटरी पर दौड़ते हैं तो इतनी धूल उड़ती है,कि आने-जाने वाले राहगीर एवं छात्र-छात्राओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भारतीय किसान यूनियन की शिकायत के आधार पर समस्या का समाधान करने के लिए अधिशासी अभियंता ने सींचपाल एवं जिलेदार व जूनियर इंजीनियर पूरी गंगा नहर निर्माण खंड 6 को आदेशित किया कि नहर की पटरी पर चल रहे, ओवरलोड हाइवो को बंद कराया जाए, परंतु डंपरो के ड्राइवर द्वारा अधिकारियों का आदेश ना माना और लगातार नहर की पटरी पर ओवरलोड डंपर चलाते रहे। वहीं अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला खनन अधिकारी उप जिलाधिकारी नजीबाबाद एवं तहसीलदार नजीबाबाद सहायक अभियंता पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड 6 एवं थाना अध्यक्ष नजीबाबाद को उक्त ओवरलोड मिट्टी से भरे अवैध वाहनो को रोके जाने एवं उक्त हाईवे के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखा है।

## अवैध शराब तथा उपकरण बरामद करते हुए पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना हजरतपुर पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को कच्ची शराब एवं इसे बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हजरतपुर पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को अवैध शराब एवं इसे बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार अभियुक्त

प्रकाश पुत्र जयमल को 20 लीटर कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से शराब, तथा इसके उपकरण बरामद होने के साथ-साथ 40 लीटर लहन आदि भी बरामद किया गया है जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

## एसपी के आदेश पर सीओ निघासन जौरहा नदी पर पहुंचीं, बालू निकाले जाने वाले स्थानों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*


**लखीमपुर-खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस और खनन विभाग के संरक्षण में लगातार जौरहा रहा नदी से हो रहे अवैध बालू खनन को लेकर एसपी काफी सख्त हो गए हैं। एसपी के आदेश पर सीओ निघासन जौरहा नदी पर पहुंचीं। उन्होंने बालू निकाले जाने वाले स्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही खनन में शामिल लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। इससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है थाना सिंगाही क्षेत्र की जौरहा नदी के मोतीपुर पुल, माझा घाट, दरेहटी घाट आदि स्थानों से खनन माफिया चार सालों से बेधड़क अवैध तरीके से बालू का खनन कर रहे हैं। खनन में मोतीपुर के अलावा कोतवाली तिकुनियां के गांव तकियापुरवा के लोग भी शामिल हैं। यहां रात तो छोड़िए, पुलिस के संरक्षण में दिन के उजाले में भी रेत का काला कारोबार फल-फूल रहा है। पिछले दिनों एसडीएम निघासन राजीव निगम ने थोड़ी सख्ती दिखाई थी और ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज भी किया था, लेकिन माफियाओं पर इसका कोई असर नहीं हुआ लोगों ने सिंगाही पुलिस और खनन विभाग के संरक्षण में बड़े पैमाने पर नदी से रेत खनन करने की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की थी। उनका कहना था कि अवैध खनन के कारण नदी अपने मूल स्वरूप को छोड़कर गांव और खेतों की तरफ मुड़ती जा रही है। एसपी संकल्प शर्मा ने शिकायत को गंभीरता से लिया था और सीओ निघासन महक शर्मा को जांच कर कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे गुरुवार को सीओ महक शर्मा सिंगाही एसओ अजीत कुमार के साथ सबसे पहले मोतीपुर पहुंचीं और पुल के इर्द-गिर्द किए गए खनन को देखा। सीओ महक शर्मा ने बताया कि उन्होंने दरेहटी गांव के पास जौरहा नदी के दरेहटी घाट का निरीक्षण किया है। अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन में लिप्त लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 02 नफर वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैलानी पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारन्टी अभियुक्त 1.प्रमोद कुमार राठौर पुत्र भगवानदीन राठौर नि0 अमीननगर ग्रान्ट न0 10 थाना मैलानी जनपद खीरी उम्र 30 वर्ष 2.राजेन्द्र पुत्र मिश्रीलाल नि0 कुकहापुर थाना मैलानी जनपद खीरी उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही के क्रम में न्यायालय भेजा गया।

## नगर पालिका परिषद नजीबाबाद की मासिक बोर्ड मीटिंग का आयोजन हुआ





**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद नजीबाबाद की मासिक बोर्ड बैठक इन्जीनियर मुअज्ज़म चेयरमैन पालिका परिषद नजीबाबाद की अध्यक्षता में एवं मंयक कुंडू अधिशासी अधिकारी, उपजिलाधिकारी (न्यायालय नगीना) के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट एवं नगर में आवश्यक स्थानों पर शौचालय बनाये जाने, नगर में यूनिपोल, होल्डिंग्स आदि का ठेका दिया जाने सम्बन्ध में तथा अन्य कई प्रस्ताव पारित किये गये। मीटिंग में श्रीमति शमीम बानो, श्रीमति शबाना परवीन, श्रीमति राबिया खातून, श्रीमति शाहीन परवीन, श्रीमति कहकशा अन्जुम, रूखसाना, पवन कुमार, बाबू फुरकान, मौ0 इरफान, एश्वर्या, कसीम अहमद, श्री इरशाद, मौ0 शजर, राजीव, खुर्रम, सरफराज़ आदि सभासद एवं पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

## रेलवे टैक्नीशियन ने फांसी के फंदे पर लटककर दी जान

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत रेलवे कॉलोनी में सीनियर टेक्नीशियन वायरमैन का शव सरकारी क्वाटर में पंखे से लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ निवासी 35 वर्षीय संजय कुमार सहारनपुर रेलवे में सीनियर टेक्नीशियन वायरमैन के पद पर कार्यरत था, जो अपने परिवार के साथ थाना सदर बाजार की रेलवे कॉलोनी भटियारी बाग में रहता था। बताया जाता है कि आज कॉलोनी के बच्चे खेलते हुए उनके घर के पास पहुंचे, तो उन्होंने गेट खुला देखा। जैसे ही बच्चे अंदर पहुंचे, तो संजय कुमार मृत अवस्था में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। बच्चों ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने सैंपल इकट्ठा कर जांच शुरू कर दी है। रेलवे कर्मचारियों के अनुसार मृतक संजय होली के बाद से ड्यूटी पर नहीं जा रहा था। उसकी पत्नी और बच्चा मेरठ में अपनी मायके गई हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि फिलहाल पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है।

## आरोही ने कुश्ती प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**सहारनपुर।** कानपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में सहारनपुर की बेटी आरोही तोमर ने स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया।

कानपुर में 18 से 19 मार्च तक आयोजित 35वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में सहारनपुर मंडल टीम की ओर से प्रतिभाग करते हुए जनपद की होनहार कुश्ती पहलवान आरोही तोमर ने 40-45 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया। आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आरोही तोमर को सम्मानित किया गया। कुश्ती प्रशिक्षक आदेश ने बताया कि आरोही तोमर लगभग एक वर्ष से कुश्ती खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। आरोही तोमर मेहनती व लगनशील खिलाड़ी है। निश्चित ही भविष्य में वह राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर देश व जनपद का नाम गौरवान्वित करेंगी।

## जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**आगरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि दिनांक 19 मार्च 2025 को निर्वाचक नामावली में विद्यमान जनपद की सभी विधानसभाओं में कुल 35 लाख 74 हजार 86 मतदाता हैं, जिसमें 19 लाख 32 हजार 368 पुरूष, 16 लाख 41 हजार 593 महिला तथा 125 अन्य ट्रांसजेंडर मतदाता हैं तथा एक हजार पुरूषों के सापेक्ष 850 महिलायें हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सम्पूर्ण वर्ष में 04 अर्हता तिथियां निर्धारित की गई हैं जो कि 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई तथा 01 अक्टूबर हैं।

## जोरों पर चलता हुआ मिट्टी का अवैध खनन

### परमिशन के नाम पर दौड़ रही है मिट्टी से भरी अवैध खनन की ट्रालियां

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के क्षेत्र जलालाबाद में पड़ने वाली सरवनपुर नहर पर मिट्टी से लदी अवैध खनन की ट्रालियां दौड़ जमकर रही है! ओवरलोड ट्रालियां धूल उड़ती हुई सड़क पर दौड़ रही है जिससे आने जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कई बार शिकायत करने के बाद भी खनन माफिया खनन करने पर लगे हुए हैं! दिन प्रतिदिन खनन माफिया धरती का सीना चीर कर खनन कर रहे हैं अगर इस संबंध में किसी खनन माफिया से बात की जाए तो बोलते हैं हमारे पास परमिशन है जबकि परमिशन अगर 2 गज की होगी तो उनके द्वारा 200 गज़ कर दिया जाता है! जबकि ऐसे ओवरलोड भरे खनन के वाहनों से आए दिन हादसे होते रहते हैं और इतना ही नहीं इन खनन के वाहनों से जान तक चली जाती है और कई लोग ऐसे वाहनों से अपनी जान गंवा भी चुके हैं और जो लोग जान गवा चुके होते हैं उनके नसीब मे केवल फैसला ही आता है और उन्हें समझा भूजा कर लालच देकर शांत कर दिया जाता है, परंतु खनन माफिया नहीं जानते किसी की जान की कीमत क्या होती है उन्हें तो अपने कम से मतलब है। फिर भी पता नहीं क्यों तहसील के अधिकारी सभी मौन है? सूत्रों की माने तो यह खनन माफिया सेटिंग कर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं वरना अभी तक किसी भी खनन माफिया पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई! आखिर कब तक लोग ऐसी धूल उड़ाते वाहनों का सामना करते रहेंगे और इन वाहनों का शिकार बनते रहेंगे! जब इस संबंध में तहसीलदार से फोन पर वार्तालाप करनी चाहिए तो उनका फोन नही लग पाया और नायब तहसीलदार ममता मेडम ने फोन उठाकर काट दिया।

सुबह को बच्चे जब स्कूल जाते हैं तो धूल पड़ी हुई रास्ते में जो होती है वह उड़कर उनकी यूनिफॉर्म में लग जाती है जिसकी वजह से उन्हें स्कूल में डांट भी खानी पड़ती है और कई बार तो ऐसा हुआ है की धूल उड़ने की वजह से बच्चे चोटिल भी हो गए हैं परंतु मिट्टी का खनन करने वाले ट्राली को ढ़क कर नहीं लेकर जाते हैं जिले में सभी जगह चल रहा है मिट्टी का खनन परंतु खनन अधिकारी का कहीं पता नहीं चलता है कहीं परमिशन के आड़ में तो कहीं हाईवे की आड़ में लोकमत्ती के काम को कर रहे हैं अब देखना यह होगा कि इस मिट्टी की वजह से उड़ते धूल और चोटिल होते बच्चों को कब मिलती है राहत।

## सिराजुल उलूम पब्लिक गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल वार्षिक परिणाम हुआ घोषित



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के मुहल्ला पठानपुरा में स्थित सिराजुल उलूम जूनियर गर्ल्स हाई में स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसका वार्षिक परिणाम सौ प्रतिशत रहा! स्कूल 32 मेधावी और टॉपर बच्चों को पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर पहुंचे खूसुसी मेहमानों ने सभी बच्चों की जमकर तारीफ की और उनके मुस्तकबिल के लिए दुआएं भी दी। वहीं एमजीएम स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य रऊफ साहब ने सभी बच्चों से अपील कर कहा कि भविष्य में बच्चे कड़ी मेहनत करें और आगे बढ़ने का प्रयास निरंतर करते रहे एक न एक दिन सफलता आपके कदम चूमेगी। वहीं इस्लामी फंड के मैनेजर असलम खान ने भी बच्चों को दिल लगाकर पढ़ने के लिए कहा और मेधावी बच्चों को मुबारकबाद उनके उज्जवल भविष्य की कामना की! कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद असलम एडवोकेट एवं संचालन मैडम नाहिद ने किया। इस मौके पर स्कूल मैनेजर हाफिज शमीम, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद आदिल अतहर और स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मनोरोग से बचाव के लिए नियमित करें ध्यान व योगाभ्यास-एडीजे




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सीएमओ के आपसी सामंजस्य से एक चिकित्सा शिविर का आयोजन कछला स्थित नवजीवन वृद्ध आश्रम में किया गया।

शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी, द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में उपस्थित वृद्धजनों को समस्त प्रकार के सूक्ष्म शारीरिक रोगों के लक्षण व उसके निदान के बारे में विस्तार पूर्वक जागरूक किया गया।प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी द्वारा बताया गया कि शिविर में समस्त प्रकार के रागों से सम्बन्धित चिकित्सीय परीक्षण एवं उपचार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

नवजीवन वृद्धाश्रम में से ही कुछ वृद्धजनों द्वारा भजन कीर्तन का भी मन्चन किया गया। कार्यक्रम में वृद्धजनों को फल व छड़ी आदि वितरित किये गये। शिविर में उपस्थित डाक्टरों द्वारा उपस्थित वृद्धजनों का उपचार भी किया गया। इस मौके पर चंद्रपाल सिंह, जगदीश माथुर, नमिता, प्रदीप गुप्ता, मोहम्मद इलियास आदि उपस्थित रहे।

## रिक्त स्थानों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित

**आगरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जी0आर0 प्रजापति ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, इटौरा, आगरा में कक्षा 6, 7, 8. 9 में रिक्त स्थानों तथा कक्षा 11 में (कक्षा 10 के प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर) संभावित रिक्त स्थानों, जिनकी संख्या घट-बढ़ सकती है, में प्रवेश हेतु जनपद के प्रतिभाशाली एवं अर्ह (जिस कक्षा में प्रवेश लेना है उसके पूर्व कक्षा सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण हो) छात्रों से प्रवेश हेतु आवेदन आंमत्रित किये जाते है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि विद्यालय पूर्णतः आवासीय है, जिसमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अभिभावकों के पाल्यो को ही संस्था में प्रवेश दिया जायेगा। संस्था में छात्रों को आवास के साथ-साथ भोजन, नाश्ता, स्कूल ड्रेस एवं पाठ्य-पुस्तके दैनिक प्रयोग आदि समस्त आवश्यक वस्तुए निःशुल्क उपलब्ध होगी।

## इस्लामनगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** कांग्रेसियों द्वारा इस्लामनगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन की मांग को लेकर बिल्सी तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए डीएम एवं सीएमओ को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

बृहस्पतिवार को कांग्रेसी इस्लामनगर में प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र के संचालन के लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। धरने में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष नवंबर में हमारे द्वारा इस्लामनगर के अंबेडकर पार्क में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन की मांग को लेकर एक सप्ताह धरना प्रदर्शन किया गया था जिसमें समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल थे।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालक को लेकर उस समय एक ज्ञापन एसडीएम बिल्सी को दिया गया था, उस समय एसडीएम तथा



मौके पर मौजूद मुख्य सहायक चिकित्सा अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही प्राथमिक स्वस्थ्य शुरू कर दिया जाएगा परंतु खेद की बात है कि एक ओपीडी खुलवाकर इति श्री कर ली है। उन्होंने कहा कि बाकी सारी व्यवस्थाएं जैसे कुत्ता काटे का इलाज, लड़ाई झगड़ा आदि के मरीजों का इलाज एवं मेडिकल आदि की व्यवस्था नहीं की गई है, जिस कारण मरीजों को अभी भी इस्लामनगर से 9 किलोमीटर दूर रुदायन जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सारी सुविधाएं शुरू नहीं की गई तो कांग्रेस आने वाले समय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन सत्याग्रह अनशन करेगी।

इस मौके पर सद्दाम हुसैन, इश्तियाक अहमद, यूनुस सकलैनी, अनिल उपाध्याय सुखबीर सिंह, प्रेमपाल आदि उपस्थित रहे।

## टैक्स बकायादारों ताबड़तोड़ कार्रवाई, आधा दर्जन दुकानें सील

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम के राजस्व विभाग ने वसूली लक्ष्य पूरा करने के लिए टैक्स बकायादारों पर कुर्की व



सम्पत्ति सील की ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरु कर दी है। आज आधा दर्जन सम्पत्तियां सील की गयी। नगरायुक्त ने मार्च के बकाया 12 दिन में दस करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य रखा है। नगरायुक्त ने बकायादारों से सील की कार्रवाई और 12 प्रतिशत ब्याज से बचने के लिए शीघ्रातिशीघ्र बकाया टैक्स जमा कराने की अपील की है। नगरायुक्त संजय चौहान ने गत दिवस टैक्स वसूली की समीक्षा करते हुए टैक्स वसूली के लिए जबरदस्त अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। नगरायुक्त के निर्देशों के अनुक्रम में आज राजस्व विभाग की टीमों ने बकायादारों के खिलाफ ताबड़तोड़ सील की कार्रवाई शुरु की तो बकायादारों में हड़कंप मच गया। लगभग एक दर्जन भवन स्वामियों ने भवन सील की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही करीब पौने चार लाख रुपये जमा कराये। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता ने बताया कि नगरायुक्त की चेतावनी के बाद जिन बकायादारों के चौक बाउंस हुए थे उन्हें एफआईआर के नोटिस भेजे गए हैं जिस पर अनेक बकायादारों ने आज अपने चौक वापिस लेकर बकाया टैक्स जमा कराया। नगरायुक्त संजय चौहान ने बकायादारों से अपील की है कि सील की कार्रवाई और 12 प्रतिशत ब्याज से बचने के लिए शीघ्रातिशीघ्र बकाया टैक्स जमा कराएं। नगरायुक्त के निर्देश पर कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी एवं कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने आज जोन एक के वार्ड 23 अम्बाला रोड व किशनपुरा तथा वार्ड 13 चकहरेटी में आधा दर्जन सम्पत्तियों को सील कर दिया। अंबाला रोड पर भवन संख्या 14/37 के भवन स्वामी पर तीन लाख रुपये टैक्स बकाया था, जमा न करने पर भवन सील कर दिया गया। अंबाला रोड पर ही 14/23/2 के भवन स्वामी पर 54 हजार से अधिक, किशनपुरा में भवन संख्या 14/1869 के भवन स्वामी पर करीब 48 हजार, किशनपुरा में ही भवन संख्या 14/1821 पर करीब 59 हजार तथा चकहरेटी में भवन संख्या 3/6738ए के भवन स्वामी पर साढ़े 43 हजार रुपये बकाया था। उनके द्वारा जमा न करने पर इन सब सम्पत्तियों को सील कर दिया गया।

## यूपी एसटीएफ की आगरा में बड़ी कार्यवाही, फर्जी मार्कशीट बनाने वाले को दबोचा



**आगरा।** ताजनगरी में लम्बे समय से ऑन डिमांड हाईस्कूल, इंटर, ग्रेजुएशन और अन्य प्रोफेशनल कोर्स की फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने का खेल चल रहा था। यूपी एसटीएफ की आगरा यूनिट ने गुरुवार को ऑन डिमांड फर्जी मार्कशीट बनाने वाले सरगना को दबोचा। टीम ने आरोपी के कब्जे से बड़ी संख्या में अलग-अलग शिक्षक संस्थान और कॉलेजों की फर्जी मार्कशीट व ब्लैंक मार्कशीट बरामद की है। स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ का दावा है कि आरोपी अब तक देश की अलग-अलग यूनिवर्सिटी की मार्कशीट व डिग्री बनाकर ढाई लाख रुपये में दे देता था। चार साल में करीब 8000 से ज्यादा फर्जी मार्कशीट बनाकर बेच चुका है। आरोपी से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी के खिलाफ शाहगंज थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसटीएफ की आगरा यूनिट में प्रभारी निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि लगातार फर्जी मार्कशीट बनाए जाने की शिकायत मिल रही थी। जिसकी टीम छानबीन कर रही थी। टीम को सूचना मिली कि शाहगंज थाना क्षेत्र में अर्जुन नगर गेट के पास एक व्यक्ति नकली मार्कशीट बनाने का काम करता है, जिस पर एसटीएफ टीम ने छापा मारा। उन्होंने बताया कि मार्केट में एक दुकान से धनेश मिश्रा को हिरासत में लिया गया है।

## जिला जज, डीएम तथा अपर पुलिस कमिश्नर द्वारा किया गया केंद्रीय कारागार तथा जिला जेल का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जिला जज विवेक सांगल, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी एवं अपर पुलिस कमिश्नर संजीव त्यागी द्वारा गुरुवार को केंद्रीय कारागार तथा जिला जेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जज द्वारा निरुद्ध बंदियों से उनको दिए जा रहे भोजन तथा चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली गई। जेल अधिकारियों को बंदियों का ध्यान रखने और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने महिला बैरक, बच्चों के स्कूल, अस्पताल में भर्ती बीमार बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने पाकशाला की जांच कर बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को देखा तथा भोजन बनाते समय साफ सफाई के विशेष निर्देश दिए। बंदियों ने बताया कि जेल में उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। जेल की सभी व्यवस्था ठीक पाई



गई। किसी बंदी-कैदी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जेल मैन्युअल के आधार पर सभी सुविधाए देने के निर्देश दिए, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने, गंभीर बीमार बंदियों की रिपोर्ट देने को निर्देशित किया, जिससे उनका समुचित इलाज हो सके। जिला जज ने बच्चों हेतु चल रहे स्कूल का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों को दी जा रही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से प्रसन्नता व्यक्त की, ऐसे बंदी जिनके मामलों में अपील होनी है, उनके प्रपत्र तैयार कराने के भी निर्देश जेल अधीक्षक को दिए। केन्द्रीय कारागार के निरीक्षण के दौरान कारागार में निरूद्ध बंदियों से वार्ता करने के उपरांत कारागार अधीक्षक को निर्देश दिए कि अपने अधीनस्थों में से एक अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए जो कि बंदियों से वार्ता कर उनकी अपील फाइल कराये, पैरोल, अपील आदि के सम्बन्ध में उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराये, जिससे उन्हें अपील आदि में सहायता मिल सके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ऐसे बंदी जो अपील आदि करने में असमर्थ हैं, उनके लिए शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही की जाए। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल की बिल्डिंग की मरम्मत हेतु आगणन शासन को भेजा जा चुका है तथा आगणन से पूर्व लो0नि0वि0 से बिल्डिंग का सर्वे भी कराया गया है।

# जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की अध्यक्षता में किया जिला कारागार का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी, जिलाधिकारी, देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक, देवरिया श्री विक्रान्त वीर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मंजू कुमारी द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया।

उक्त निरीक्षण में ऐसे गरीब बन्दी जो जमानत की राशि एवं जुर्माना आदि को जमा न करने में असमर्थ है के सम्बन्ध में विचार-विमर्श कर विधि अनुसार कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जायें। उन्होंने पाकशाला, चिकित्सालय तथा बैरकों का निरीक्षण किया। तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। मा0 जनपद न्यायाधीश देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह व जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल के द्वारा महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु विशेष निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा कारागार में महिला बन्दियों के साथ रह रहें छोटे बच्चों के शिक्षा हेतु विशेष निर्देश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उनके अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गयी व उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, संयुक्त समिति के द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने, के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा ऐसे बंदी जो एक माह से ज्यादा जेल में निरूद्ध है तथा वह निर्धन/गरीब है, जो अपना जमानत राशि एवं जुर्माना आदि के भुगतान करने में असमर्थ है, के प्रकरण को जिला स्तर पर गठित ''अधिकार प्राप्त समिति'' के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया जिससे इनके प्रकरण में शासन के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार विधि अनुसार धनराशि की संस्तुति कर मा0 न्यायालय के समक्ष जमानत राशि/जुर्माना आदि की राशि जमा करा कर इनके प्रकरण को समय से निस्तारित किया जा सकें। मुख्य न्यायिक मजिस्टेउ्ट श्रीमती मंजू कुमारी द्वारा जिला कारागार में बंदियो के सुरक्षा व उनके अधिकारो हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# मतदाता ही देश का अस्ल निर्माणकर्ता है : डॉ सुधीर

दानिश मेहदी



**टांडा अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) के दूसरे दिन मतदाताओं को किया जागरूक माँ तिलेसरा देवी महाविद्यालय में एन0एस0 एस0 शिविर में छात्र छात्राओं द्वारा साक्षरता, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य पर दी गई जानकारी आज दिनांक 19/ 03/2025 दिन बुधवार को मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज, भसड़ा, टांडा अंबेडकर नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) के दूसरे दिन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई) एवं श्री अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई) तथा श्री अभिषेक राजभर श्री सुनील कुमार वर्मा, श्री अर्जुन प्रसाद, श्री सैफ अली, श्रीमती आशा मौर्या श्रीमती ममता, श्रीमती चंद्रकला, सुश्री एकता सिंह आदि प्राध्यापक/ प्राध्यापिकाओं के निर्देशन एवं देख-रेख में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा गोंद लिए गए ग्राम भसड़ा एवं पहाड़पुर में मतदाताओं को जागरूक करने और नए मतदाताओं को जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु रैली व जन संपर्क अभियान के माध्यम से जागरूक किया। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने रैली व जनसंपर्क के द्वारा आने वाले पंचायती चुनाव में भाग लेने से वंचित न रह जाए के लिए भी प्रेरित किया। जनसंपर्क के द्वारा लोगों को यह भी बताने का प्रयास किया कि मतदाता ही देश का असली निर्माण कर्ता होता है आप लोग आने वाले चुनाव में धर्म, जाति व किसी भी प्रलोभन में आए बिना एकजुट होकर योग्य उम्मीदवार को मतदान करें।

## डीएम हर्षिता माथुर ने किया सम्मानित



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में संचालित निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र के अभ्यर्थी आकाश सोनकर पुत्र राम मिलन सोनकर, राहुल कुमार पुत्र हरि लाल, रितिक शुक्ला पुत्र राजेश कुमार शुक्ल, अवनीश यादव पुत्र कौशल कुमार यादव, अमित वर्मा पुत्र सूरज लाल वर्मा द्वारा उप्र पुलिस आरक्षी परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त करने वाले समस्त सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक का आयोजन किया गया। कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में मृतक किसान को मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाता है। बैठक में प्रस्तुत किये गये दावों में से शासनादेश के अनुसार उपयुक्त पाये गये 08 दावे स्वीकृत किये गये। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

## जननी सुरक्षा का हाल बेहाल, 2884 लाभार्थियों का नहीं हुआ भुगतान

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर सरकार का जोर है। इसके लिए जननी सुरक्षा योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सरकारी अस्पताल में प्रसव होने पर 1400 रुपये और नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के तौर पर दी जाती है। जिले में 2884 लाभार्थियों को जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी अस्पताल में प्रसव के 24 घंटे से 15 दिन के अंदर प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के बैंक खाते में भेजे जाने का नियम है। इसके तहत प्रक्रिया संबंधित अस्पताल को ही पूरी करानी होती है। जिले में योजना के क्रियान्वयन में जिम्मेदार लापरवाही कर रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक संस्थागत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 1400 व शहरी क्षेत्र में 1000 रुपये का भुगतान किया जाता है।जिले के सरकारी अस्पतालों में फरवरी तक जहां 20,348 संस्थागत प्रसव हुए हैं, वहीं निजी अस्पतालों में 17,176 प्रसव कराए गए हैं। विभाग ने 17,464 लाभार्थियों को भुगतान किया है।



## वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकारों को ट्रेन यात्रा में छूट पुनः लागू करें रेल मंत्रालय

**भाटपार रानी देवरिया।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल देवरिया के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार रामदरश गुप्ता ने भारत सरकार के रेल मंत्री एवं भारत के प्रधानमंत्री जी से वरिष्ठ नागरिकों और वरिष्ठ पत्रकारों के लिए कोरोना काल के पूर्व से ट्रेन यात्रा में मिलने वाली रियायत को अविलंब लागू करने की मांग की है द्य श्री गुप्त ने कहा कि सीनियर सिटीजन को जो रियायत पहले रेल मंत्रालय द्वारा मिलती थी वह पुन लागू कर वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकारों को राहत देने का कार्य सरकार द्वारा अविलंब कर देना चाहिए।

# महारानी अवंतीबाई लोधी के 167वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के 167वें बलिदान दिवस के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और महारानी अवंतीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम और मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने रेलवे रोड, फर्रुखाबाद स्थित होटल अनंत में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने वीरांगना अवंतीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को नमन किया।पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने वीरांगना के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए कहा कि महारानी अवंतीबाई का जीवन हमें नारी शक्ति, वीरता और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर हमें समाज में समानता, नारी सशक्तिकरण और राष्ट्रसेवा के प्रति जागरूकता लानी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व सभासद श्याम सुंदर लल्ला, जौली राजपूत, कमलेश राजपूत, दुर्वेश राजपूत, तोताराम, लज्जाराम वर्मा, रामविलास राजपूत पूर्व जिला पंचायत सदस्य, किशनपाल सिंह सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, बेवर रोड स्थित रामलड़ैते वर्मा के प्रतिष्ठान पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने वीरांगना महारानी अवंतीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां आए अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि महारानी अवंतीबाई लोधी 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की पहली महिला बलिदानी थीं, जिन्होंने अपने पति की मृत्यु के उपरांत अपने दो नाबालिग पुत्रों को मायके भेजकर अंग्रेजों से युद्ध किया और वीरगति को प्राप्त हुई।

इस कार्यक्रम में परशुराम वर्मा, महेश चंद्र वर्मा, रामलड़ैते वर्मा,बरजोर सिंह, वीरपाल सिंह, नवीन राजपूत, धर्मेंद्र राजपूत, अमर सिंह वर्मा, घनश्याम सिंह, संतोष वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. पन्नालाल ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कर वीरांगना अवंतीबाई के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## डग्गेमार बस व तीन वाहन बिना फिटनेस संचालन में सीज कर एम्बुलेन्स का किया चालान

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी फर्रुखाबाद श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने एआरएम रोडवेज राजेश सिंह के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुये स्लीपर बसों को चेक किया गया तथा एक स्लीपर बस को कमियां पाये जाने पर रोडवेज बस अड्डे पर सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा बस को सीज करते हुये रू0 60 हजार जुर्माना लगाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा बिना टैक्स जमा किये संचालित 03 माल वाहनों को एआरटीओ कार्यालय में सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त 02 माल वाहनों को बिना फिटनेस वाहन चलाने के अभियोग में सीज कर दिया गया। एक ओवरलोड माल वाहन को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सीज करते हुये रू0 27000/- का जुर्माना लगाया गया। एक एम्बुलेन्स को भी प्रपत्रों में कमी पाने पर चालान किया गया। इस प्रकार इन सभी वाहनों पर रू0 1.61 लाख जुर्माना आरोपित किया गया।



## पटरी व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास दोनो पटरियों पर एनएचआई और पुलिस बल द्वारा फोरलेन से बुधवार को अतिक्रमण हटाया था। जिसके विरोध में भारी संख्या में पटरी व्यापारियों ने एनएचआई के खिलाफ तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया। और एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रधान मनेही कन्नौजिया ने कहा कि आसपास गांव के बेरोजगार लोग टोल प्लाजा के आसपास पटरी पर दुकान रखकर जीवनयापन करते है।लेकिन बुधवार को एनएचआई और पुलिस बल ने पटरी व्यापारियों की दुकान को बुलडोजर लगाकर हटा दिया गया। जिससे व्यापारी भुखमरी के कगार पर खड़े है। जबकि 22 फरवरी 2012 में एनएचआई से समझौता हुआ था। जिसमें निर्णय लिया गया था कि जिन किसानों ने अपनी भूमि एनएचआई को दिया है। वह पटरियों पर दुकान खोल कर जीवनयापन कर सकते है। प्रदर्शन करने वालो में रामनाथ यादव,सुनील यादव,देवेंद्र गुप्ता, शिवशरण, सीताराम, मुनिका, संजू देवी, अमरजीत, इंद्रजीत, हरिशंकर, दिवाकर, सुधाकर, प्रभाकर, लोचन सहित अनेक व्यापारी मौजूद थे।

## आईआईटी जेएएम 2025 परीक्षा परिणाम में दीपांजलि पांडे ने लहराया परचम

**भाटपार रानी देवरिया।** 19 मार्च 2025 की पूर्व संध्या पर एनटीए द्वारा आईआईटी जेएएम 2025 का परिणाम जारी किया गया जिसमे भाटपार रानी के विधानसभा क्षेत्र के सोहनपुर के ग्राम पंडितपुरा निवासी दीपांजलि पाण्डेय पुत्री कृपाशंकर पाण्डेय आईआईटी जेएएम परीक्षा में सफलता पाकर नाम रोशन किया है। दीपांजलि पांडे अभी मदन मोहन मालवीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय भाटपार रानी में बीएससी 6th सेमेस्टर के छात्रा भी हैं, आपने 31.78 अंक AIR (1111) रैंक प्राप्त कर प्रथम प्रयास मे ही सफलता प्राप्त किया हैं पिता डॉ कृपाशंकर, माता गुड़िया देवी सहित पुरे परिवार में हर्ष का माहौल है राकेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि दीपांजलि पांडे मेरी शिष्या है शिक्षा का तरफ उसका शुरू से ही काफी झुकाव रहा है। हम व्यक्तिगत तौर पर एवं संस्था के तरफ से इस शानदार उपलब्धि के लिए दीपांजलि पांडे को विशेष धन्यवाद व बधाई देते हैं।

# महेवा मंडी में एक्सपायरी डेट की बिक रही थी कोल्ड्रिंक, फूड विभाग ने की छापेमारी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम लगातार छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। शिकायत मिल रही थी कि एक्सपायर हो चुकी डेट की कोल्ड ड्रिंक बाजार में बिक रही है। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सुधीर कुमार सिंह ने एक्सपायरी हो चुकी कोल्ड ड्रिंक की जांच के लिए टीम गठित की गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने महेवा मंडी में संदीप ट्रेडर्स के वहां छापेमारी की गई तो वहां से 115 बोतल एक्सपायरी स्प्राइट की कोल्डिंग मिली। जांच को आगे बढ़ते हुए टीम ने लक्ष्मी ट्रेडर्स के वहां छापेमारी की गई तो वहां पर बड़ी संख्या में स्प्राइट पाया गया जो एक्सपायर हो चुके थे हालांकि संदीप ट्रेडर्स कि वहां से शिकायत मिली थी कि फरवरी बैच को मिटाकर अगस्त कर दिया गया था। यह पूरी तरीके से खाद्य सुरक्षा मानकों के विपरीत है इस को लेकर विभाग ने नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधि कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि लक्ष्मी ट्रेडर्स के वहां पर बड़ी मात्रा में एक्सपायरी स्प्राइट की बोतल रखी हुई है उनसे कागजात मांगे जा रहे हैं और आगे की जांच की जा रही है यदि नियम विरुद्ध होगा तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## फूड विभाग की टीम पर अभद्रता करने को लेकर जिला अभिहित अधिकारी सख्त

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जनपद के दादों, सांकरा गांव में मिठाई विक्रेताओं की दूकानों पर एफडीए टीम द्वारा छापा मार कार्यवाही की गई थी। जिसको लेकर दुकानदार एक जुट हो कर टीम के सामने हाथापाई पर उतारू हो गए और हंगामा किया। मुर्दाबाद के नारे लगे। इस घटना को लेकर सहायक आयुक्त खाद डॉ दीनानाथ यादव ने बताया कि मिठाई की दुकान पर जब केक का नमूना भरा गया तो हमारी टीम के साथ अभद्रता की गई। इस घटना को लेकर डॉ दीनानाथ ने बताया कि पास की चौकी से पुलिस को लेकर फिर कार्यवाही की गई और सैंपल लिए गए। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कराई जाएगी। जिसकी तहरीर थाना दादों में दी गई वही डीएम अलीगढ़ को भी अवगत कराया गया है। उनके द्वारा भी शासन को लिखा जायेगा और ऐसे दुकानदारों को बक्शा नहीं जायेगा। इस घटना को लेकर राजनीतिक दबाव भी पड़ रहा है। लेकिन उपायुक्त का कहना है कि हम किसी दवाब में नहीं आएंगे। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। वही दूसरी ओर फूड इंस्पेक्टर पर भी दुकानदारों ने चौथ वसूली का आरोप लगाया है। इस पर डॉ दीनानाथ का कहना है कि यह आरोप गलत है। वहां यह भी उल्लेखनीय हैं कि विभाग नामचीन मिठाई विक्रेताओं के यहां निष्पक्ष होकर कार्यवाही कब करेगी। इस घटना पर उपायुक्त सेकंड डॉ दीनानाथ ने कहा है कि मिलावट खोरी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौथ वसूली के आरोप की जांच कराई जायेगी।

## युवक ने प्रेमिका पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**लालगंज, रायबरेली।** शादीशुदा युवक ने पूर्व प्रेमिका पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला कस्बे से सटे चिमनामऊ मोहल्ले का बताया गया है। जहां के रहने वाले युवक ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि बिंदासिंह का पुरवा की रहने वाली युवती से उसका प्रेम प्रसंग था। काफी समय पूर्व दोनो के बीच आपसी सहमति से कोतवाली में समझौता हुआ था कि अब कोई एक दूसरे से सम्पर्क में नही रहेगा।

## नवागत नायब तहसीलदार ने किया पदभार ग्रहण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश के निर्देश पर रामसूरज प्रसाद को सहजनवां तहसील का नायाब तहसीलदार बनाया गया आज सहजनवां तहसील मुख्यालय में पहुंचे नायब तहसीलदार रामसूरज प्रसाद पदभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने तहसील के अपने अधिनस्थ कर्मचारियों से औपचारिक मुलाकात की और क्षेत्रीय जनों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के निर्बाध क्रियान्वयन तथा पीड़ितों को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय का भरोसा दिलाया कार्यभार संभाले जाने पर दर्जनों की संख्या में क्षेत्र के तहसील के अधिवक्ताओं गणमान्य जनों, राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल और अधिकारियों ने प्रसन्नता जताई है।



## कुएं पर अवैध अतिक्रमण करने का लगाया आरोप

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत सहजनवां वार्ड 4 केशवपुर में स्थित कुआं पर कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है। जिससे वार्ड के लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विरोध करने पर अतिक्रमणकारी गाली गलौज मारपीट पर आमादा है। वार्ड 4 के सभासद लक्ष्मण कुमार ने उपजिलाधिकारी सहजनवा से शिकायत कर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग किया है। इस संदर्भ में एसडीएम दीपक कुमार ने कहा कि लेखपाल और पुलिस को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है।

# 17 अप्रैल से 16 मई तक मण्डल भर में चलेगा ऑपरेशन जागृति फेज-04

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल संगीता सिंह द्वारा 17 अप्रैल से 16 मई तक संचालित होने वाले ऑपरेशन जागृति फेज-04 के सफल क्रियान्वयन के लिए मण्डल के सभी जिला मजिस्ट्रेट, एसएसपी, एसपी एवं संबंधित मण्डलीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन जागृति के लिए लॉन्च गोष्ठी 11 अप्रैल एवं लॉन्चिंग 15 अप्रैल को प्रस्तावित है, इसके लिए सभी जिलों में माइक्रो प्लान एवं अन्य कार्यो के लिए यूनिसेफ की टीम द्वारा प्रत्येक जिले में 02 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम किया जायेगा। जिसमें सभी नोडल अधिकारी को टीम के साथ अपेक्षित सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि यूनिसेफ की टीम द्वारा अलीगढ़ में 25 व 26 मार्च, एटा में 07 व 08 अप्रैल, कासगंज में 20 व 21 अप्रैल को भ्रमण किया जाएगा। कमिश्नर ने ऑपरेशन जागृति फेज-04 के मुख्य बिन्दुओं की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान हिंसा से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को परामर्श व रेफरल सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही उनको हिंसा के प्रति जागरूक किया जाएगा और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रकरणों में लम्बित अनुदान की धनराशि का भुगतान कराया जाएगा। अभियान के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को मोहरा बनाकर झूठे अभियोग दर्ज कराने के दुष्परिणामों से अवगत कराने के साथ ही प्रेम सम्बन्धों के प्रकरणों में कानूनी कार्यवाही एवं अन्य दुष्प्रभावों के बारे में किशोर-किशोरियों एवं अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं व महिलाओं को सोशल मीडिया के जरिये होने वाली साइबर बुलिंग से बचाव के लिए बरतने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाएगा और आम नागरिकों विशेषकर युवाओं के मध्य नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे की लत से दूर रहने के लिए जन-जागरूकता अभियान एवं व्यापक स्तर पर दुष्प्रभावों का प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। विवाहेत्तर सम्बन्धों के मामलों में पारिवारिक समस्याओं के समाधान एवं विवादों का निस्तारण आपसी सहमति से कराने के लिए काउंसलिंग कराई जाएगी। मण्डलायुक्त ने बताया कि नोडल ऑफिसर यूनिसेफ के साथ मिलकर अभियान की कार्य योजना एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर रोस्टर जारी करेंगे। थाना स्तरीय कार्यक्रम के लिए क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष ज्यादा से ज्यादा स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता जिसमें सभी ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, प्रभावशाली व्यक्ति, सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों को शामिल कर कार्यक्रम आयोजित कराएंगे। प्रभारी महिला थाना द्वारा महिला जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, शिक्षाविद व मनोवैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाएगा।

## भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने पार्टी मुख्यालय पहुंच कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा पार्टी मुख्यालय पहुंचे जहां पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने बैठक की। भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष फतेहचंद राजपूत ने कहा पार्टी को हर स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी कर्मठता और तत्परता के साथ जुट जाएं ताकि आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जाए। कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस दौरान पार्टी मुख्यालय पर दुग्ध संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह संकिसा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल राजपूत जिला मंत्री अभिषेक बाथम वढपुर पूर्व मंडल अध्यक्ष शेर सिंह शाक्य युवा मोर्चा जिला मंत्री विक्रांत तिवारी दिनेश शर्मा यश मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा के नेतृत्व में कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा का माला एवं शॉल पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में जिला मंत्री प्रेम पाल सिंह कार्यकारी अध्यक्ष शिवओम द्विवेदी कोषाध्यक्ष करनवेंद्र सिंह महेश चंद्र राजपूत राकेश राजपूत प्रमोद गंगवार जितेंद्र सिंह राठौड़ आशीष कुमार दिग्विजय सिंह यादव रामलड़ैते वर्मा सौरभ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से जंगल के हिंसक जानवर तेंदुए की मृत्यु हो गई। यात्रा के लिए सर्वाधिक सुरक्षित सड़क मार्ग समझे जाने वाले एक्सप्रेस वे पर हिंसक जंगली जानवर की चहल कदमी एवं अज्ञात वाहन से टकराकर उसकी मृत्यु होना लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है। जनपद जालौन की सीमा से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे क्रमांक 335 पर जो कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ता है एक रक्त रंजित तेंदुआ का शव मिलने से लोगों में आश्चर्य व्याप्त है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे ही क्या देश भर के सभी एक्सप्रेसवे सड़क यात्रा के लिए सुरक्षित माने जाते हैं जिस पर किसी आवारा जानवर का पहुंचना असंभव सा होता है। इसके बावजूद जंगल का खूंखार जानवर तेंदुआ एक्सप्रेस वे पर कैसे पहुंच गया और किस वाहन की टक्कर से उसकी मृत्यु हो गई यह प्रश्न बना हुआ है।

## सूचना

सिविल कोर्ट सहारनपुर स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों-एक कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड, फोटोस्टेट शॉप-1, फोटोस्टेट शॉप .2, पान की शॉप .1, पान की शॉप-2 व 1 रेहड़ी दाल मौठ को टैन्ड़र द्वारा उठाने बाबत वित्तीय वर्ष-2025/2026 हेतु दि.26.3.25 को सांय 5 बजे तक सीलबंद टैन्ड़र आमंत्रित हैं टैंडर 27.3.25 को सांय 4:30 बजे ए.ड़ी.आर.भवन में खोले जायेगें इच्छुक निविदाकर्ता नियम,शर्तो, स्थान व समय की बाबत जानकारी नज़ारत के दफ़्तर या कोर्ट के सूचना पट से ले सकते हैं।(प्रकाश तिवारी)अध्यक्ष, नीलामी समिति/अपर जिला जज कक्ष सं-3 स.पुर एवं मा.जनपद न्यायाधीश ,स.पुर के आदेश दि.19/3/25 के अनुपालन में बाह्य कोर्ट देवबन्द स्थित साईकिल/मोटर साईकिल/स्कूटर स्टैण्ड व चाय कैन्टीन वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु नीलामी 27.3.25 को 4:30 बजे देवबन्द कोर्ट के भूतल पर स्थित सभा कक्ष में होगी। सभी बोलीदाता नीलामी के नियम व शर्तो की जानकारी नज़ारत से हासिल कर सकते है

**(अध्यक्ष नीलामी कमेटी) अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश बाह्य न्यायालय देवबन्द**

# सार्वजनिक भूमि से हटवाई गई प्रतिमा

## अवैध निर्माण को भी कराया गया ध्वस्त



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा मंगलसी में सार्वजनिक स्थल हट्टी माई मन्दिर परिसर में सपा नेता पूर्व प्रधान स्व रामचेत यादव की उनके परिजनों द्वारा प्रतिमा की स्थापना कराई जा रही थी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से किया। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार रेशू जैन व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सार्वजनिक स्थल पर हो रहे अतिक्रमण को बुलडोजर की सहायता से हटवाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर गांव के ही एक परिवार का है, जिस पर पूर्व प्रधान ने अवैध रूप से कब्जा करके हट्टी माई मन्दिर के साथ अन्य मन्दिर का निर्माण कराया था। हर वर्ष इस पर भण्डारा आदि किया करते थे। इसका कभी किसी ने विरोध नहीं किया। लेकिन उनकी मौत के बाद जब उनके भतीजे फूलचंद यादव उनकी प्रतिमा मन्दिर परिसर में लगवाने लगे जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। शिकायत पर प्रशासन ने बुलडोजर से मन्दिर परिसर से प्रतिमा को हटवाया और निर्माण को जमींदोज कर दिया। उप जिलाधिकारी सोहावल अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि सार्वजनिक स्थल पर किसी की प्रतिमा नहीं लगाई जा सकती है।

ग्राम मंगलसी में वर्तमान प्रधान सुषमा यादव द्वारा अपने चचिया ससुर स्व रामचेत यादव की आदमकद प्रतिमा चोरी छुपे से मां हट्टी भवानी के मंदिर परिसर में स्थापित करवा दी गई थी। जिस पर गांव के शिव शंकर सिंह, राम कुमार, राम मूरत आदि लगभग 35 लोगों द्वारा तहसील में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसके क्रम के नायब तहसीलदार रौनाही द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया और सार्वजनिक भूमि से प्रतिमा को सुरक्षित हटवा दिया गया और अवैध निर्माण को ध्वस्त करवा दिया गया।

# श्रीराम चिकित्सालय की स्वास्थ्य सुविधाओं को किया जाएगा अपग्रेडः वेद प्रकाश गुप्ता



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीराम चिकित्सालय की स्वास्थ्य सुविधाओं को अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रस्ताव भेजने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया है। विधायक ने गुरुवार को जिला अस्पताल व श्रीराम चिकित्सालय का निरीक्षण किया। एडी हेल्थ डा. एपी भार्गव, सीएमओ डा. सुशील कुमार व प्रभारी सीएमएस डा. राजेश सिंह की उपस्थिति में निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्देश दिया।विधायक ने निर्देश दिया कि इमरजेंसी में आने वाले मरीज को तुरंत भर्ती करके उसका इलाज किया जाय। इसके साथ में तीमारदार से कागजी कार्रवाई होती रहे। कागजी कार्रवाई में किसी का इलाज लेट नहीं होना चाहिए। मरीजों को अस्पताल से दवाएं उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने बताया कि श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या का सबसे महत्वपूर्ण अस्पताल है। श्री रामनगरी आने वाले श्रद्धालु भी यहां इलाज कराने के लिए आते है। भगवान राम की नाम की गरिमा के अनुरुप इस अस्पताल का विकास होना चाहिए। इसके साथ में चिकित्सको व पैरामेडिकल स्टाफ में सेवा का भाव भी हो। इस अस्पताल में जो कुछ भी अपग्रेड करने की आवश्यकता पड़ेगी, उसको किया जाएगा। अस्पताल को अपग्रेड करने के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया गया है।

इसके लिए 15 दिन का समय अधिकारियों को दिया गया है। अस्पताल के पीछे खाली पड़ी जमीन अथवा भवन के द्वितीय तल के निर्माण की आवश्यकता के बारें में अधिकारी प्रस्ताव में जानकारी देंगे। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा।विधायक ने कहा कि 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग को उच्चकोटि करने के संकल्पों के साथ काम किया गया। शिक्षा व स्वास्थ्य को केन्द्रित करती हुए योजनाओं की श्रंखलाएं दी गई। आज स्वास्थ्य विभाग लगातार बेहतर से बेहतर होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि गरीबों निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में मरीजों को मुख्यमंत्री राहत कोष से धनराशि उपलब्ध कराई गयी है।

## अयोध्या के श्रीराम अस्पताल में विवाद

**अयोध्या।** श्रीराम अस्पताल में एक चिकित्सक के खिलाफ व्यापारी नेता और समाजसेवी द्वारा उठाए गए आरोपों ने बीते एक सप्ताह से शहर में हलचल मचा रखी है। चिकित्सक पर आरोप है कि वह मरीजों को बाहर की कमीशन वाली दवाएं लिखते हैं। इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार बहस और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। बुधवार को नगर विधायक ने सोशल मीडिया पर चल रहे इस विवाद को संज्ञान में लेते हुए अपने वैयक्तिक सहायक मोनू बाबू के माध्यम से एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि जब सोशल मीडिया पर इतना हंगामा मचा है तो कोई भी व्यक्ति लिखित शिकायत लेकर उनके पास क्यों नहीं आया? उन्होंने अपील की कि यदि किसी को कोई शिकायत है तो गुरुवार सुबह 11 बजे तक उनके पास पहुंचा दी जाए, ताकि विधायक स्वयं अस्पताल का निरीक्षण कर समाधान निकाल सकें।

## विधायक निधि से नगर क्षेत्र के 20 आंगनबाड़ी केन्द्रों का होगा विकास



**अयोध्या।** नगर क्षेत्र के 20 आंगनबाड़ी केन्द्रों का विकास कराया जाएगा। इसके लिए नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने निधि से धन अवमुक्त करने की घोषणा की है। कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के दौरान विधायक ने इसकी घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर नगर शिक्षा अधिकारी तारकेश्वर पांडेय, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष डॉ अरविंद पाठक, सहित अन्य पदाधिकारियों ने माल्यापर्ण व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया ।अयोध्या विधायक ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। प्राथमिक स्तर पर स्कूलों में शैक्षिक स्तर का विकास किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार ने शिक्षा को अधिक समावेशी और सुलभ बनाया। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में उच्चकोटि के शिक्षकों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। कार्यक्रम को बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम में सरस्वती वंदना व स्वागत गीत कंपोजिट विद्यालय सहादतगंज 2 के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंबिकेश त्रिपाठी ने किया। मौके पर एआरपी योगेश्वर सिंह ,मंत्री प्राणेश रावत कोषाध्यक्ष चरन आधार मौर्य, मीडिया प्रभारी दीप सहाय ,कु तहसीन बानो मीना सिंह,डॉ शशिधर द्विवेदी,शरद श्रीवास्तव,लाल बाबू यादव, कंचन प्रभा,शाहिदा परवीन ,रामानंद मौर्य, रवींद्र विक्रम,अनीता श्रीवास्तव, दिवाकर उपाध्याय, गीता वर्मा, शिल्पी कश्यप, सविता शुक्ला,संगीता पाल, रजनीश पांडेय, शिवम गुप्ता, नगर क्षेत्र के सभी शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षा मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका उपस्थित रहीं।

## व्यावहारिक मनोविज्ञान के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं का स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में शैक्षणिक भ्रमण हुआ। इसमें विभाग के द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर एवं पीजी डिप्लोमा काउंसलिंग एंड गाइडेंस के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। मौके पर साईक्याट्रीक के डा0 उत्कर्ष व डा0 जीतेन्द्र टंडन, काउंसलर एण्ड साइकोथेरेपिस्ट ने मानसिक चिकित्सालय एवं रोगियों से संबंधित जानकारी प्रदान की। वहीं नशा मुक्त केंद्र के डा0 विरेंद्र कुमार ने सभी छात्रों के मन में चल रहे मनोरोगियो से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। इस भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने वहां उपस्थित बायपोलर डिसऑर्डर, शिजोफ्रेनिया और कुछ अवसाद से ग्रसित मनोरोगी से बातचीत की। इसके अलावा उन्होंने कालेज का पूरा भ्रमण किया एवं कालेज के कर्मी से रोगियों के बारे में संक्षिप्त विवरण प्राप्त किया। यह शैक्षणिक भ्रमण व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के समन्वयक प्रो0 अनूप कुमार, शिक्षिका डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी व डॉ सरिता पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## बारह वर्ष की बालिका से होटल में दुष्कर्म, केस दर्ज

**अयोध्या।** नगर कोतवाली क्षेत्र के नाका इलाके में रहने वाली 12 वर्षीय बालिका को बहला-फुसलाकर एक युवक होटल में ले गया और उससे दुष्कर्म किया। आरोपी के चंगुल से छूटकर बालिका घर पहुंची तो परिजनों को आप बीती सुनाई। पुलिस ने - आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की है। मूलरूप से बस्ती जिले की रहने वाली बालिका की मां ने नगर कोतवाली में दर्ज एफआईआर में बताया कि उनके पति प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह लोग नाका क्षेत्र में रहते हैं। बस्ती से बस से आते-जाते उनकी पहचान बस्ती के ही परशुरामपुर निवासी रवि उपाध्याय से हो गई थी। वह बस का परिचालक था और कभी-कभी बस चलाता भी था। मंगलवार सुबह लगभग नौ बजे आरोपी ने उनकी 12 साल की पुत्री को मोबाइल फोन पर मैसेज करके नाका हनुमानगढ़ी के पास बुलाया और उसे बहला-फुसलाकर एक होटल में ले गया, जहां उससे दुष्कर्म किया। काफी देर तक उनकी पुत्री वापस नहीं लौटी तो उन लोगों ने खोजबीन शुरू की। इस बीच लगभग 02:30 बजे दोपहर में उनकी पुत्री घर आई और रो-रो कर अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी।प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। आरोपी के गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है, उसकी तबियत अब सामान्य है।

## एक के विरुद्ध गुंडा एक्ट में कार्यवाही

**मिठौरा (महराजगंज)।** सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के मुजहना बुजुर्ग निवासी आदित्य पटेल पुत्र सुरेश पटेल उम्र के विरुद्ध गुण्डा एक्ट में कार्रवाई की गई है। इनके विरुद्ध सिन्दुरिया थाना पर मुकदमा पहले से ही पंजीकृत हैं। और इनकी गतिविधियों को देखते हुए वृहस्पतिवार को स्थानीय थाना पर गुंडा में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। जिसकी जानकारी थाना प्रभारी अखिलेश कुमार वर्मा ने दी।

# मिल्कीपुर तहसील प्रशासन हुआ बेलगाम

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** क्या समय आ गया जिन गरीब हरिजनों को बसाने के लिए सरकार ने गांव में हरिजन आबादी आरक्षित की, अब उसी आबादी पर हरिजन को आबाद होने से रोका जा रहा है। आखिर हरिजन फिर गांव से निकल कर जाए तो कहां जाए? प्रताड़ना की सारी हदें पार कर चुका यह मामला मिल्कीपुर तहसील के पारा खान ग्राम सभा के कुर्मी का पुरवा का है। गांव की हरिजन आबादी में गायत्री पत्नी हनुमान ने घर बना रखा था। जिसे लेखपाल मनोज चौरसिया ने बुलडोजर लगवा कर गिरवा दिया। पूरी कार्रवाई में पुलिस चौकी कंदईकला की पुलिस मौजूद रही। घर गिराने की कार्रवाई ऐसे की गई जैसे किसी माफिया का सरकारी भूमि से कब्जा हटवाया गया हो। बर्बरता के की गई इस कार्रवाई में दलित महिला लेखपाल के पैर पकड़ कर रोती रही किन्तु निर्दयी लेखपाल का दिल उस गरीब के आंसुओं को देखकर जरा सा भी नहीं पसीजा। पुलिस उसे घसीटती हुई दूर खींच ले गई। यही नहीं पुलिस ने उस खाने में भी मिट्टी डाल दी जिसे गायत्री ने अपने बच्चों की



भूख मिटाने के लिए बनाया था। बच्चे भूख से तड़पते रहे। मान अपना आशियाना जमीदोज होते देखती रही। रोते रोते उसके आंसू सूख गए किन्तु गायत्री को सहारा देने वाला वहां कोई नहीं था। बेचारी गायत्री ने राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्य के सामने गिड़गिड़ायी। उन्होंने डीएम को कार्रवाई के लिए कहा। डीएम ने उसी एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह को जांच सौंप दी जिसके इशारे पर इस क्रूरता भरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अब एसडीएम साहब अपनी गलती को छुपाने के लिए अवैध कब्जा हटाने की बात कहते घूम रहे हैं। मिल्कीपुर क्षेत्र में जहाँ हाल ही में दलित मतों के लिए पूरी सरकार घर घर वोट मांग रही थी आज उसी मिल्कीपुर में हरिजनों के साथ हो रहे सरकारी अफसरशाही को आखिर शासन प्रशासन क्यों नहीं देख रहा है। इस घटना ने तहसील प्रशासन की पूरी कार्रवाई को कटघरे में खड़ा कर दिया है। बड़ा सवाल यह कि क्या एसडीएम ने अवैध निर्माण को गिराने के लिए कोई आदेश पारित किया था। तहसील प्रशासन के नुमाइंदे दबंग लेखपाल ने कितनी बार गायत्री को अवैध कब्जा हटाने के लिए नोटिस दी थी। यदि गायत्री की ओर से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा रहा था तो उसके खिलाफ जुर्माने की भी कार्रवाई की जा सकती थी। सबसे अहम बात तो यह कि उस भूमि से सम्बन्धित मुकदमा सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। गायत्री ने मौके पर न्यायालय के कागजात भी दिखाए थे, तो ऐसे में न्यायालय के आदेश की अवमानना करने का अधिकार एसडीएम व लेखपाल को किसने दे दिया। अब लेखपाल कहता है मुझे मुकदमें की जानकारी नहीं जब कि मौके पर बनी वीडीयो व फोटो में गायत्री कोर्ट के कागजात दिखा रही है। स्थानीय लोगों की बातों पर विश्वास किया जाय तो तहसील प्रशासन की पूरी कार्रवाई प्रायोजित है।

## वन विभाग ने वन माफियाओं के खिलाफ की कार्यवाही, प्रतिबंधित लकड़ी जब्त



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** वन माफियाओं पर वन विभाग ने कसा शिकंजा, पिकअप सहित प्रतिबंधित लकड़ी को किया जब्त। मामला हरख वन रेंज क्षेत्र में इन दिनों वन माफियाओं द्वारा सक्रीयता दिखाते हुए भारी भरकम प्रतिबंधित वृक्षों को काटकर किया जा रहा है। जिसको लेकर पूर्व में भी कई खबरें प्रकाशित की गई है। वही खबरों के प्रकाशन के उपरांत वन विभाग सक्रिय हुआ और गुरुवार को गुलरिहा गांव के निकट वन माफिया द्वारा काटे जा रहे प्रतिबंध आम के वृक्ष को वन विभाग ने पिकअप सहित लकड़ी को जप्त करते हुए बड़ी कार्यवाही की है। वन दरोगा सचिन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित आम के पेड़ को काटकर पिकअप में लादकर लेकर जा रहे थे। तभी वन विभाग की टीम द्वारा वाहन को पकड़ा गया है। जिसे हरख वन विभाग कार्यालय में ले जाकर विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

## आप पार्टी ने केएम अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन कर पार्टी के पूर्व जिला महा सचिव केएम अग्रवाल पूर्व के कार्यो की चर्चा करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी के जिलाध्यक्ष रामकुमार पटेल ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक ही व्यक्ति लेखक पत्रकार समाजसेवी राजनीतिक साथ ही साथ पारिवारिक जिमेदारी को निभाना उनके जैसे कुशल नेतृत्व कर्ता ही कर सकता है।ऐसे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति को खो देने यह एक अपूर्णीय क्षति है इसे कभी पूरा नही किया जा सकता।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामकुमार वर्मा पशुपतिनाथ नाथ गुप्ता डा एसएस पटेल डा एलबी प्रसाद शिवदयाल यादव शिवकुमार चौधरी गुड्डू ठाकुर सुरेश सिंह राधेश्याम, दामोदर गोयल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लखनऊ में महिला की लूट, बलात्कार और हत्या पर बहुजन समाज पार्टी का विरोध

**अयोध्या।** थाना रौनाही के ग्राम अरथर के मजरा अभयराज का पुरा निवासी विनोद कुमार प्रजापति की 32 वर्षीय पत्नी की बीती रात लखनऊ में अपराधियों द्वारा लूट, बलात्कार और हत्या कर दी गई। इस घटना पर बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कड़ी निंदा की है। बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, अयोध्या मंडल के प्रभारी दिलीप कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमल महेंद्र प्रताप, कृष्ण कुमार पासी, रवि प्रकाश मौर्य, प्रदीप भारती, गया शंकर कश्यप, राम गोपाल कोरी, वीरेंद्र कुमार गौतम, मुस्तफा अली, सुरेश कुमार कोरी, विजय वर्मा सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने घटना पर रोष प्रकट किया। पार्टी नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल जहां विश्राम करते हैं और प्रदेश के आला अधिकारी जहां मौजूद रहते हैं।

## गौरैया पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैः आशीष सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** विश्व गौरैया दिवस पर जनपद बाराबंकी के पर्यावरण प्रेमी , रक्तमित्र आशीष सिंह ने पक्षियों के रहने के लिए घोंसले व उनके खाने पीने की व्यवस्था की शुरुआत की। तहसील रामसनेही घाट क्षेत्र के अहमदपुर टोल प्लाजा निकट स्थित ग्राम पूरे अमेठिया में गुरुवार विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर ग्रीन गैंग के जिला प्रभारी पर्यावरण प्रेमी आशीष सिंह ने पक्षियों के लिए घोंसले पेड़ों में टंगवाए व उनके खाने - पीने की व्यवस्था की। गांव के लोगों से घरों में गौरैया घर लगाने के साथ उनके लिए छतों पर पीने के पानी हेतु मिट्टी के बर्तन रखने की अपील की। ग्रीन गैंग/ पर्यावरण सेना के आशीष सिंह ने कहा कि गौरैया पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनकी घटती संख्या से इकोसिस्टम पर बुरा असर पड़ रहा है। गौरैया हाउस और जल के परिंडे लगाने से न सिर्फ इनकी संख्या बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण भी स्वस्थ होगा। घर-आंगन चहकाने वाली गौरैया का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। घर में गौरैया के लिए घोंसला, दाना-पानी की उपलब्धता पुण्य कार्य है। पर्यावरण असंतुलन और आधुनिक तकनीक के दौर में मासूम जीवों का अस्तित्व संकट में न आए, इसके लिए हम सभी प्रयास का संकल्प लें।

## जैदपुर में जल योजना कार्य धीमी, ठेकेदार व कर्मचारी गायब, ग्रामीणों में आक्रोश

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर में हर घर जल योजना की रफ्तार धीमी पड़ गई है। नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड वसी नगर में जल निगम के ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। करीब 6 महीने से चल रहे कार्य में ठेकेदार और कर्मचारी अक्सर गायब रहते हैं। वसीनगर में पाइपलाइन बिछाकर घरों में कनेक्शन तो दे दिया गया, लेकिन टोटियां नहीं लगाई गई। सभासद प्रतिनिधि निजामुद्दीन शाह ने कई बार टोटियां लगाने और जल आपूर्ति शुरू करने की मांग की। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से वार्डवासियों को पानी की समस्या डझेलनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2025 तक प्रदेश के हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। जल निगम के ठेकेदारों की लापरवाही से यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है।मोहल्ला चिकना महल में भी यही स्थिति है। वार्ड मौलवी कटरा के अंतर्गत मोहल्ला आजाद में 4 महीने पहले सभी घरों में कनेक्शन दे दिया गया। लेकिन अभी तक टोटियां नहीं लगी हैं। इससे स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बाधित हो रही है।

## पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता साइकिल रैली का आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय में स्वागत

**पूरा बाजार -अयोध्या।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा साइकिल रैली डॉ शैलेंद्र कुमार वर्मा की अगवाई में निकाली गई पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता रैली विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों से होती हुई पूरा बाजार पहुंची तो आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय पूरा बाजार के प्राचार्य डा नीलमणि सिंह की अगवाई में शिक्षकों एवं छात्रों में रैली का जोरदार स्वागत किया आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलमणि सिंह ने पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता रैली की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज को नई दिशा मिलेगी इस अवसर पर आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ राज प्रताप सिंह डॉ गोपाल श्रीवास्तव डॉ उदय प्रताप सिंह पवन कुमार सिंह ने रैली में शामिल लोगों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला पोषण समिति, एमडीएम एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप पर वजन फीडिंग, सैम बच्चों से संबंधित सूचना, वीएचएसएनडी, एनआरसी प्रगति विवरण, हॉट कुक्ड फूड योजना का संचालन, समुदाय आधारित गतिविधियां, खाद्यान्न वितरण संबंधी सूचना, पूर्व प्राथमिक शिक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने पोषण ट्रैक्टर पर समस्त इंडिकेटर की फीडिंग निर्धारित तिथि तक पूर्ण रूप से कराए जाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मुख्य सेविका, बाल विकास परियोजना अधिकारी को सैम बच्चों के घर गृह भ्रमण कर पोषण परामर्श प्रदान करने से संबंधित निर्देश दिए गए। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हॉट कुक्ड फूड योजना से समस्त लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित किया जाए। बैठक में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के संबंध में चर्चा की गई और अब तक की प्रगति से बैठक को जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि आंगनवाड़ी केंद्र को एक मॉडल केंद्र के साथ साथ पूर्व प्राथमिक शिक्षा के संसाधन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। बैठक में पूर्व प्राथमिक शिक्षा से संबंधित आगामी योजना के बारे में भी चर्चा की गई, जिसके अंतर्गत 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सीखने को ध्यान में रखते हुए स्टैंडर्ड बाला डिजाइन (बिल्डिंग ऐज लर्निंग एड) के क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिए गए। इस मौके पर प्रशिक्षु आईएएस सुश्री काव्या सी सहित स्वास्थ्य विभाग और सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कर एवं राजस्व बैठक में जिलाधिकारी ने वसूली बढ़ाने के दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर, राजस्व संग्रह एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी, राज्य कर, परिवहन, विद्युत देय एवं अलौह खनन वसूली की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुसार कर व राजस्व संग्रह बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी शुल्क एवं मंडी आवक में वृद्धि के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। शहरी निकायों को राजस्व वृद्धि की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सिसवा बाजार चीनी मिल द्वारा शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया।इसके अलावा, जिलाधिकारी ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों, विशेषकर धारा 34 एवं 67 के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। डिजी शक्ति योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप 100त्न स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को समयसीमा में आवेदनों का निस्तारण करने और डाटा फीडिंग कार्य का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। बैठक में सभी एसडीएम, जिला आबकारी अधिकारी अतुल द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, जिला पूर्ति अधिकारी ए.पी. सिंह, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने बांसी थाने का वार्षिक निरीक्षण कर दिये दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**बांसी सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना बांसी का वार्षिक निरीक्षण किया गया तथा थाना कार्यालय के रजिस्टरों के रख रखाव, शस्त्रों की साफ सफाई, मालखाना, थाना प्रांगण का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक बांसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना बांसी का वार्षिक निरीक्षण किया गया, सर्वप्रथम महोदय द्वारा मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, मेस, थाना कार्यालय, बैरिक व थाने के विभिन्न अभिलेखों जैसे सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर एवं मालखाना रजिस्टर व महिला हेल्प डेस्क आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा वाहन चोरी, लूट, नकबजनी, चोरी, महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराध की घटनाओं की रोकथाम एवं हेतु नियमित सघन चेकिंग एवं रूटीन पैदल गश्त, वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों आदि की चेकिंग प्रभावी तरीके व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक को अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करते हुए पूर्णनिष्ठा से निष्पक्ष रूप से कार्यवाही कराते हुये बेहतर परिणाम उपलब्ध कराने हेतु कहा गया। उक्त निरीक्षण के दौरान मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी, प्रभारी निरीक्षक बांसी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गन्ना विकास विभाग की ओर से गोष्ठी का आयोजन कर दी जानकारी






**कम लागत से बेहतर आय अर्जित करने का बताये उपाय**

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के बदलिया में बृहस्पतिवार को गन्ना विकास विभाग की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गन्ना किसानों को बसंत कालीन गन्ने की उन्नतशील प्रजाति की बुवाई पर जोर देते हुए अधिक से अधिक गन्ने का क्षेत्रफल बढ़ाने की अपील की गई।बजाज चीनी मिल रूधौली के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक राजीव शर्मा ने किसानों को गन्ने के खेती से कम लागत से बेहतर आय अर्जित करने के बारे में विस्तार से बताया। जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने बताया कि बसंत कालीन गन्ने की को.शा.17231 प्रजाति का बीज बड के रूप में मंगवाया जा रहा है,जो एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध हो जाएगा। इच्छुक किसान संबंधित गन्ना प्रवेक्षक से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।गन्ना विभाग के योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आधार पौधशाला, प्राथमिक पौधशाला, प्लखट प्रदर्शन में रखा जाता है। बीज वितरण करने पर किसानों को पचास व पच्चीस रुपये प्रति कुंतल व नौ हजार रूपए प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जाता है। गन्ने की तकनीकि खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसान अपने प्लाटों में ड्रिप इरीगेशन का विधि अपना सकते हैं। वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक ने बताया कि बसंत कालीन गन्ने की बुवाई पर चीनी मिल के द्वारा बीस से तीस फीसदी छूट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसका लाभ लेकर किसान अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष संजय सिंह ने गन्ना किसानों का प्रतिनिधित्व करते हुए मिल प्रबंधन को फटकार लगाते हुए कहा कि अभी तक आप लोगों के मनमानी के कारण किसानों का शोषंण किया गया मगर अब यह नहीं चल पाएगी।मिल प्रबंधन को अब अपने आदतों में सुधार लाने की जरूरत है। इस दौरान गन्ना प्रवेक्षक रवि प्रकाश चौधरी, राजेश सिंह,शेष नारायण, गोपी मिश्र, दयाशंकर, नंदलाल शुक्ल, राम सुमिरन,आबिद अली, हितलाल, पुजारी, रामदेव, राम बहादुर आदि उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ प्रारम्भ

**टांडा अम्बेडकरनगर।** 18/03/2025 को माँ तिलेसरा देवी पी श जी श कॉलेज भसड़ा टांडा अंबेडकर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (सात दिवसीय विशेष शिविर) का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य, डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव अध्यक्ष, डॉ0 सुशील कुमार, मुख्य नियंता, कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई), डॉ0अभिषेक पाण्डेय (द्वितीय इकाई) डॉअभिषेक राजभर जी की उपस्थिति में माँ सरस्वती एवं भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0सुधीर श्रीवास्तव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण की एक छोटी इकाई है राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक / स्वयं सेविका इसके अंश है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यरूप पर विस्तृत चर्चा किया तथा यह बताया कि कैसे आप लोग समाज में लोगों का न का उत्तर हाँ में करके एक आईना का काम करेंगे।

# अपहरण व दुष्कर्म मामले में तीन पर केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नियांव गांव निवासिनी ने अपनी नाबालिग पुत्री का अपहरण व आबरु लूट लेने की लिखित शिकायत किया था कि गांव के बगल चोड़ार निवासी चार लोगों ने अपहरण कर कई दिनों तक दुष्कर्म करने के बाद गांव के बाहर छोड़ दिया गया था। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पिता-पुत्र व उसके रिश्तेदार के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।आरोपितों का नाम राहुल चौरसिया पुत्र मनोज चौरसिया, मनोज चौरसिया पुत्र अज्ञात है और दोनों महराजगंज के कोल्हुई थाना क्षेत्र के केशौली के रहने वाले हैं। तीसरा आरोपित रिश्तेदार उपेन्द्र चौरसिया पुत्र अज्ञात शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के चोडार का रहने वाला है। इस संबंध में शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी की मां ने तहरीर देकर बताया कि 21 फरवरी 2025 को मेरी नाबालिग लड़की को चोडार गांव निवासी का रिश्तेदार जो महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र का रहने वाला है अपने रिश्तेदारों की मदद अपहरण कर अपने साथ ले गया। हम परिवार वाले काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला। 28 फरवरी को दिन में दो बजे आरोपित ने मेरी लड़की को मारपीट कर गांव के रास्ते में छोड़ दिया था। जब लड़की से पूछा कि कहां थी तुम, तव उसने बताया कि चार लोगों हमको उठा कर ले गये थे। और मेरा काई दिनों तक आबरु लूटते रहे। किशोरी की मां ने आरोपित युवक व उसके पिता के साथ उसके रिश्तेदारों पर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं नाबालिग लड़की की मां ने बताया कि मुक़दमा में चौथा व्यक्ति का नाम मुक़दमा दर्ज नहीं किया गया है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान प्रदेश का अति महत्वपूर्ण अभियान: उपजिलाधिकारी

## तहसील टास्क फोर्स की बैठक, शासन आदेश का पालन करें



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आगामी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की तैयारी बैठक तहसील टास्क फोर्स की बैठक उप जिला अधिकारी डुमरियागंज डॉक्टर संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आहूत की गई। जिसमें शासन आदेश के अनुसार विभाग बार जिम्मेदारी सौपी गई।

उप जिलाधिकारी ने सभी को आदेशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान बहुत ही प्रदेश का अति महत्वपूर्ण अभियान है इसे सफल बनाने की हम सभी की जिम्मेदारी है इसमें सभी विभाग जुटकर कार्य करेंगे। वही बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर एवं सूर्यदेव सिंह द्वारा फीडबैक पिछले अभियान का देते हुए आगामी 28 अप्रैल तक समस्त बैठक, अभिमुखीकरण सभी विभाग को पूर्ण कर जिले स्तर पर माइक्रो प्लान प्रेषित करने हेतु सुझाव दिया गया।बैठक में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज कार्तिकेय मिश्रा बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय कुमार, निर्भय सिंह अधिशासी अधिकारी महेश श्रीवास्तव ,राजन गुप्ता, आशुतोष सिंह ,अधीक्षक डॉ शैलेंद्र मणि ओझा, डॉ विकास चौधरी डॉ महेंद्र तिवारी, डॉक्टर उपेंद्र कुमार खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार,ए डी ओ पंचायत संजय कुमार ,अजय कुमार ,सप्लाई इंस्पेक्टर मुकेश कुमार,मानीटर राहुल कुमार, नुसरत वीरेंद्र यादव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मानदेय न मिलने पर ग्राम रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कार्यालय शोहरतगढ़ परिसर में बृहस्पतिवार को ग्राम रोजगार वेलफेयर एसोसिएशन ने नौ माह से मानदेय न मिलने से आक्रोशित होकर खण्ड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह को सौंपा ज्ञापन।। रोजगार सेवकों ने खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ को ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि अविलंब सम्पूर्ण मानदेय का भुगतान न होने पर कार्य का बहिष्कार व अंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष विजय दूवे ने कहा की लगातार नौ माह से मानदेय भुगतान न होने से रोजगार सेवकों के समक्ष आर्थिक संकट व भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है साथ ही पिछले तीन माह से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भी भुगतान नहीं हो रहा है। इससे गावो में विकास कार्य के लिए मजदूर नही मिल पा रहे है। जो जाब कार्ड धारक मजदूर मनरेगा के तहत गावो में कार्य किये है वो लोग रोजगार सेवकों के पास बार बार मजदूरी के लिए आते है। वही ब्लॉक के जिम्मेदारों द्वारा विकास कार्य करने का जोर दिया जा रहा है। मजदूरी न मिलने से जाब कार्ड धारक काम पर नही आ रहे है। उन्होंने कहा की यह समस्या ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में है। इसे दूर करने के लिए संगठन के माध्यम से जिम्मेदारों को बार बार अवगत कराने पर भी मानदेय और मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नही हो पर रहा है। जिससे ग्राम रोजगार सेवक और मनरेगा जाब कार्ड धारक मजदूर आर्थिक तंगी से जूझ रहे है। यदि जल्द मानदेय का भुगतान नही हुआ तो कार्य बहिष्कार व आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष विजय दूवे, शिवनारायण साहनी, वीरेंद्र यादव, अनीता चौहान, राजू, सुग्रीव, दीनदयाल, चन्द्रावली, रवि शंकर मिश्रा, राकेश चौधरी, मोहम्मद शमीम, रणजीत, रामपाल, घंश्याम, पार्वती देवी, मीरा देवी आदि लोग मौजूद रहें।

## दुल्हन ने सुसराल जाने से किया इनकार

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुई शादी के बाद दुल्हन ने सारा सामान लेते हुए दूल्हे के घर जाने से इनकार कर दिया। जिससे आहत दूल्हा पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग किया है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवार की बेटियों का हजारों रुपए नगद व सामान देकर विवाह करवाती है । जिसमें वर व कन्या पक्ष के तमाम लोगों की मौजूदगी में शादी होती है और शादी के पश्चात दुल्हन दूल्हे की घर चली जाती है। लेकिन एक ऐसा मामला देखने को आया है जिसमें दुल्हन के ऊपर सामान हडपते हुए पति के घर जाने से इनकार कर दिया है। जिससे अब पीड़ित दूल्हा पुलिस प्रशासन का दरवाजा खटखटा रहा है। यह मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के इस्माइलपुर ताहापुर गांव का है जहां का पीड़ित दूल्हा विशाल ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योजना सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 17 फरवरी को ब्लॉक परिसर जलालपुर में धूमधाम से शादी हुई थी तत्पश्चात दुल्हन सारे सामान व सरकार द्वारा प्रदक धन को लेकर अपने मायके चली गई। मैं उसे बार-बार अपने घर लाने के लिए कह रहा हूं लेकिन वह आने को तैयार नहीं है जबकि यह शादी दोनों पक्षों की सहमति से हुआ था। पीड़ित विशाल ने यह भी बताया कि मैं इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से भी कर चुका हूं और पुलिस से भी किया हूं। पीड़ित दूल्हे ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# इफ्तार पार्टी में नेताओं ने दिया भाईचारे का संदेश

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के विधानसभा शोहरतगढ़ अन्तर्गत नगर पंचायत बढ़नी के बस स्टॉप चौराहे पर एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें एकता और भाईचारे का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मणेन्द्र मिश्रा मशाल, मो0 जावेद खान, शकील शाह, डाक्टर सराफुद्दीन, मसूद खान और गयासुद्दीन के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और यह साबित करते हैं कि हम सब एक हैं। मैं सभी आयोजकों को इस नेक काम के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ, जिन्होंने इस पवित्र महीने में भाईचारे की मिसाल कायम की है। विधायक सैयदा खातून ने कहा कि यह इफ्तार पार्टी सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। मणेन्द्र मिश्रा मशाल ने कहा कि यह इफ्तार पार्टी सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि एकता और भाईचारे का प्रतीक है। हम सभी मिलकर समाज में शान्ति और सद्भावना का सन्देश देना चाहते हैं, ताकि हर दिल में प्रेम और सौहार्द का दीप जले। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष लालजी यादव, प्रदेश सचिव अजय चौधरी, वरिष्ठ सपा नेता मुरलीधर मिश्रा, प्रदेश सचिव राममिलन भारती, जिला महासचिव कमरुज्जमा, कमाल खान, डॉक्टर अमित शर्मा, अतुल शुक्ला, जाकिर हुसैन , हाजी जहीर आलम, कलीम अहमद, अब्दुल कुद्दूश, सलमान हिन्दी,जयकरन प्रसाद गौतम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सभी ने एक साथ रोजा खोला। इस आयोजन ने समाज में एकता और भाईचारे का एक मजबूत संदेश दिया, जो आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण है।

## बाजार करने आये व्यक्ति की मोटरसाइकिल गायब

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन कस्बा में सोमवार को लग रहे साप्ताहिक बाजार में सुपर स्पेलेन्डर मोटर साइकिल अज्ञात चोर उठा ले गये। घटना सोमवार के दिन सप्ताहिक बजार की है। ग्राम नेतवर निवासी नीरज पुत्र दयानंद अपनी मोटर साइकिल यूपी 55 ए डी 3436 लेकर लोटन बजार करने आये और खड़ी कर बाजार में समान खरीदने गये। वापस आये तो देखा मोटर साइकिल गायब है। काफी खोजबीन किये मगर नहीं मिला। नीरज ने लोटन पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है। अभी तक पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं की है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि तहरीर मिला है। जांच चल रही है गाड़ी कहां से गायब हुई है।

## शादी का झांसा देकर युवती को लेकर एक व्यक्ति फरार

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव मे 17वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर व शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना 19 मार्च की है। लड़की की मां ने पुलिस को नामजद तहरीर देते हुए कहां है कि मेरे ही गांव का लड़का मेरी लड़की को सुबह करीब 4बजे घर से भगा ले गया है। मै बहुत इधर उधर खोजी लेकिन पता नही चल रहा है प्रार्थना पत्र दे रही हूं उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। इस सम्बन्ध थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता का कहना है की मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है पुलिस दोनो के तलाश में लगी है।

## नियमानुसार नीलामी में ले सकते है भाग

**सिद्धार्थनगर।** जनपद न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार दीवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर के मुख्यालय परिसर में स्थित साइकिल / वाहन स्टैण्ड, कैन्टीन, फल एवं जूस की दुकान, फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या-01, फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या-02, स्टेशनरी की दुकान, जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान, भूजा की दुकान व पान की दुकान की नीलामी दिनांक-29.03.2025 समय अपराह्न 01:30 बजे दीवानी न्यायालय के सभागार में कराया जाना निश्चित किया गया है। जिस किसी को उक्त नीलामी में भाग लेना हो वह उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नियमानुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं।उक्त आशय की जानकारी अध्यक्ष, नीलामी समिति विशेष न्यायाधीश (पास्को एक्ट) जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर श्री बीरेंद्र कुमार द्वारा दिया गया है।

## यूकेजी के छात्र शाज़ान अब्बास ने सौ प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया

**टांडा अम्बेडकरनगर।** नगर की अग्रणी अंग्रेजी माध्यम की केरल के लोगों द्वारा संचालित शिक्षण संस्था कोस्मोपोलिटन इंग्लिश स्कूल मे आज छात्रों को उनका परीक्षाफल वितरित किया गया परीक्षाफल वितरण के दौरान सभी कक्षाओं मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए चेयरमैन अनूप विजय प्रबंधक सर जॉन पोल व प्रधानाचार्य वैशाख सर ने सभी कक्षाओं के प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा की ज्ञान एक ऐसा मार्ग है जिस मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कभी अपने जीवन मे असफल हो ही नहीं सकता है परीक्षाफल वितरण के दौरान कक्षा यूकेजी के छात्र सैयद शाज़ान अब्बास पुत्र दानिश मेहदी को अपने कक्षा मे प्रथम स्थान पाने पर क्लासटीचर तब्बसुम मैम ने छात्र शाज़ान अब्बास के साथ सेल्फी लेकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान आंनद सर शाशांक सर इरफ़ान सर अलीशान सर सोनी मैम तंज़ीम मैम सहित तमाम अभिभावकगण उपस्थित रहे।




## एसडीएम भानपुर पर लगा आरोप, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता ने जांच के दिए आदेश

**बस्ती।** एक दलित महिला ने भानपुर के एसडीएम आशुतोष तिवारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का दावा है कि एसडीएम ने न केवल उनके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया, बल्कि उन्हें धक्का देकर कार्यालय से बाहर भी निकाल दिया। महिला, जो सकतपुर गांव की निवासी है, अपनी जमीन के विवाद को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रही थी। उसका आरोप है कि जब वह 6 मार्च, 2025 को अपनी शिकायत लेकर एसडीएम भानपुर के कार्यालय गई, तो एसडीएम आशुतोष तिवारी ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। महिला का कहना है कि एसडीएम ने उसे बदतमीज और छोटी जाति जैसे शब्दों से संबोधित किया और उसे धमकी भी दी कि यदि उसने अपनी शिकायत वापस नहीं ली तो उसकी जमीन दूसरों के नाम कर दी जाएगी। महिला ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक बस्ती को भी अपनी शिकायत दी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके विपरीत, तहसील भानपुर के कर्मचारी उसे लगातार बुलाकर प्रताड़ित कर रहे हैं और शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

## रमज़ान व ईद के पर्व को सभी शांति व सदभाव के वातावरण मे मनायें: अपर पुलिस अधीक्षक

**अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या एसडीएम अकबरपुर अरविंद त्रिपाठी के निर्देश पर देर शाम बसखारी थाना क्षेत्र में कस्बा बाजार में किछौछा प्रभारी निरीक्षक सन्त कुमार सिंह निरीक्षक अपराध राजकुमार वर्मा के साथ आगामी रमजान व अलविदा जुम्मे की नमाज त्यौहार को शांति पूर्वक करवाने के लिए पैदल गश्त कर भ्रमण कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया की बसखारी पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह लोगों से की गई अपील की शांति पूर्वक रमजान ईद का त्यौहार मनाएंगे त्यौहार में हुड़दंग न हो वरना होगी कड़ी कार्रवाई वही प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार ने कस्बा चौराहा पर जहां मौजूद लोगों का हाल-चाल पूछा यदि किसी को समस्या हो तो तत्काल हमको अवगत कराएंगे या अपने थाने के प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह को यह हल्का प्रभारी को वही प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह ने जहां मौजूद लोगों से कहा कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति दिखाई पड़ता है तत्काल हमको फोन करें या चौकी प्रभारी को इस दौरान अपराध निरीक्षक राजकुमार वर्मा उप निरीक्षक प्रेम सिंह बृजेश यादव आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।



## शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोतस्व का हुआ आयोजन

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा क्षेत्र जलालपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटघर मूसा में बुधवार को शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी सिंह व विशिष्ट अतिथि जलालपुर शिक्षा संघ अध्यक्ष शैलेश कुमार श्रीवास्तव रहे। ग्राम प्रधान मोहम्मद आलम ने विद्यालय परिवार की तरफ से पुष्प गुच्छ देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि मीनाक्षी सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कटघर मूसा में आयोजित वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत गीत से किया गया। विद्यालय की छात्रा साक्षी, नंदनी, निधि, मानसी, सिमरन, सुदीक्षा, अनंया ,अनुष्का व आयशा आदि ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, भक्ति गीत, देशभक्ति गीत, भाषण के साथ ही अन्य कई प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि रहीं श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में शिक्षा बहुत जरुरी है

## मकान निर्माण में अवैध हस्तक्षेप, पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से लगाई गुहार

**पट्टी, प्रतापगढ़ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के पट्टी तहसील के महोखरी गाँव में एक मकान निर्माण के दौरान अवैध हस्तक्षेप का मामला सामने आया है। पीड़ित श्याम शंकर पाठक ने उपजिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गाँव के ही शेषनाथ नामक व्यक्ति ने उनके पुस्तैनी मकान के निर्माण कार्य में जबरन बाधा डाली है। श्याम शंकर पाठक के अनुसार, उनका पुस्तैनी मकान काफी जर्जर अवस्था में था, जिसके चलते उन्होंने उसका पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया। जब उन्होंने मकान की नींव पर दीवार खड़ी करके छत डालने का काम शुरू किया, तो शेषनाथ ने बिना किसी अधिकार के अवैध रूप से हस्तक्षेप किया और काम को रुकवा दिया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इस घटना की सूचना संबंधित तहसील के उच्चाधिकारियों और स्थानीय थाने को भी दी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्याम शंकर पाठक ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और शेषनाथ के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें, ताकि वे शांतिपूर्वक अपने मकान का निर्माण कार्य पूरा कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि यह हस्तक्षेप उनके पुस्तैनी अधिकारों का उल्लंघन है। पीड़ित श्याम शंकर पाठक ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की हैं जिससे उनके मकान का छत लग सके। हालांकि उपजिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्र पर प्रभारी निरीक्षक पट्टी को आदेशित किया है कि मौके पर जा कर भौतिक एवं अभिलेखीय परीक्षण किया जाए और शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए अवैध हस्तक्षेप को रोका जाए। अब देखना यह है कि उपजिलाधिकारी के आदेश को प्रभारी निरीक्षक पट्टी कितनी गंभीरता से लेते हैं और इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।





## बसपा के निर्वाचन जिलाध्यक्ष का छावनी में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**छावनी अवधनामा संवाददाता।** छावनी के राम जानकी तिराहे पर गुरुवार को लखनऊ से अपने गृह जनपद के आगमन पर बस्ती जिले के बसपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम का बसपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला से स्वागत किया अनिल कुमार गौतम को बसपा ने युवा होने के चलते ये बड़ी जिम्मेदारी दिया गया अनिल कुमार गौतम ने कहा 2027 में विधानसभा चुनाव पर बस्ती के पांचो विधानसभा से बसपा चुनाव जीत कर प्रदेश में बहुमत में आकर बहन सुश्री मायावती को मुख्यमंत्री बनाया जायेगा बसपा के कार्यकर्ता बूथ से लेकर सेक्टर, ब्लॉक तथा विधानसभा को मजबूती देने में जुट जाय स्वागत करने वालों में शिव कुमार ,शिव गणेश, राम कुमार, अनिल आजाद, बृजेश कुमार, नन्दकुमार, कृपा शंकर, प्रदीप कुमार, अश्वनी, रंजीत कुमार व राम पाल आदि मौजूद रहे।

## दुनिया मे जन्म लेने वाले को मौत का मज़ा चखना लाज़मी

**अंबेडकरनगर।** जनपद अंबेडकरनगर के थाना सम्मनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रुस्तमपुर अशरफ पट्टी के पुरवा गांव में 19 मार्च को रात में 8 बजे सैयद मेहंदी हसन उर्फ एजाज हुसैन की फातेहा की मजलिस उनके घर पर हुई। मजलिस में अंबेडकर नगर जिले के बहुत भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। मजलिस को खिताब करते हुए इमामे जुमा मछली गांव मौलाना सैयद नूरुल हसन ने कहा है जो भी दुनिया में आया है उसे एक ना एक दिन अल्लाह की बारगाह में वापस जाना है, इसमें हर मसलक के लोग शामिल हैं।

## धर्म और राजनीति

इस समय देश में सनातन और धर्म को लेकर देश का वातावरण कुछ बिगड़ा हुआ दिख रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनो अपनी अपनी तरह से वातावरण को बोझिल किये हुये है। धर्म तो अन्तरिक आस्था है जो निजी पूजा अर्चना तक रहता रहे तो बेहतर होता है। सम्मिलित रूप से मेला त्यौहार भाई चारा की भावना से मनाया जाना चाहिये। इसे किसी दूसरे समुदाय की निशाना या नीचा दिखाने के लिये नहीं मनाया जाना चाहिये। ऐसा होने पर सम्भल, नागपुर जैसी घटनाये बनती है। कुछ लोगो में हुल्लडबाजी एक मानसिक विकार होता है जो मेला और आयोजनों को दूषित करते रहते है। इससे उन्हें दानवी सुख मिलता है। हुल्लड़बाजी के चपेट शान्त और गम्भीर लोग ज्यादा आते है, क्योंकि हुल्लड़ बाज वातावरण बिगाड़ कर इस किनारे हो जाते है। राजनीतिक दल वोट के चक्कर में न चाहते हुये भी इसमें फंस जाते है। पर इससे देश और समाज का समजस्य बिगड़ जाता है और विकास की राह गायब हो जाती है। तकनीक के युग में धर्म में इतना रूढवादी होना आश्चर्य पैदा करता है। कब्र में दबी चीजों का उखाडकर पागलपन और धर्मान्धता का माहौल पैदा कर एक दूसरे का दुश्मन बन जाना, जान लेवा हमला करना, आग लगाना जैसे कुकर्म को अन्जाम देने लगता है।

ताज्जुब होता है सैकड़ों हजारों साल पहले पैदा हुये लोगो को लेकर उनके शासनकाल को लेक इतना अक्रोश पैदा हो जाता है कि सामाजिक मूल्य और उपलब्धियों जिस उन्नति का दर्जा दिया जाता है सब घूल में मिल जाते है। औरंगजेब रहे या न रहे क्या फर्क पड़ता है। मुगलो के काल में अइयाशिया चर्म पर थी। उनमें जब लड़का जवान होने लगता था, सेक्सुअल गतिविधियो या अपराध करता था तो उसे उसके जवान होने के सबूत होने को लेकर जश्न मनाया जाता था। राजाओं के हरम नजनीनों से भरे रहते थे। लोग राजाओं और नवाबों को खुश करने के लिये लड़कियों को खरीद कर लूट कर उनको भेट करते थे बदले में इनाम या सहूलियतें के हकदार बनते थे। आदमी और समाज जैसे जैसे उन्नति करते है सुशिक्षित और सभ्य बनते जाते है, जागरूक नागरिक बन परिवार, समाज और देंश के बेहतरी के बायस बनते है। पर इस समय देखा जा रहा है संकीर्ण स्वार्थ हावी है। भूल जाते है अपने बाल बच्चों को भी इसी तरह के वातावरण में रहना पड़ता है और उनमें भी विकृतियां आती है घृणित हादसो के शिकार होते है। इतिहास पढिये कितने सेंक्ससुअल गतिविधियो या अपराध करता था तो उसे उसके जवान होने के सबूत होने को लेकर जश्न मनाया जाता था। राजाओं के हरम नजनीनों से भरे रहते थे। लोग राजाओं और नवाबों को खुश करने के लिये लड़कियों को खरीद कर लूटकर उनको भेट करते थे बदले में इनाम या सहूलियतें के हकदार बनते थे। आदमी और समाज जैसे जैसे उन्नति करते है सुशिक्षित और सभ्य बनते जाते है, जागरूक नागरिक बन परिवार, समाज और देश के बेहतरी के बयास बनते है। पर इस समय देखा जा रहा है संकीर्ण स्वार्थ हाबी है। भूल जाते है अपने बाल बच्चों को भी इसी तरह के वातावरण में रहना पड़ता है और उनमें भी विकृतियां आती है घृणित हादसो के शिकार होते है। इतिहास पढिये कितने संक्सुअल अपराध से पन्ने भरे रहते है। सरकार सामाजिक संस्थाओं, पुलिस और प्रशासन सभी को मिलकर हालात को सुधारना पड़ेगा। तभी सफ्लता मिलेगी। यह याद रखना है हर अपराध की जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन पर छोड़ का मुक्त नहीं हुआ जा सकता। कब्र से किसी शांहशाह को बाहर निकाल कर उस पर हंगामा करना मारधाड़ करना, समाजिक परिदृश्य खुनी बनाना कहां की प्रतिबद्धता है। अब तक कितने शांहशाह और नवाब हुये है सभी को बाहर निकाल कर हंगामा करेगे तो देश और समाज कहां जायेगा। हमारे बच्चों पर इनका क्या असर पड़ेगा। पुलिस और प्रशासन को मुस्तैदी बढ़ानी होगी। राजनीति दलों को झंकना होगा उनके तौर तरीके समाज को कहां ले जा रहा है। राजनीति और वोट राजनीतिक दल और सरकार का एक पहलू है। उनकी नीतियां, उपलब्धियां इस तरह से आंकी जायेगी की समाज और देश किस रफ्तार से सभी तरह के कल्याण के लिये बढ़ रही है। हमारे कुछ नेता बहुत प्रबुद्ध और कल्याणकारी भावनाओं से भरे हुये है। पर कभी कभी अतिरेक में कुछ ऐसे कदम उठा लेते है जो उनके व्यक्त्वि और कार्यकलापों के विपरीत हो जाते है। माननीय उदाहरण होते है उन्हें सचेत रहना चाहिये। स्थापित सत्यों के अनुरूप चलना चाहिये। नेता हमारे बहुत पुबृद्ध है संसार मान रहा है। देश आगे बढ रहा है यह सत्य है।

## इंसानी साँसों की कीमत पर विकास

अपने विकास की क्रमिक उन्नति में मनुष्य ने जितने भी अविष्कार और विकास के कार्य किए हैं सब के सब प्रकृति एवं पर्यावरण के विरोध में ही रहे हैं। भोजन पकाने हेतु जंगल से लकड़ी काटकर धूंआ पैदा करने का काम भी मनुष्य ने ही किया है। इसी क्रम में सबसे बड़ा नुकसान पर्यावरण को औद्योगिकरण की नीति ने किया है,बड़े बड़े उद्योगों से निकलने वाले वैश्विक स्तर पर प्रदूषित वायु अपशिष्ट पदार्थों के साथ नदियों तथा समुंदर में विषैले अपशिष्ट को छोड़ने से शुद्ध जल विषैला होकर जीव जंतुओं को नष्ट करते आ रहा है। इसके पश्चात प्राकृतिक रूप से भी बाढ़, ज्वालामुखी ने प्रकृति तथा पर्यावरण को नष्ट करने का काम बखूबी किया है, पर मानव जाति ने अपने आराम तथा सुविधा के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार और परिवहन के लिए ट्रक और डीजल एवं कोयले से चलने वाली लोकोमोटिव ने प्रकृति तथा पर्यावरण को को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्लास्टिक तथा पॉलीथिन के अविष्कार ने मानव तथा जीव जंतुओं को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई है। क्योंकि पॉलिथीन एक ऐसा पदार्थ है जो अत्यंत ज्वलनशील होने के साथ-साथ नष्ट ना होने वाला पदार्थ है जो मनुष्य के साथ जीव जंतुओं के लिए सर्वाधिक नुकसानदायक साबित हो रहा है। इसके अलावा घरों कार्यालयों और कारखानों में लगाए जाने वाले वातानुकूलित यंत्रों से निकलने वाले वायु प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग बहुत तेजी से बढ़ते जा रही है जो मानव जाति के लिए खुद नुकसानदेह है, किंतु मानव ही पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है। शुद्ध वायु, जल मनुष्य तथा पृथ्वी पर निवास कर रहे जीव जंतुओं तथा हमारी वनों से आच्छादित प्यारी धरती के लिए अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण की असुरक्षा से धरती असुरक्षित नदियां, असुरक्षित और धरती, जलवायु की असुरक्षा होने से जीव जंतु और मानव जाति का जीवन भी असुरक्षित हो जाएगा,।हमें इन परिस्थितियों में पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिक सुरक्षा मानकर इसकी हर संभव शुद्धता एवं परिष्करण पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा। पर्यावरण से आशय पर यानी मतलब चारों तरफ, और वरण का मतलब ढका हुआ माना गया है। पर्यावरण विदों के अनुसार पर्यावरण का मतलब उस अवस्था से है जो किसी जंतु, प्रकृति और मनुष्य को चारों ओर से ढक कर उसे अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। हम सदैव पर्यावरण को प्रकृति से जोड़कर ही देखते हैं। इसीलिए मानव जीव जंतु वृक्ष सभी को स्वस्थ जीवन देने के लिए एक परिष्कृत पर्यावरण के वातावरण की निरंतर महत्वपूर्ण उपस्थिति आवश्यक होती है,किंतु जब वायु ,जल तथा प्रकृति में प्राकृतिक अथवा मानवीय अवांछनीय कार्यों से कुछ ऐसे तत्व वातावरण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारी प्रकृति, हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने लगता है और माननीय जीवन प्रकृति के साथ नष्ट होने की कगार पर खड़ा होने लगा है। प्रगति और वातावरण यानी की पर्यावरण ने हमें सब कुछ दिया है, स्वच्छ हवा से हमें ऊर्जा,स्वच्छ जल और नवजीवन की उत्प्रेरणा प्राप्त होती है। भोपाल में मिक नामक गैस रिसाव से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाने से हजारों लोगों की मृत्यु एवं उसके पश्चात शरीर में अनेक बीमारियों को जन्म दिया, जिस की विभीषिका आज भी भोपाल वासी झेल रहे हैं।



संजीव ठाकुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**जलवायु परिवर्तन से निपटने में वन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वे व्यापक कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं जो प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। यह तंत्र वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने और ग्रीनहाउस गैसों एवं ओजोन को नुकसान के स्तर को कम करने में सहायता करता है। इसके विपरीत, वनों की कटाई से संग्रहित कार्बन वापस वायुमंडल में चला जाता है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग और भी बदतर हो जाती है।**

# वन-संस्कृति को अक्षुण्ण रखना बड़ी चुनौती

भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में वनों का सर्वाधिक महत्व रहा है, वन ऑक्सीजन, भोजन, ईंधन, दवाइयां, सुगंध, कागज़, और कपड़े और कई तरह की चीज़ें देते हैं। वन जहां वैश्विक तापमान को बनाए रखने में मदद करते हैं वहीं वर्षा को नियंत्रित करते हैं। वन भूमि कटाव और बाढ़ पर नियंत्रण रखते हैं तो प्रदूषण को नियंत्रित करते हैं। वन जहां सूखे को नियंत्रित करते हैं वहीं वे कई तरह के जीवों के लिए प्राकृतिक आवास एवं वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए जीन कोष का काम करते हैं। हमारी संस्कृति में जो सुन्दरतम और श्रेष्ठतम है, उसका उद्भव इन्हीं वनों में हुआ है। वन जीवन-ऊर्जा के स्रोत एवं गति के माध्यम है। हमारे संस्कारों पर नन्दनवन के सौंदर्य और माता सीता के कारण अशोक वन के करुणापूर्ण वातावरण की छाप लगी हुई है और वृन्दावन में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम आच्छादित है। हालांकि, आधुनिक युग में लोभ, लालच एवं संवेदनहीनता से वनों की कटाई तेज़ी से बढ़ गई है, इससे प्रदूषण, मिट्टी का कटाव और जलवायु परिवर्तन जैसी कई जटिल एवं विनाशकारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। वनों की कटाई से वनों पर निर्भर लोगों एवं वन्य जीवों का जीवन खतरे में है, इनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। वृक्षों की नीली छटा के लिए जो प्रेम था, जो शक्ति थी, जो जीवन था, वह कम न हो इसी उद्देश्य से विश्व वानिकी दिवस हर साल 21 मार्च को मनाया जाता है। 2012 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वानिकी के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और जागरूकता फैलाने के लिए इस दिन की स्थापना की। वनों के महत्व और पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम है 'वन और खाद्य पदार्थ', जो खाद्य प्रणालियों में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान आकर्षित करता है। इसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना है। भोजन प्रदान करने के अलावा, वन स्वस्थ मिट्टी को बनाए रखते हुए और जल स्रोतों की रक्षा करते हुए ईंधन, आय और रोजगार भी प्रदान करते हैं। इस वर्ष की थीम विश्व की बड़ी शक्तियों एवं नीति निर्माताओं से जलवायु परिवर्तन के केंद्र में वनों को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनाने का आग्रह करती है।



ललित गर्ग

विश्व वानिकी दिवस का संदेश वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए वनों की सुरक्षा और देखरेख का आह्वान करता है, वनों के संरक्षण के लिये कदम उठाने और सकारात्मक प्रभाव पैदा करने का सुझाव देती है। यह आशा और आशावाद की भावना व्यक्त करता है, लाभकारी परिवर्तन की क्षमता को रेखांकित करता है। इसमें वन संरक्षण के पारिस्थितिक, सामाजिक और आर्थिक पहलू शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन

**अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस**




से निपटने में वन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वे व्यापक कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं जो प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। यह तंत्र वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने और ग्रीनहाउस गैसों एवं ओजोन को नुकसान के स्तर को कम करने में सहायता करता है। इसके विपरीत, वनों की कटाई से संग्रहित कार्बन वापस वायुमंडल में चला जाता है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग और भी बदतर हो जाती है। इसलिए, जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए वनों की रक्षा और उन्हें बहाल करना बहुत जरूरी है। वन पौधों और जानवरों की आश्चर्यजनक विविधता का घर हैं, जो पृथ्वी की स्थलीय जैव विविधता का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। वे सूक्ष्म कवक से लेकर बड़े स्तनधारियों तक कई जीवों के लिए आवश्यक आवास प्रदान करते हैं। वनों के लुप्त होने से आवास विखंडन और प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ रहा है और पारिस्थितिकी तंत्र की लचीलापन कम हो रहा है। वन केवल लकड़ी के स्रोत नहीं हैं, वे भोजन और पोषण के महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। वन मानव अस्तित्व और पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

विश्व वानिकी दिवस इस बात की प्रबल याद दिलाता है कि हमारे ग्रह का स्वास्थ्य और कल्याण हमारे वनों की भलाई से निकटता से जुड़ा हुआ है। वन संरक्षण केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है, यह एक सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक आवश्यकता है। वनों के विविध महत्व को स्वीकार करके और उनकी सुरक्षा के लिए एकीकृत कार्रवाई करके, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। हमें अपनी वन-प्रधान संस्कृति की ओर अभिमुख होना चाहिए। जब तक समस्त जीवन को एक रूप में देखने की कला हम फिर से नहीं सीखेंगे तब तक हममें न राष्ट्रीय आत्मविश्वास आयेगा, न पर्यावरण चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे और न इस भयंकर परिस्थिति से पार उतरने की शक्ति आयेगी। भारत में कभी भी अन्न की कमी नहीं थी। भूतकाल में भारत धान्य और धन से समृद्ध था। आज अन्न न्यूनता हमारे सामने तांडव कर रही है। जो धरा अभी तक 'सजलां सफलां शस्य श्यामलां' थी, वह क्षीण एवं बंजर होती जा रही है। वन का मानव जीवन से गहरा अन्तर्सबंध है। क्योंकि वन है तो वृक्ष है। वृक्ष ही जल हैं, जल रोटी है और रोटी ही जीवन है, यह बड़ा सत्य है। आज सभी भारतीय हृदयों में लोभ से असन्तोष उभरा है। क्योंकि हमारे खाने को अन्न नहीं। हमारे पास अन्न नहीं है; क्योंकि पानी संग्रह करने की पुरानी पद्धति हम हस्तगत नहीं कर सके। हमारे पास पानी नहीं है, वर्षा अनिश्चित है; क्योंकि हम तरु-महिमा भूल गये हैं। हजारों वर्षों तक हम जीवित रहे; क्योंकि हम वन-विहारी लोग थे, लेकिन आज हमारी दृष्टि संकुचित हो गई। वृक्षों को हम काटने लगे। वृक्षारोपण आज एक फैशन बन गया है, परन्तु उसमें जो धार्मिक श्रद्धा का तत्त्व था, वह चला गया। हमारी सारी संस्कृति वन-प्रधान है। ऋग्वेद, जो हमारी सनातन शक्ति का मूल है, वन-देवियों की अर्चना करता है। मनुस्मृति में वृक्ष-काटने को बड़ा पाप माना गया है। तालाबों, नदियों, सड़कों या सीमा के पास वृक्षों को काटना बड़ा गम्भीर अपराध था। उसके लिए दण्ड का भी बड़ा कड़ा प्रावधान रहता था, आज भी है। लेकिन आज कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो रही है।

वनों के परिपार्श्व में ही अनेक ऋषियों ने कठोर साधना की है, बुद्ध भगवान् को वटवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। वेदों में पर्वतों और नदियों, मेघों के गर्जन और बिजली की कड़क, भयानक प्रचण्ड वायु, प्रभात सुषमा, शीतल झरने, वृक्ष और वनों का वर्णन आता है। रामायण और महाभारत के घटनास्थल बहुधा वनों में ही हैं। महाभारत में खाण्डव वन के जलने का उल्लेख है और रामायण में पंचवटी वन की रमणीयता का वर्णन किया गया है। पुराणों में वृक्षों के महात्म्य, वृक्षारोपण के पुण्य और वृक्ष काटने के पाप के सम्बन्ध में बहुत कुछ कहा गया है।

# विकसित रेल-विकसित भारत 'विश्व स्तरीय' से 'श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ'

भारतीय रेलवे, भारत की विकास कहानी का क्राउचिंग टाइगर, दुनिया की सबसे उल्लेखनीय और कम चर्चित कहानियों में से एक है कि कैसे बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश राष्ट्रीय विकास के लिए प्रभावशाली लाभांश हो सकता है। पिछले दशक (2014-2024) के दौरान भारतीय रेलवे ने जो प्रगति की है, वह विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है, और यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है। इसके संदर्भ में, भारत की कहानी को क्या अलग बनाता है और इसे विकास के लिए समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाता है? मुख्य बात एक सार्वजनिक नीति दृष्टिकोण था जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना भारत के साथ और भारत के लिए बनाई गई है।



एम. जमशेद

इसका मतलब यह चिन्हित करना था कि यह प्रणाली आम आदमी के लिए रेलवे के रूप में अपनी आवश्यक भूमिका में विश्व स्तरीय और किफायती बनी रहनी चाहिए, साथ ही भारत के 22.4 मिलियन लोगों के दैनिक प्रयासों के साथ-साथ, जो अपने आर्थिक जीवन के एक हिस्से के रूप में इस सेवा का उपयोग करते हैं - और यह कि इसे एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए जो भारत के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती है।



इसके लिए व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता थी। अतीत में रेलवे अपनी धीमी विकास दर, आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे की क्षमता संतृप्ति आदि के लिए आलोचना के घेरे में आया था। यह अभी भी उन लोगों से आता है जो पर्याप्त ज्ञान के बिना जानकारी प्राप्त किए पुरानी मानसिकता से चिपके हुए हैं जैसे कि नेटवर्क विकास की अक्सर 1950 के बाद से केवल 68000 किमी तक क्रमिक वृद्धि के लिए आलोचना की जाती है, बिना यह जाने कि लाइन क्षमता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बढोतरी ट्रैक किलोमीटर की है जो आज 132000 किमी से अधिक हो गई है।

पिछले दशक के साथ इसके प्रदर्शन की दस साल की व्यापक तुलना इस बात को साबित करती है। 2014-2024 के दौरान, 2004-2014 के 14900 की तुलना में कुल 31000 किलोमीटर नये ट्रैक की स्थापना की गई है। इसी तरह कुल संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन यानी 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया तथा भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। इसके साथ ही विद्युतीकरण के फलस्वरूप कार्बन फुटप्रिंट पर बचत 5188 किलोमीटर की तुलना में 44000 किलामीटर से अधिक हो गई है। पिछले दशक में शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया है और कोचों का निर्माण 32000 से बढ़कर 54000 हो गया। भारतीय रेल ने उत्पादकता और प्रदर्शन के सभी मापदंडों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

प्रशासनिक व्यवस्था में प्रमुख सुधार मुख्य बजट के साथ रेलवे बजट के विलय के साथ आया, जिसे स्टीम एज माइंड सेट वाले कई बूमर्स अभी भी बिना किसी स्पष्ट कारण के याद करते हैं।

रेलवे को वित्तीय कमी के कारण संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण स्वीकृत परियोजनाओं की बड़ी संख्या में लंबित थी, लेकिन पिछले दशक में जीबीएस में 8.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि पिछले दस वर्षों में यह केवल 1.56 लाख करोड़ रुपये था।

रेलवे जल्द ही श्रीनगर के लिए अपनी पहली ट्रेन चलाएगा, घाटी में सफर के लिए ट्रैक का निर्माण पूरा हो चुका है, इस रेल मार्ग में सबसे ऊंचे पुलों और विशाल पहाड़ों पर नेटवर्क को जोड़ने वाली सबसे लंबी रेल सुरंगों का निर्माण हो चुका है। भारतीय रेलवे अपनी निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए 100त्न विद्युतीकरण को प्राप्त करने वाला पहला प्रमुख रेलवे बनने वाला है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी आएगी।

रेलवे नेटवर्क में टक्कर रोधी कवच का उपयोग भी यातायात रेलवे प्रणाली में सबसे बड़ा है। भारत मे संचालित रेलगाड़ियां भी 'विश्व स्तरीय' से आगे निकल रही हैं। भारतीय रेलवे ने घरेलू आवश्यकताओं के साथ उन्नत वैश्विक तकनीकों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया है, जिसका लक्ष्य संरक्षित, तेज, स्वच्छ और अधिक आरामदायक रेलगाड़ियां बनाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय रेल सभी के लिए आसानी से उपलब्ध हो सके।

भारतीय रेलवे अपने अनूठे बिजनेस मॉडल के साथ अपने माल ढुलाई राजस्व से यात्री परिहवन के मद के घाटे को वहन करती है और फिर भी लाभदायक बनी रहती है। प्रमुख विकसित रेलवे प्रणालियाँ या तो निजीकरण कर दी गई हैं और उच्च टैरिफ तय करने के लिए स्वतंत्र हैं या अपने घाटे के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं, इसके विपरीत भारतीय रेलवे अपने सभी परिचालन और कार्य व्यय का ध्यान रखती है और अपने कैपेक्स के लिए सकल बजटीय सहायता प्राप्त करती है। अन्य साधनों से कड़ी प्रतिस्पर्धा और उत्पन मांग पर निर्भर होने के बावजूद, इसके राजस्व सृजन लक्ष्य साल दर साल रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज करते हुए सफलतापूर्वक हासिल किए जा रहे हैं।

यह बात उन बुमर्स और 90 के दशक के बच्चों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है जो भारत में एक साधारण युग को याद करते हैं। ÷निर्यात गुणवत्ता÷ का लेबल लगाने वाली किसी भी चीज़ की कीमत प्रीमियम हुआ करती थी, जबकि सबसे अच्छे उत्पाद - जिन्हें विश्व स्तरीय कहा जाता था - वे यूरोप और अमेरिका के समृद्ध देशों के लिए आरक्षित थे। भारतीयों को अक्सर कुछ गलत सामाजिक-आर्थिक सोच की आड़ में घटिया सामान या सेवाएँ प्रदान की जाती थीं। पीढ़ियों को भारतीय रेलवे जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए भी अपनी अपेक्षाएँ कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालाँकि, 2014 के बाद सरकार के फोकस ने विकास और बुनियादी ढाँचे के निर्माण के प्रति एक दृढ़ प्रगतिशील और प्रेरक दृष्टिकोण अपनाया है। आधुनिक भारत एक ऐसे राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर का हकदार है जो नवाचार की कमी और रूढ़िवादी अंतर्मुखी एजेंडे से मुक्त हो। यह प्रगति आवश्यक रेलवे घटकों के लिए उच्च स्तर के स्थानीयकरण को बनाए रखते हुए और विनिर्माण सुविधाओं को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाते हुए हासिल की गई है।

# विपक्ष को एकजुट करनेवाले लोहिया की जरूरत

रामस्वरूप मंत्री

**लोहिया के व्यक्तित्व को भी उनके कर्म, सृजन और संकल्प के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनके मन में भी शायद यही विचार रहा होगा। इसीलिए उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का बुत या स्मारक उसके मरने के तीन सौ साल बाद बनाया जाना चाहिए जब उसके काम का पूर्वाग्रह-रहित मूल्यांकन होने लगता है और वक्ती ख्याति की धुंध छंट जाती है। जब उन्होंने कहा कि लोग मुझे समझेंगे जरूर लेकिन मेरे मरने के बाद तो भी उनके मन में यही विचार रहा होगा कि उनके काम का मूल्यांकन आने वाली पीढ़ियां करेंगी।**

'जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं।' गैर-कांग्रेसवाद के जनक और समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया का यह कथन आज की सरकारों के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है जितना 1960 के दशक में जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की सरकारों के लिए था।उस समय की कांग्रेस पार्टी का एकाधिकार समाप्त करने और उसके कारण समाज में फैल रही बुराइयों को खत्म करने के लिए गैर-कांग्रेसवाद का आह्वान किया था तो आज अगर वे होते तो निश्चित तौर पर गैर-भाजपावाद का आह्वान करते। दुर्भाग्य की बात यही है उनके तमाम शिष्य या अनुयायी उनके विचारों की ठस व्याख्या करते हैं या फिर उनकी राह पर चलने का साहस नहीं जुटा पाते।उनकी 56 वीं पुण्य तिथि पर उन्हें स्मरण करने का सबसे बड़ा प्रयोजन यही होना चाहिए कि उनके चिंतन, साहस, कल्पनाशीलता और रणकौशल को आज के संदर्भ में कैसे लागू किया जाए।

'गांधी जी के बाद डॉक्टर राममनोहर लोहिया ही सबसे प्रखर विचारक चिंतक लगते हैं।जो अपनी धरती, मिट्टी, उसकी सुगंध से जुड़े हुए है। आज जब देश विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है तब डॉक्टर लोहिया ही ऐसे विचारक चिंतक हैं जिन की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है तथा भविष्य में भी उनकी प्रासंगिकता बनी रहेगी। डॉ। राममनोहर लोहिया भारतीय राजनीति के क्षितिज पर धूमकेतु की तरह प्रकट हुए। सदियों से व्याकुल और भटकती हुई भारतीय आत्मा जलते हुए प्रकाश-पिंड के रूप में प्रकट हुई और देखते ही देखते नज़रों से ओझल हो गई। लोहिया के उस प्रकाश-पिंड को उपद्रव और अराजकता लाने वाले उल्कापात के रूप में किसी ने भयभीत होकर देखा, तो किसी ने उसे नई राजनीति, नई दुनिया और नई सभ्यता के मसीहा के रूप में, और लोग उसके पीछे पागलों की तरह चलने लगे। समाज के स्थापित वर्गों तथा शासकों से मिली घोर उपेक्षा तथा बदनामी का सलीब कंधों पर उठाए हुए यह मसीहा सर्जनात्मक ज़िद्द के साथ चट्टानों से टकराने और कुछ नया गढ़ने के काम में लगा रहा। ध्वंस और निर्माण की शक्तियों को जगाने के उद्देश्य से मुर्दा कौम में प्राण फूंकने के लिए अघोरी साधु की तरह श्मशान-साधना, यह है डॉ लोहिया के जीवन का समाहार।



लोहिया के व्यक्तित्व को भी उनके कर्म, सृजन और संकल्प के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनके मन में भी शायद यही विचार रहा होगा। इसीलिए उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का बुत या स्मारक उसके मरने के तीन सौ साल बाद बनाया जाना चाहिए जब उसके काम का पूर्वाग्रह-रहित मूल्यांकन होने लगता है और वक्ती ख्याति की धुंध छंट जाती है। जब उन्होंने कहा कि लोग मुझे समझेंगे जरूर लेकिन मेरे मरने के बाद तो भी उनके मन में यही विचार रहा होगा कि उनके काम का मूल्यांकन आने वाली पीढ़ियां करेंगी।

आज देश में गैर बराबरी, भ्रष्टाचार, भुखमरी, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, कुपोषण, जातिवाद, क्षेत्रवाद और आतंकवाद जैसी समस्याएं गहरायी हैं और शासन-सत्ता अपने लक्ष्य से भटका हुआ है तो इसके लिए सरकार की नीतियां और भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था ही जिम्मेदार है। नैतिक और राष्ट्रील मूल्यों में व्यापक गिरावट के कारण अमीरी गरीबी की खाई चौड़ी होती जा रही है। सरकारें बुनियादी कसौटी पर विफल हैं और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। नागरिक समाज के प्रति रवैया संवेदहीन है। सांप्रदायिकता, हिंदू-मुसलमान एकता, भारत-पाक महासंघ जैसे विचारों के बाद भी सांप्रदायिकता की आंच से सारा देश समाज झुलस रहा है। उनके ऐसे मौलिक विचारों में ताकत तो है, पर उनके अनुयायी संगठन ने इसे नहीं बढ़ाया।मोटे तौर पर ये कुछ मौलिक अवधारणाएं हैं। यहीं वे नीतियां भी हैं, जिनके संदर्भ में लोहिया ने कहा था कि 'उनके आदर्शों को मान कर चलने वाली पार्टी भले ही खत्म हो जाए, उनकी नीतियां खत्म नहीं होगी।' 'आज नहीं तो कल कोई पार्टी खड़ी होगी और इन्हीं नीतियां के ईद गिर्द मुल्क को आगे ले जायेगी।' क्योंकि दूसरा कोई पथ नहीं हैं। आज यह पथ न केवल सुनसान है, बल्कि जोखिम भरा भी। इस पर चलने से लोग डर रहे हैं, पर पथ कहीं हैं, तो पथिक आयेंगे ही। लोहिया महज नेहरू खानदान के आलोचक, गैर कांग्रेसवाद के जनक या कुछ विवादास्पद नीतियों के प्रतिपादक नहीं थे। नवजागरण की पश्चिमी चकाचौंध पीड़ित भारतीय धारा के खिलाफ देशज समाजवाद व्यवस्था का एक अस्पष्ट खाका उन्होंने दिया।

'भारतवर्ष की दशा इस समय बड़ी दयनीय है एक धर्म के अनुयायी दूसरे धर्म के अनुयायियों के जानी दुश्मन हैं। अब तो एक धर्म का होना ही दूसरे धर्म का कट् टर शत्रु होना है। यह मार-काट इसलिए नहीं की गई कि फलां आदमी दोषी है, वरन इसलिए कि फलां आदमी हिंदू है या मुसलमान है। ऐसी स्थिति में हिंदुस्तान का भविष्य बहुत अंधकारमय नजर आता है। इन 'धर्मों' ने हिंदुस्तान का बेड़ा गर्क कर दिया है। और अभी पता नहीं कि ये धार्मिक दं गे भारतवर्ष का पीछा कब छोड़ेंगे। इन दंगों ने संसार की नजरों में भारत को बदनाम कर दिया है। और हमने देखा है कि इस अंधविश् वास के बहाव में सभी बह जाते हैं।

सब के सब धर्म के यह नामलेवा अपने नामलेवा धर्म के रौब को का यम रखने के लिए डंडे-लाठियां, तलवारें-छुरें हाथ में पकड़ लेते हैं और आपस में सर-फोड़-फोड़ कर मर जाते हैं। बाकी कुछ तो फांसी चढ़ जाते हैं और कुछ जेलों में फेंक दिए जाते हैं। आज जब फासीवादी ताकतें, पूरी ताकत से भारत को जिस डगर पर झोंकना चाहती हैं वहां तो यही संकट खड़ा हो गया है की भारत में लोकतंत्र बचेगा भी कि नहीं , समाजवाद आयेगा कि नहीं यह द्वितीयक हो जाता है, तब लोहिया की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए फासीवाद के खिलाफ सभी समान विचारधारा वाले दलों को संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों को त्याग कर एक साथ आना होगा। ऐसे समय में फासीवाद के खिलाफ लड़ाई में लोहिया जी प्रासंगिक हो जाते हैं आज फिर देश को ऐसे लोहिया की जरूरत है जो समान विचारधारा वाले सभी धर्मनिरपेक्ष दलों को फासीवाद के खिलाफ इस लडाई में अपने साथ ला सकें।

# रोज़ेदार अज़ादारों ने दिनभर की ताबूत की ज़ियारत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अमीर-उल-मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) को जरबत (तलवार) मारे जाने की याद में बृहस्पतिवार को तड़के बड़ी अकीदत के साथ गिलीम के ताबूत का जुलूस निकाला गया। जिसमें में हजारों पुरूषों के अलावा पर्दानशीन महिलाओं व बच्चों ने काले लिबास पहने शिरकत की। मस्जिदे कूफा काजमैन से निकाला गया यह ताबूत इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले जाया गया। जुलूस को निकलवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। जुलूस से पूर्व सुबह 4.55 बजे मस्जिद में कारी ताहिर जाफरी ने फज्र की अजान दी। अजान होते ही मस्जिद परिसर नमाजियों से खचा-खच भर गया। मौलाना जहीर अहमद ने नमाज अदा करायी और मौलाना मुत्तकी जैदी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने जब 19वीं रमजान को हजरत अली (अ.स.) पर सुबह की नमाज के दौरान अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने जहर से बुझी तलवार से वार करने का मंजर बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद जैसे ही कंबल में लिपटा ताबूत बाहर आया तो अजादार ताबूत का बोसा लेने लगे। अब यह ताबूत अपनी मंजिल के लिए बढ़ने लगा। जुलूस के आगे %जुलूसे शबीह ताबूत÷ का काला बैनर चल रहा था। मर्सियाख्वानी और आंसुओं के साथ यह जुलूस मंसूर नगर, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल बिल्लौचपुरा व नक्खास होते हुए पाटानाला के पास पहुंचा। जहां पुरुषों ने ताबूत महिलाओं को सौंप दिया जिसे वह इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले गयी।जहां दिनभर अजादारों ने की जुलूस की जियारत। जुलूस के साथ हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम भी थे। रास्ते के दोनों ओर ताबूत की जियारत करने वालों का हुजूम था। ताबूत देख हर आंख से आंसू जारी हो जाते थे। इसके बाद अलविदायी मजलिस को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। मजलिस खत्म होते ही सीनाजनी के साथ हैदर मौला-या अली मौला की सदाएं गूंजने लगी। इसके बाद नदीम नजफी ने जियारत पढ़ायी।

### कल सुबह 3 बजे निकलेगा 21वीं रमजान का जुलूस

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की शहादत की याद में शनिवार को सुबह 3 बजे 21वीं रमजान का जुलूस रौजाए %शबीह नजफ रूस्तम नगर से निकाला जायेगा। मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। मजलिस के बाद महिलाएं ताबूत को रौजे से उठाकर पुरूषों को सौंप देंगी। जुलूस यहां से निकल कर छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानुतदौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल से दाहिने मुड़कर हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचेगा जहां ताबूत को दफ्न किया जायेगा। अजादार दिन भर कर्बला पहुंच कर हजरत अली (अ.स.) की तुरबत पर फातेहा पढ़ेंगे।

### इमामबाड़ा अबुतालिब में ताबूत की जियारत आज

**लखनऊ।** अंजुमन गुंचाए मजलूमियां की ओर से इस साल भी इमामबाड़ा अबुतालिब हसन पुरिया में शुक्रवार को मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद रात 10 बजे खिताब करेंगे। अंजमुन के सचिव इमरान अखतर ने बताया कि मजलिस के बाद ताबूत की जियारत होगी व अंजुमन नौहाख्वानी करेंगी। अजाखाना अख्तर हुसैन चसन पुरिया में मौलाना बाकर जैदी रात 8 बजे मजलिस पढ़ेंगे।

### हैदरी मस्जिद मुफ़्तीगंज से निकला मौला अली के गिलीम का ताबूत

**लखनऊ।** इराक के शहर मस्जिदे कुफा मे 19 रमज़ान को नमाज़े फ़ज़्र की नमाज़ पढाते हुए इमाम आली मक़ाम हज़रत अली इब्ने अबू तालिब अलैहिस्सलाम पर ज़ालिम नें पीछे से छुप कर ज़हर बुझी तलवार से हमला कर ज़ख़्मी कर दिया था, फल स्वरूप 21रमजान को मौला की शहादत हो गई, इसी को लेकर शिया बाहुल्य क्षेत्रों मे मजलिसों का दौर जारी है 19रमज़ान की सुबह मुफ़्ती गंज के हैदरी मस्जिद से निकला गिलीम के ताबूत का जुलूस, जुलूस से पहले मौलाना सैय्यद अली अहमद ज़ैदी नें मजलिस बयान किया जिसमे मौला अली के वसीयत का ज़िक्र तथा शहादत का दर्दनाक मंज़र ब्यान किया, दूसरी मजलिस कुमैदान बगिया मुसाहब गंज स्तिथ इमामबाड़ा बहिश्ते ज़हरा मे मजलिस को मौलाना शब्बर अली खान नें मजलिस ब्यान करते हुए कहा की इमाम आली मक़ाम के अदलओ इंसाफ के कारण शहीद कराया गया मौला अली नें अपने कातिल को शरबत पिला कर उसकी कसी हुई मुस्कें ढीली करवा कर दिया था मौलाना नें क़ुरआनी आयतों को पढ़ कर अल्लाह की तौहीद ब्यान किया, यहाँ हर साल 19,20,21,रमज़ान को मजलिसे कई साल से आयोजित की जाती है, इसी तरह 18,19,20,21रमजान को मुफ़्तीगंज चौराहे पर स्थित वालियुल अस्र मस्जिद मे मौला अली की शहादत के उन्वान से मजलिसें हो रही हैं।

## पुराने शहर में गूंजीं हैदर मौला-या अली मौला की सदायें

■ इमाम के गम में पहने काले लिबास

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की शहादत के गम में शहर में हैदर मौला-या अली मौला की सदाएं गूंजती रहीं। इमाम के गम मनाने के लिए अजादार काले लिबास पहने और मजलिसों व मातम का आयोजन करके उनकी शहादत का गम मनाया जा रहा है। जहां आज सुबह से ही पुरूषों व बच्चे ने विभिन्न कर्बलाओं व इमामबाड़ों में होने वाली मजलिसों में शिरकत की,वहीं महिलाओं ने घरों में नौहाख्वानी की। हर एक घर में यह नौहा पढ़ा गया। %आलमे शबे जरबत ऐ मोमिनों आयी है, तारीक सी दुनिया पर हर सिम्त को छायी है,19वीं रमजान को शब भर मेरे मौला ने तकिये पर सर न रखा और नींद न आयी है। अजाखाने अख्तर



हुसैन हसनपुरिया में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा फिज्जा फातिमा ने खिताब किया। इसके बाद ताबूत की जियारत करायी गयी। ताबूत की आयोजक शीबा जैदी ने ताबूत में आये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। आज सुबह नजफ में हजरत अली (अ.स.) का ताबूत सजा दिया गया। जिसे हसन मिर्जा के ताबूत के नाम से जाना जाता है। यहां मौलाना शौजफ काजिम जरवली व मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। सुबह से देर रात तक पुरूषों ने ताबूत की जियारत की और अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, काजमिया आबिदया, रौनके दीने इस्लाम और फिरदौसिया आदि ने नौहाख्वानी व मातम किया। इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास व काजमैन में मौलाना मीसम जैदी, अजाखाना जफर रजा हसन पुरिया में मौलाना सैफ अब्बास, इमामबाड़ा नाजिम साहब,मस्जिद मलका किश्वर कैम्पबेल रोड व बैतुलहुजन में मौलाना यासूब अब्बास ने इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगंज में रजा अब्बास ने,मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर में हसन रजा ने,मस्जिदे अब्बासिया हसन पुरिया में मौलाना जमन हैदर ने कर्बला अजमतुतदौला में मौलाना अब्बास इरशाद ने मजलिस को खिताब किया। बारगाह-ए-सकीना रुस्तम नगर में मौलाना रजा हुसैन जरवली ने मजलिस को खिताब किया। मुर्शद की मस्जिद रुस्तमनगर में मौलाना कल्बे नूरी ने मजलिस को खिताब किया।

इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर म मौलाना जाफर अब्बास ने अजाखाना सिकन्दर आगा कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना अबुतालिब मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। मस्जिदे कूफा काज़्मैन में मौलाना अब्बास इरशाद ने मजलिस को खिताब किया।

# "इमाम अली अस की शहादत पर दीन और हम में मजलिस"

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऐनुल हयात ट्रस्ट द्वारा ''दीन और हम'' के नाम से आयोजित होने वाली कक्षाओं में परम्परागत रूप से 19 रमज़ान को इमाम अली अस जिनको इस्लाम में अमीरुल मोमेनीन कहा जाता है, उनकी शहादत की पूर्व संध्या पर उनके व्यक्तित्व एवं जीवन पर प्रकाश डालते हुए एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें तिलावते कुरान के बाद इमाम अली की याद में नौहे प्रस्तुत किये गये और साथ ही दीन और हम के सेंटर्स ,कश्मीरी मोहल्ला स्थित मीलन मैरिज हॉल में मौलाना अक़ील अब्बास मरूफी , अलमास मैरिज हॉल'' नेपियर रोड में मौलाना हसनैन बाकरी एवं मौलाना मूसी रज़ा , विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित गोल्डन पैलेस में मौलाना यासिर हुसैन और मौलाना अली अब्बास खान तथा महताब बाग़ स्थित बाग़े सकीना में



मौलाना मुशाहिद आलम ने व्याख्यान देते हुए बताया कि हजरत अली अलैहिस्सलाम इस रात और पवित्र रमजान की सभी रातों में लोगों को खाना खिलाया करते थे और उन्हें उपदेश देते थे। इतिहास में है कि वे रमजान में हमेशा लोगों को इफ्तार और रात का खाना देते थे लेकिन वे स्वयं वह खाना नहीं खाते थे। जब लोग खाना खा लेते तो वे उन्हें उपदेश दिया करते थे।

वे कहते थेः हे लोगो! जान लो कि तुम्हारे कामों की कसौटी धर्म है, तुम्हें बचाने वाला, ईश्वर का भय है, तुम्हारा श्रृंगार, शिष्टाचार है और तुम्हारे सम्मान की रक्षा का दुर्ग विनम्रता है। हजरत अली अलैहिस्सलाम के सर पर नमाज़ में सिजदे की हालत में तलवार मारने वाले इब्ने मुल्जिम को इमाम अली अलैहिस्सलाम के पास लाया गया। उन्होंने उसका चेहरा देखा और पूछा क्या मैं तूझ पर बुरा नेता था? यह जानने के बावजूद कि तू मेरी हत्या करेगा क्या मैंने तेरे साथ उपकार नहीं किया? मैं चाहता था कि अपनी भलाई द्वारा तुझे इस संसार का सबसे दुर्भागी व्यक्ति न बनने दूं और तुझे पथभ्रष्टता से निकाल दूं। इब्ने मुल्जिम रोने लगा। हजरत अली ने अपने बेटे इमाम हसन से कहा कि हे पुत्र! इसके साथ भला व्यवहार करो, क्या तुम नहीं देख रहे हो कि इसकी आंखों से कितना भय झलक रहा है। इमाम हसन ने कहा कि पिता जी इसने आप पर तलवार का वार किया है और आप कह रहे हैं कि इसके साथ भला व्यवहार करूं? इमाम ने कहाः हम पैगम्बरे इस्लाम के घर वाले दयालु हैं।

## तोहफा-ए-रमजान का किया वितरण

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से ऐशबाग ईदगाह में माहे मुबारक में जरूरतमंदों को तोहफा-ए-रमजान का वितरण किया गया। मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने जरूरतमंद महिलाओं को तोहफा-ए-रमजान वितरित किया गया, जिसमें आटा, चावल, दालें, बेसन, चीनी, चाय पत्ती और तेल जैसी जरूरी चीजें शामिल हैं। इस मौके पर मौलाना नईमुर्रहमान ने कहा कि रोजा ऐसी इबादत है जिससे इंसान में अच्छे अख्लाक की शिक्षा भी होती है। रोजे से खौफे खुदा, तकवा, सब्र, हमदर्दी, गमख्वारी, कूवते बर्दाश्त और मदद जैसी विशेषताएं पैदा होती हैं। रोजेदार को दूसरों की भूख का एहसास होता है और वह चाहता है कि जो लोग भूखे-प्यासे और जरूरतमंद हैं उनकी मदद करें। उन्होंने मिल्लते इस्लामिया के मालदार लोगों से खैर के कामों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। विशेष कर माहे मुबारक रमजान में कौम के आर्थिक हालात सुधारने के लिए ठोस उपाय करें और शैक्षिक व मिल्ली इदारों की भरपूर मदद करें।

## संक्षिप्त समाचार

### एआरएआई अधिकारियों का आरडीएसओ दौरा



**लखनऊ।**ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), पुणे के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें डॉ. रेजी मथाई/ निदेशक, डॉ. एसएस थिप्से/ वरिष्ठ उप निदेशक, वी.वी. शिंदे/ वरिष्ठ उप निदेशक, वी.ए. पंखावाला, वरिष्ठ उप निदेशक और आर.एस. महाजन/उप निदेशक शामिल थे, ने 20.03.2025 को आरडीएसओ का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य आरडीएसओ के साथ-साथ एआरएआई के अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने के लिए रुचि के सामान्य क्षेत्रों की पहचान करना था। बैठक की अध्यक्षता आरडीएसओ के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर ने की और इसमें आरडीएसओ के विभिन्न डिजाइन निदेशालयों के प्रधान कार्यकारी निदेशकों/कार्यकारी निदेशकों ने भाग लिया। एआरएआई टीम ने बाद में संबंधित आरडीएसओ प्रयोगशालाओं जैसे श्रान्ति परीक्षण प्रयोगशाला, एयर ब्रेक प्रयोगशाला, रेल व्हील डायनेमिक्स प्रयोगशाला और इंजन विकास प्रयोगशाला का दौरा किया। इस दौरे का समापन एआरएआई अधिकारियों की रोलिंग स्टॉक निदेशालय के पीईडी और ईडी के साथ एक बैठक के साथ हुआ, जहां समस्या विवरण तैयार करने के लिए एआरएआई प्रतिनिधियों के साथ चिन्हित समस्या क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले भाजपा नेता विकास शुक्ल

**सुल्तानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी से इसौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विकास शुक्ल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विकास शुक्ल ने जिलाध्यक्ष को उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को सशक्त करने के विषय पर विचार-विमर्श किया। विकास शुक्ल ने विश्वास जताया कि सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में पार्टी जिले में नए आयाम स्थापित करेगी और संगठन को और मजबूती मिलेगी।इस अवसर पर अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे,जिन्होंने जिलाध्यक्ष को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

### वांछित आरोपी इकबाल और शोहराब हुए गिरफ्तार

**सुल्तानपुर, गोसाईगंज (अवधनामा संवाददाता)।** थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 मुकदमों में वांछित चल रहे आरोपी इकबाल और शोहराब को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को दो जानवरों के साथ पकड़ने में सफलता पाई। सूत्रों के मुताबिक,दोनों आरोपी जानवरों को अवैध रूप से कटवाने के लिए ले जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर गोसाईगंज थाना पुलिस ने तियरी के पास घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि पूछताछ जारी है और जांच के बाद आरोपियों पर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

### बिना टिकट जारी हो रही नकल, राजस्व को पहुचाई जा रही क्षति

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** लगभग तीन वर्षों से कुर्सी पर जमे मुख्य प्रतिलिपिक के संरक्षण में नकल के लिए पडने वाले नकल सवाल पर लगने वाले टिकट के बगैर सादे फार्मो पर अभिलेखागार से नकल जारी की जा रही हैं। जिससे प्रतिमाह सरकार को कर्मचारियों की मिली भगत से सरकार को राजस्व की क्षति पहुचाई जा रही है। यदि फरवरी,मार्च, माह के नकल वितरण हुए नकल सवालों व रजिस्टर का मिलान किया जाए तो एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है। उदाहरण के तौर पर नकल सवाल संख्या 8899, 2900, 26027 से 26031 तक का नकल सवाल व रजिस्टर का सवाल मिलान करने पर यह गलतियां स्पष्ट हो जाएगी।

# ट्रेन से कटकर मृत वृद्ध की हुई पहचान

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** मंगलवार को कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर अजगैन रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट आकर जान गंवाने वाले वृद्ध की पहचान उसके परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर की। इसपर पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया। जिसके बाद गांव के बाहर खेत में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

अजगैन रेलवे स्टेशन की बंद बाजार रेलवे क्रासिंग पार करते समय करीब 65 वर्षीय वृद्ध अपलाइन से जा रही रन-थ्रू राप्ती सागर सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों भीड़ लग गई। जामा तलाशी में उसके पास ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। इसपर रेलवे पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से भी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई उसे पहचान नहीं सका। उसने सफेद रंग की पैंट व पेंट चेकदार शर्ट पहनी थी। जीआरपी ने वृद्ध की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। देररात इसी माध्यम से मिली जानकारी पर हसनगंज कोतवाली के गौसपुर गांव निवासी दीपांशु सिंह पुत्र स्व.सुनील कुमार ने जीआरपी थाना पहुंचा और फोटो देखकर शव अपने बाबा के होने की आशंका जताई। इसपर पुलिस के साथ मोर्चरी पहुंचा और शव की पहचान अपने बाबा राम सिंह (65) पुत्र द्वारिका के रूप में की। उसने बताया कि बाबा उन्नाव जाने की बात कहकर घर से मंगलवार को निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे थे, वे उनकी तलाश कर रहे थे तभी उन्हें सोशल मीडिया से ट्रेन से कटकर मौत होने जानकारी मिली। रामसिंह के बेटे की मौत हो चुकी है। उसके दो पौत्र दीपांशु व अभिषेक के साथ रहता था। बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## निबन्धन कार्यालय में मार्च में रविवार को भी होंगी रजिस्ट्री

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)।** माह मार्च-2025 में निबंधन कार्य हेतु कार्यालय समय सांय 06 बजे तक किये जाने एवं अवकाश/रविवार को कार्यालय खोले जाने के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के वित्तीय समापन एवं होली व नवरात्रि के त्योहार के कारण माह मार्च मे आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है। त्योहारों के सार्वजनिक अवकाश के कारण माह मार्च-2025 में उपलब्ध कार्य दिवस अपर्याप्त होने के दृष्टिगत आम जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर व सुविधा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। इसके क्रम में माह मार्च-2025 के सभी कार्य दिवस में प्रदेश के समस्त उप निबंधक कार्यालयों में निबंधन कार्य सांय 06 बजे तक सम्पादित किए

# देहली बाजार टीएचआर प्लांट में घोटाला पोषाहार में मिलावट का खुलासा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर, बल्दीराय।** तहसील क्षेत्र के देहली बाजार स्थित उद्यमिता प्रेरणा महिला लघु उद्योग टेक होम राशन (टीएचआर) प्लांट में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नंद किशोर कनौजिया द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में पोषाहार में भारी मिलावट पाई गई। निरीक्षण के दौरान गेहूं में मिट्टी, चने की दाल की जगह खराब मटर की टूटी दाल और स्वच्छता में लापरवाही देखी गई। बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे पोषाहार में मिलावट मिलने पर प्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।सरोज स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रन्नो देवी ने खुलासा किया कि खंड मिशन प्रबंधन पंकज तिवारी के निर्देश पर मिलावटी पोषाहार तैयार किया



जाता है। वहीं, एकता स्वयं सहायता समूह की कोषाध्यक्ष मालती देवी यादव ने आरोप लगाया कि डीसी एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) अधिकारी के.डी. गोस्वामी भी इस गड़बड़झाले में शामिल हैं और उन्हीं के आदेश पर मिलावट की जाती है।निरीक्षण दल के पहुंचते ही प्लांट के अंदर से ताला बंद कर लिया गया, जिससे संदेह और बढ़ गया। प्रतिनिधि घंटों तक बाहर बैठे रहे, जबकि अंदर मामले को दबाने की कोशिश की जाती रही।जिला पंचायत सदस्य नंद किशोर कनौजिया को स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले यहां से लगभग 96.5 टन गेहूं गायब हो गया था,लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस पर के.डी. गोस्वामी ने स्वीकार किया कि मामले में कार्यवाही की गई थी, लेकिन नतीजा शून्य ही रहा।

# पूर्व मंत्री गायत्री की रिहाई को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन




अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की रिहाई की माँग को लेकर भारतीय चमार महासभा के हजारों कार्यकर्ताओं ने सुल्तानपुर में ज़ोरदार प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। महासभा ने इस मामले को दलित, पिछड़े और वंचित समाज के खिलाफ गहरी साजिश करार देते हुए आरोप लगाया कि गायत्री प्रसाद प्रजापति को सत्ता के षड्यंत्र के तहत फँसाया गया है। संगठन ने मांग की कि उनकी गिरफ्तारी के पीछे की राजनीति और न्यायिक अनियमितताओं की निष्पक्ष जाँच कराई जाए। भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय राणा चमार ने इस दौरान कहा कि गायत्री प्रसाद प्रजापति सिर्फ़ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि वंचित समाज की आवाज़ हैं, जिन्हें दबाने की साज़िश की गई। उन्होंने कहा कि आज अगर दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यकों का कोई मजबूत नेता खड़ा होता है, तो सत्ता तंत्र उसे कुचलने में जुट जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया तो देशभर में बड़ा आंदोलन होगा। प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट तिलकधारी ने कहा कि गायत्री प्रसाद प्रजापति की रिहाई की जाए।

# राजनैतिक दल बूथ लेवल एजेन्ट नियुक्त करें

## जिलाधिकारी ने बैठक कर निर्वाचन नामावली के सम्बन्ध में दिये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में आयोजित बैठक में निर्वाचक नामावली एवं अन्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।

बैठक में डीएम ने कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी व त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर समस्त राजनैतिक दल बूथ लेवल एजेन्ट नियुक्त करे। बीएलए नियुक्ति के उपरान्त उनकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय या सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दी जाये। सभी राजनैतिक दल मतदाता सूची का भलीभाँति अध्ययन कर लें। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से निर्वाचन नामावली



में महिला व दिव्यांग मतदाताओं को जोड़ने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की। उन्होने कहा कि निर्वाचन नामावली में यदि किसी का नाम छूट गया हो या किसी की मृत्यु हो गयी हो अथवा किसी अन्य स्थान पर निर्वासित हो गया हो तो नाम जुड़वाने व हटाने के लिए निर्धारित फार्म भरकर सम्बन्धित बीएलओ को उपलब्ध करा दे। पुनरीक्षण पूर्व की सभी पूरक सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

किसी भी व्यक्ति द्वारा इस सूची को देखा जा सकता है। उन्होने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल के पदाधिकारी को यदि इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का सुझाव देना हो तो सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार या सुपरवाइजर को उपलब्ध करा सकते हैं।

डीएम ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर बीएलओ निर्धारित समय पर उपस्थित होते हुए कार्य सुनिश्चित करेंगे। मतदाता सूची से नाम हटाने से पूर्व उच्चाधिकारी से जॉच अवश्य करा ली जाए। बिना जॉच के नाम डिलीशन कदापि नही किया जायेगा। डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, के लिए मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु पात्रता के रूप में चार अर्हता तिथियां अर्थात प्रत्येक वर्ष 01 जनवरी को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर को निरन्तर पुनरीक्षण हेतु तिथियां निर्धारित की गयी है। उन्होने कहा कि अर्हत तिथियां 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर के आधार पर ऐसे व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो या पूर्ण कर ली हो, वह अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन पंजीकृत करा सकते है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित संबंधित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने की मुख्यमंत्री से प्रधान व वीडीओ की शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर, दूबेपुर।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत हसनपुर में भ्रष्टाचार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भ्रष्टाचार को लेकर लगातार सुर्खियों में रहने वाले पंचायती राज विभाग में एक बार फिर सरकारी अमले की कलाईयां खुल चुकी हैं। ग्रामीण का आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव ने विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये का गबन किया है। पहले भी इस संबंध में शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

आक्रोशित ग्रामीण ने एक बार फिर मुख्यमंत्री से शिकायत की है। ग्रामवासी इंद्रजीत तिवारी ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है, जिसमें आवास योजना, नाली, सड़क, इंटर लॉकिंग, खड़ंजा, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप रिबोर और मरम्मत जैसे विकास कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है इसी तरह, इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत




और रिबोर के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए। जबकि अधिकांश हैंडपंप जस के तस खराब पड़े हैं। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन भी मनमाने ढंग से किया गया। ग्राम पंचायत के जरूरतमंद और पात्र कई गरीब परिवार अब भी आवास के लिए भटक रहे हैं। इससे पहले, इन्द्रजीत तिवारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा था। लेकिन महीने बीतने के बाद भी कोई जांच नहीं हुई। अब इन्द्रजीत तिवारी ने दोबारा शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि यदि सरकारी धन के गबन का मामला साबित होता है, तो प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी से उसकी रिकवरी कराई जाए।

# दूध उबालते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से मची भगदड़



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शहर के नयापुरा नैकाना मुहल्ले में किचिन में दूध गरम करते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई, जिससे महिला चीखते हुए घर से बाहर की तरफ भागी, सिलेंडर में लगी भीषण आग को देखकर परिवार के अन्य सदस्य भी जान बचाकर घर से बाहर भाग गए और दमकल विभाग को सूचना दी।

गुरूवार को मुहल्ला नयापुरा नैकाना निवासी कृष्ण कुमार की पत्नी रूपा गैस से दूध पका रही थी, तभी सिलेंडर लीकेज होने के कारण अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग लपटों ने पहले किचिन फिर घर को अपनी चपेट मे ले लिया, तभी महिला ने किचिन से बाहर भाग कर जान बचाई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि पूरा मकान धूं धूं कर जलने लगा। आग के चारों तरफ फैल जाने से घर में रखा गृहस्थी का सामान पूरी तरह से जल कर राख हो गया। पीड़ित् परिजनों ने अग्निकांड की घटना से 10 लाख रुपये के नुकसान होने का अनुमान लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई, फायर स्टेशन प्रभारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे आस पास के मकानों को आग की घटना से बचा लिया।

## कांग्रेस जुटी संगठन सृजन अभियान में

**मथुरा।** संगठन सृजन अभियान के तहत महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि की अध्यक्षता में वार्ड नंबर 17 बैरागपुरा, वार्ड नंबर 58 गऊ घाट की बैठक बैरागपुरा हालनगंज लक्ष्मी नारायण धर्मशाला में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि महानगर कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत महानगर के प्रत्येक वार्ड में पार्टी के निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ताओं को वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी एवं प्रत्येक बूथ पर दो प्रभारी बनाए जाएंगे जो भी कांग्रेस का कार्यकर्ता वार्ड अध्यक्ष बनने के इच्छुक हो वह अपना आवेदन पार्टी महानगर कांग्रेस कार्यालय में जमा कर सकते हैं कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं को लेकर बेहद ही गंभीर है भाजपा के कुशासन से जनता परेशान है जनता भाजपा से छुटकारा पाना चाहती है अधिकारी गण जनता की समस्यओ को सुनते नहीं है लेकिन कांग्रेस पार्टी जनता की उपेक्षा को सहन नहीं करेगी और जल्द ही जनता की जन समस्याओं को एकत्रित कर एवं रूपरेखा बनाकर आंदोलन किया जाएगा।

# राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व प्रशासन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा कर रिट याचिकाओं में प्रतिशपथ पत्र, इन्स्ट्रक्शन दाखिल किये जाने एवं न्यायालय के आदेशानुसार प्रत्यावेदनों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति, राजस्व वाद, धारा.80 के लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित, अतिक्रमण एवं नजूल, संग्रह, पट्टा आवंटन, कब्जा सत्यापन, आडिट सम्बन्धी कार्य, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, धारा 34 के आदेशों के अमल दरामद की फीडिंग, आय, जाति प्रमाण पत्रों की फीडिंग, जन सूचना अध्यादेश के कार्य, डिजिटल क्रॉप सर्वे, अतिवृष्टि एवं जल भराव से दैवी आपदा कार्यों की समीक्षा की। स्वामित्व योजना, अंश निर्धारण की भी समीक्षा की गई, तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारीयों को निर्देशित किया की तहसील स्तर पर पेंडिंग पड़े मामलों का जल्द निस्तारण कराया जाए। जिससे लोगों को असुविधा का समना न करना पड़े, उन्होंने कहा कि कार्यों को पेंडिंग में रखने पर कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सल्तनत परवीन, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गयी

**संभल।** एमजीएम कॉलेज, संभल में नवगठित गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के माननीय कुलपति प्रोफेसर सचिन महेश्वरी के प्रथम आगमन पर जनपद संभल के समस्त अनुदानित ,राजकीय और स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के प्राचार्यो की एक बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम अतिथि गण ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए संभल शहर का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए महाविद्यालय का परिचय दिया और महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सीमित संसाधनों में भी श्रेष्ठ शैक्षिक वातावरण निर्मित किया जा सकता है। श्रेष्ठ भारत का निर्माण शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन से ही संभव है।उन्होंने रोजगारपरक पाठ्यक्रम की आवश्यकता पर जोर दिया तथा पाठ्यक्रम विश्लेषण पर भी प्रकाश डाला।स्व मूल्यांकन, मस्तिष्क उद्वेलन और सकारात्मक दृष्टि अपना कर शिक्षण संस्थाओं में शैक्षिक वातावरण निर्मित करने का संदेश दिया।

# विद्यालय मे हुआ तिथि भोजन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** सरकारी स्कूलों में बच्चों के उपस्थिति और पठन-पाठन से जोड़ने के लिए सरकार मिड डे मील सहित कई कार्यक्रम चला रही है, ताकि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन भी मिल सके। इसी कड़ी में तिथि भोजन योजना के तहत स्कूल में छात्रों के लिये विशेष भोज का भी आयोजन किया जाता है। सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को खंड विकास रजपुरा के प्राथमिक विद्यालय सिरसा निरयावली में तिथि भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को विशेष पौष्टिक और स्वस्थ भोजन की विस्तृत जानकारी दी।साथ ही खाना खाने से पहले हाथों की साफ-सफाई समेत अन्य जरूरी जानकारी भी दी।इस मौके पर राशन डीलर दीपक कुमार ने छात्र,छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ और मजबूत शरीर के निर्माण को लेकर हर व्यक्ति को पौष्टिक और ताजा भोजन बेहद जरूरी है। इसलिए,सभी लोगों को पौष्टिक भोजन के साथ साफ-सफाई का भी विशेष ख्याल रखना चाहिए।जंक फूड और बासी खाना से दूर रहना चाहिए।तभी स्वस्थ और स्वच्छ समाज का निर्माण संभव है। बच्चों को मिला विशेष भोजन तिथि भोजन के इस कार्यक्रम में बच्चों को कचौड़ी,सब्जी सहित कई लजीज व्यंजन परोसा गया। ग्राम प्रधान गुड़िया देवी व राशन डीलर दीपक कुमार एवं विद्यालय के सहयोग से यह आयोजन हुआ।

इस दौरान विद्यालय के अध्यापक अशोक कुमार,अंजनी शर्मा, प्रधानाध्यापिका भावना, अध्यायपिका अनुसुइया ने अपने हाथों से बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया गया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति ओमप्रकाश राणा पवन विपिन विजय कुमार सहित सभी छात्र छात्राएं मौजूद थे तिथि भोजन इस योजना का उद्देश्य गांवों की सामूहिक भोजन की परंपरा को पुनर्जीवित करना और इसी बहाने बच्चों में सामूहिकता की भावना को जगाना है। तिथि भोजन को लेकर बच्चों ने काफी उत्सुकता देखी।

# यू.पी. जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील मड़ावरा का सर्वसम्मति से हुआ गठन

- दीपक दुबे बने तहसील अध्यक्ष अजीज मुहम्मद को मिला तहसील महामंत्री का पदभार



अवधनामा संवाददाता

**मड़ावरा (ललितपुर)।** यू.पी. जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील मड़ावरा का गठन ब्लाक सभागार में जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा की अध्यक्षता एवं ललितपुर सदर तहसील अध्यक्ष धर्मसिंह कुशवाहा के आतिथ्य में किया गया। जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि वर्तमान में चौथे स्तंभ पर हो रहे हमलों एवं पत्रकारों पर झूठे मुकदमे का हम पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। सम्पूर्ण यू.पी. जर्नलिस्ट एसोसिएशन हर संभव पत्रकारों के हित के लिए खड़ा हैं। बैठक में सर्वसम्मति से श्याम स्वरूप दुबे (दीपक दुबे) को तहसील अध्यक्ष एवं राकेश कुमार वैद्य कार्याध्यक्ष व अजीज मुहम्मद को तहसील महामंत्री सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। तहसील कार्यकारणी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार पाण्डेय, संदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष पद पर रामजी तिवारी, प्रकाशसिंह राजपूत, सतीश नायक, नवल कुशवाहा, अरविंद मिश्रा, वीरेंद्र सिंह सेंगर, कोषाध्यक्ष पद पर दीपक तिवारी, रामकुमार रजक, मीडिया प्रभारी पद पर अखिलेश साहू, विक्रम सिंह राजा, कार्यकारिणी सदस्य में अमोल सिंह राजपूत, नीलेश कुशवाहा आदि मनोनीत किए गए हैं। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पत्रकारों द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, ललितपुर सदर तहसील अध्यक्ष धर्मसिंह कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार प्रियंक सर्राफ ,दीपक दुबे, राकेश वैध, अजीज मुहम्मद,जितेंद्र यादव टिंकू, कृष्ण कुमार पाण्डेय, संदीप मिश्रा, रामजी तिवारी, अरविंद्र मिश्रा, सतीश नायक, विक्रम राजा, रामकुमार रजक, अखिलेश साहू, नीलेश कुशवाहा, नवल कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह सेंगर,सुनील मिश्रा,प्रकाश सिंह राजपूत,अमोल सिंह राजपूत, चंद्रप्रकाश साहू, आदि मौजूद रहे।

## हजरत अली की शहादत के शोक में शबीहे ताबूत बरामद

**संभल।** हजरत अली की शहादत के शोक में शबीहे ताबूत बरामद किया गया नगर के मुहल्ला नूरियो सराय स्थित इमामबाडा नम्बरदारान मे मजलिस के बाद बरामद शबीहे ताबूत की अजॉदारो ने नम आँखों के साथ जियारत की नोहाख्वानी व मातम बरपा किया इस दौरान अजॉदारो की भारी भीड़ रही महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल रहे इसके अलावा इमाम बाडो मे हजरत अली की शहादत के शोक में मजलिसे बरपा की कल (आज) नूरियो सराय मे शबीहे ताबूत का वर्षिक मातमी जुलूस बरामद किया जायेगा। मातमी जुलूस इमामबाडा सगीर हसन से इमाम बाडा फरमान हुसैन मे जा कर समाप्त किया जायेगा। शिया समाज के लोगो मे हजरत अली की शहादत के शोक में 19 वी रमज़ान से 21 वी रमज़ान तक शोक मनाया जाता है। इस दौरान अधिकार लोग काले लिबास धारण किये हुए रहते हैं और ख़ुशी का कोई भी कार्य नहीं करते है।

# गौरैया ने मानव से किया सदैव मित्रता का व्यवहार : पूनम

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** विकास क्षेत्र पवांसा के जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया जिसका शुभारंभ पूनम शुक्ला, शिवशंकर शर्मा,तृषा लोधी तथा सेवाराम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया।

साहित्य कला संगम की महामंत्री एवं समाजसेवी पूनम शुक्ला ने कहा कि गौरैया मानव के निकट रहने वाली चिड़िया है, उसे सदैव मानव के आसपास रहकर जीवन बिताना पसंद होता है। यह चिड़िया बेहद संवेदनशील एवं कीड़े मकोड़ों से निजात दिलाने वाली है, इसलिए हमें इसके संरक्षण पर विचार करना चाहिए। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा ने कहा कि पुराने समय में हमेशा आंगन में फुदकती रहने वाली चिड़िया गौरैया आज लुप्त होती जा रही है, जो पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप का परिचायक है। गौरैया भोर में ही अपना पैगाम जनमानस को देती थी, लेकिन आज पर्यावरण के बिगड़ते परिवेश से उसका जीवन कठिन हो गया है।

ओजकवि ज्ञानप्रकाश उपाध्याय ने अपनी कविता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को गौरैया के जीवनकाल एवं उसके महत्व को समझाया तथा उसके लिए घोंसला आदि बनाने की अपील की।

इस अवसर पर नोडल शिक्षक सेवाराम सिंह, ग्राम प्रधान विष्णु कुमार उर्फ विनय चौधरी, श्यामभवी मिश्रा, मामराज, शिवानी शर्मा, स्नेहलता चौधरी, देववती, अनीता रानी, मनीष जोशी, कल्पना, निगहत,चरन सिंह, इन्ना,रेखा रानी, धर्मपाल सिंह, सुगरा, कौशल्या, शैली , रोशनी यादव,जैनव, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तृषा लोधी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक, पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई दौरान फरियादियों की सुनी समस्याएं



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण और उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### दबंग ने युवक पर की फायरिंग

**महोबा।** थाना खरेला के ग्राम कुडार गांव में लकड़ी खरीद को लेकर हुए विवाद में एक दबंग ने युवक पर फायर झोंक दिया, लेकिन किस्मत से युवक बाल बाल बच गया। गोली की जोरदार आवाज से युवक गिरकर चीखने चिल्लाने लगा, बुरी तरह सहमें युवक को ग्रामीणों ने समझाया इसके बाद वह शांत हुआ। थाना खनना क्षेत्र के ग्राम बल्लायं निवासी सतीश राजपूत ने कुडार ग्रांव के खेमचंद्र से लेकड़ी खरीदी थी, जब सतीश लकड़ी लेने के लिए कुडार गांव पहुंचा तो पैसे कम ज्यादा होने को लेकर दोनो में विवाद हो गया, तभी गुस्सें में आकर खेमचंद्र ने बन्दूक निकाल कर सतीश पर फायर कर दिया। लेकिन सतीश बाल बाल बच गया, लेकिन घटना के बाद वह बुरी तरह सहम गया। पीड़ित सतीश ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि थाना खरेला में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की इससे पीड़ित दहशत में है, पीड़ित ने आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र मे थाना अध्यक्ष पर पीड़ित से सांठ गांठ किए जाने का आरोप लगाया।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में बढा मरीजों का भरोसा



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर व क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों का विश्वास तेजी से बढ़ रहा है। नगर के चौराहा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक दवाखाना में प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ रही है। दवाखाना में प्रतिदिन करीब पचीस से तीस मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। गुरूवार को नगर के चौराहा के निकट बंद पडे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित राजकीय आयुर्वेदिक दवाखाना में मौजूद प्रभारी चिकित्सक नादिरा खातून ने करीब 25 मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दबायें वितरित करनें के उपरान्त बताया कि लोगों में आयुर्वेदिक चिकित्सा की लोकप्रियता के चलते स्थानीय आयुर्वेदिक दवाखाना में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जो कि आयुर्वेद के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। वही मौजूद मरीजों ने आयुर्वेदिक दबाओं के प्रति भरोसा जताया है। इस दौरान वार्ड बॉय सुशील परिहार सहित कई मरीज मौजूद रहे।

### गुरसहायगंज का छिबरामऊ चोरी का पर्दाफास करें पुलिस



**कन्नौज।** विगत महापूर्व गुरसहायगंज एवं छिबरामऊ में व्यापारियों के यहां हुई चोरियों का खुलासा न होने पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सीओ ट्रैफिक्र को सौंप कार्यवाही की मांग की है। गुरुवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा उर्फ राज ने गुरसहायगंज के पूर्व सभासद मोहित गुप्ता, भुर्जी महासभा के प्रदेश महामंत्री दीपक सक्सेना, छिबरामऊ नगर अध्यक्ष रजत त्रिपाठी के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सीओ ट्रैफिक्र को सौंपने के उपरांत कहा कि दोनों चोरियों को करीब एक माह बीत जाने के बावजूद अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। जिसके कारण व्यापारियों सहित आम जनमानस में रोष व्याप्त है। जिस पर सीओ ट्रैफिक्र ने जल्द ही दोनों चोरियों के खुलासे का आश्वासन दिया है।

### नागपुर हिंसा: निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ 17 मार्च 2025 को नागपुर में हुई हिंसा की कड़ी निंदा करता है और सरकार व प्रशासन से न्यायसंगत व निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने अब तक 65 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 51 मुस्लिम समुदाय से हैं। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के पदाधिकारियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है, लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। एफआईआर में दर्ज विवरण के अनुसार, हिंसा के दौरान भीड़ ने भड़काऊ नारे लगाए, पुलिस पर हमला किया, पत्थरबाजी और आगजनी की। इस घटना में 34 पुलिसकर्मी और पांच अन्य लोग घायल हुए। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने कहा सभी दोषियों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाए।

# पूर्व विधायिका ने श्रद्धांजलि देकर व्यक्त की शोक संवेदनायें



अवधनामा संवाददाता

- वरिष्ठ अधिवक्ता की पुत्री के निधन की सूचना पर पहुंची लुईस खुर्शीद

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वरिष्ठ अधिवक्ता की पुत्री डॉ. अनुष्ठा चतुर्वेदी के निधन की सूचना पर पहुंची पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है। पीड़ित पिता एवं परिजनों को उन्होंने धैर्य बंधाते हुए कहा कि डॉक्टर अनुष्ठा की कमी पूरी नहीं जा सकती है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र के साथ पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूष चतुर्वेदी की पुत्री के निधन की सूचना पर उनके घर पहुंची। उन्होंने परिजनों के समक्ष गहरा शोक व्यक्त कर सांत्वना देने के उपरांत डॉक्टर अनुष्ठा चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर ऊषा दुबे, नगर अध्यक्ष सजीव दुबे मुन्ना, डॉक्टर जहीर खान, रामनरेश दुबे, राजेश पाठक, दिलीप शुक्ला, संजू मिश्रा, शकुन्तला देवी, कांग्रेस अध्यक्ष फर्रूखाबाद उजैर खान, नारायण तिवारी, दीपू चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे। उधर क्षेत्र के गाम मझपुर्वा में कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष तारिक बशीर के आवास पर पुहंचकर उनके पिता बशीरूददीन से मुलाकात कर मरहूम वालिदा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी शमशाद खॉ, बकील अहमद, मौलाना महताव आलम, जकील अहमद, काजी इजहार अहमद, इकरार खॉ, आफ्ताब अहमद, मुहम्मद रफी, इलियास खॉन आदि मौजूद रहे।

# विश्व गौरैया दिवस पर बच्चों ने उत्कृष्ट कलाकृतियां बनाकर दिया संरक्षण का संदेश

- पंछी बनूं उड़ती फिरूं मैं मस्त गगन में, आज मैं आजाद हूं दुनियां के चमन में



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** गांवों के शांत सुबह से लेकर शहरों की चहल-पहल तक, गौरैया कभी हवा को अपनी खुशनुमा चहचहाहट से भर देती थीं। इन नन्हें पक्षियों के झुंड, बिन बुलाए मेहमान होने के बावजूद स्वागत योग्य, अविस्मरणीय यादें बनाते थे। लेकिन समय के साथ, ये नन्हें दोस्त हमारी जिंदगी से गायब हो गए हैं। कभी बहुतायत में पाई जाने वाली घरेलू गौरैया अब कई जगहों पर एक दुर्लभ दृश्य और रहस्य बन गई है। इन छोटे प्राणियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी रक्षा करने के लिए, विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर मानव ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में गौरैया बचाओ अभियान के अंतर्गत रघुनाथपुरा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में नन्हे मुन्ने बच्चों से गौरैया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल परिसर में चहचहा रही गौरैया चिड़िया ने की। इस दौरान पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने बच्चों से गौरैया संवाद करते हुए कहा कि विडंबना देखिए कि जिन परिंदों ने मनुष्य को जीवन के नए आयामों से परिचित कराया, आज वो ही अपने अस्तित्व को बचाने में असहाय हो गए। इस संदर्भ में आज हम बात करेंगे एक प्यारे से पंछी की। जी हां !....आप सही समझ रहे हैं, बात हो रही है बचपन में हमारे आंगन में फुदकने वाली नन्हीं प्यारी गौरैया की, जो आने वाले समय में गुजरे जमाने की बात होकर रह जाने की कगार पर है। यदि यही दशा रही तो आने वाली पीढियां इस सुन्दर जीव का दीदार बस किताबों और चलचित्रों में कर पाएंगी.... इनको सजीव देखना, इनको समझना, इनके साथ जीवन जीना महज कोरी कल्पना बनकर ही रह जायेगा। डा.राजीव निरंजन ने बताया कि गौरैया अपने बच्चों को शुरुआती 10 से 15 दिन सिर्फ कीड़े मकोड़े ही खिलाती है, परन्तु खेतों से लेकर शहरों में घरेलू पेड़ पौधों में भी कीटनाशक का अधाधुंध प्रयोग हो रहा है, जिससे उनमें कीड़े नहीं लगते और इस प्रकार इनके बच्चों को समुचित भोजन नहीं मिल पाता। गौरैया चिडयि़ा जब कीटनाशकों के प्रभाव से उपजे अनाज को खाती है तो इससे उसको (गॉट) नामक बीमारी हो जाती है। जिससे गौरैया की किडनी खराब हो जाती है, जो गौरैया विलुप्ति का एक मुख्य कारण है। लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी ने कहा कि भारत में गौरैया को विभिन्न नामों से पुकारा जाता है।

## एनसीसी तृतीय वर्ष के 176 कैडेट को दिए सी सर्टिफिकेट

**मथुरा।** आज 11 यू.पी. बटालियन एनसीसी, मथुरा के कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एस.एस. नेगी के नेतृत्व में आज एनसीसी तृतीय वर्ष के कैडेटों को सी सर्टिफिकेट वितरित किए गए। श्री नेगी ने कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके भविष्य की शुरुआत है और असली उड़ान अभी बाकी है। उन्होंने सभी कैडेटों से गुरुदक्षिणा के रूप में एक अच्छा और कृतज्ञ नागरिक बनने की अपील की। सूबेदार मेजर पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि इस परीक्षा को पास करने के बाद उनके सामने कई नए अवसर खुल गए हैं और उन्हें इस उपलब्धि का अधिक से अधिक सदुपयोग करना चाहिए। इस वर्ष बटालियन के 176 कैडेटों ने इस प्रतिष्ठित सी सर्टिफिकेट परीक्षा को पास किया, जिनमें से लगभग 120 कैडेटों ने आज के समारोह में अपने सर्टिफिकेट प्राप्त किए। बटालियन ने किशोरी रमण महाविद्यालय को लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक के निर्देशन में सर्वोत्तम परिणाम लाने के लिए विशेष रूप से प्रशंसा की। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट हरि ओम, लेफ्टिनेंट अभिषेक सोलंकी, सूबेदार रोहित रायका, चंद्रप्रकाश सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारह अप्रैल को धूमधाम से मनायी जायेगी श्रीहनुमान जयन्ती



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्री रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिला अधिकारी, एसडीएम, एसपी, ईओ व नपाध्यक्ष को हनुमान जयंती के संबंध में सौंपा गया। ज्ञापन में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती पर्व 12 अप्रैल दिन शनिवार को नगर ललितपुर में धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसकी पूर्व संध्या पर 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को रात्रि में श्रृंगार सुंदरकांड पाठ आदि एवं 12 अप्रैल सुबह हवन एवं सायंकाल को विशाल शोभायात्रा शाम 5 बजे से श्री तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी, जो कि अपने पूर्व निर्धारित मार्ग तुवन चौराहा, सदर काटा, पानी की टंकी, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, आजाद चौक, वीर सावरकर चौक होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा। 13 से 19 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों अखण्ड रामायण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, भजन संध्या, आदि का आयोजन होगा। हनुमान जयंती महोत्सव नगर का सबसे बड़ा आयोजन है। इस दिन तुवन मंदिर में विशाल जनसमुदाय एकत्रित होता है। अतएव 11 से 19 अप्रैल तक किसी भी अन्य आयोजनों एवं मेले की अनुमति तुवन ग्राउंड पर न दिये जाने की मांग की गयी। इसके अलावा उन्होंने तुवन मंदिर प्रांगण की साफ सफाई शोभा यात्रा मार्ग का समतली करण, सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने एवं पुलिस अधीक्षक को तुवन मंदिर प्रांगण में पुलिस व्यवस्था एवं शोभायात्रा मार्ग पर पुलिस व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था हेतु अपने स्तर पर दिशा निर्देश जारी करने की मांग की गयी।

## शादी कन्यादान योजना आवेदन करें

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार की सूचित जाति और सामान्य जाति की विभाग योग्य कन्याओं को कन्यादान के रूप में अनुदान देने की योजना को पूर्व की भांति प्रारंभ कर दिया गया है जिसके लिए विभागीय वेबसाइट पर पात्र व्यक्ति अपने सभी प्रपत्रों के साथ आवेदन कर सकते हैं आवेदन प्रक्रिया अनवरत जारी है। इस संबंध में जिले के समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना अंतर्गत सामान्य जाति एवं अनुसूचित जाति के लिए जनपद को 64 और 122 क्रमशः का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष अभी तक कुल 112 आवेदन ऑनलाइन किए गए हैं जो कि अभी भी लक्ष्य कम है। इस योजना के अंतर्गत कन्या के विवाह को ?20000 की आर्थिक सहायता का लाभ दिया जाता है।

# काली पट्टी बांधकर बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार से शुरू हो गया। जिले में मूल्यांकन के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन इंटरमीडिएट की जीआईसी में 7772 व हाईस्कूल की जवाहर इंटर कॉलेज में 6138 और किशोरी रमण इंटर कॉलेज में 4098 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। 44 प्रतिशत परीक्षक उपस्थित हुए, जबकि 56 प्रतिशत परीक्षकों ने कॉपियां का मूल्यांकन करने से दूरी बना ली।

जिला विद्यालय निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है जो 2 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि तीन केंद्रों पर 4,45,581 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए 2017 परीक्षक और 206 उप प्रधान परीक्षक कार्यरत हैं, लेकिन पहले दिन ही परीक्षक और उप प्रधान परीक्षक केंद्रों पर नहीं पहुंचे। 2017 परीक्षकों में से 894 ही उपस्थित हुए तथा 206 उप प्रधान परीक्षकों में से 146 ही पहुंचे।

उन्होंने बताया कि जो शिक्षक मूल्यांकन में नहीं पहुंचे हैं उनकी सूची बनाकर शासन को भेजी जाएगी। मूल्यांकन केंद्र में मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक सामग्री ले जाने पर पूर्णतः रोक लगी हुई है। वहीं 10-15 मिनट की देरी से आने वाले परीक्षकों को अनुपस्थित माना जाएगा।

बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षकों ने अपनी प्रमुख मांगों के लिए विरोध जताया।

# अनुराग ठाकुर का नामांकन स्वीकार करें, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का बीएफआई को निर्देश

**शिमला।** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया जब हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने निर्वाचन मंडल से उनकी अयोग्यता पर रोक लगा दी और बीएफआई को उनकी उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तिथि बढ़ाने का निर्देश दिया। हमीरपुर से लोकसभा सांसद ठाकुर को बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह के आदेश से सात मार्च को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। आदेश में कहा गया था कि सिर्फ चुने हुए सदस्य ही चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

ठाकुर हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे और उन्हें चुनकर आया सदस्य नहीं होने के कारण अयोग्य करार दिया गया। जस्टिस अजय मोहन गोयल ने हालांकि बृहस्पतिवार को

**प्रक्रिया**

**आदेश में कहा गया था कि सिर्फ चुने हुए सदस्य ही चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।**

फैसला सुनाया कि 13 मार्च को निर्वाचन अधिकारी आर के गॉबा द्वारा अनुमोदित निर्वाचन मंडल 'प्रथम दृष्टया खराब है और कानून की नजर में टिकने योग्य नहीं है।' इसमें ठाकुर को शामिल नहीं किया गया था।

इसमें कहा गया, इस परिप्रेक्ष्य में सुविधा का संतुलन भी याचिकाकर्ताओं के पक्ष में है और यदि अंतरिम राहत प्रदान नहीं की जाती है, तो उन्हें अपूरणीय क्षति



होगी। इसमें आगे कहा गया, अंतरिम उपाय के रूप में, यह न्यायालय दिनांक सात मार्च 2025 के नोटिस के संचालन पर रोक लगाता है, साथ ही दो नामित सदस्यों में से एक यानी श्री अनुराग सिंह ठाकुर के नामांकन को अस्वीकार करने के आदेश पर भी रोक लगाई जाती है।

बीएफआई प्रमुख ने कहा कि 34 पन्नों का आदेश पढने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। सिंह ने कहा, हम आदेश का अध्ययन कर रहे हैं और कानूनी सलाह के बाद इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। अदालत ने बीएफआई को निर्देश दिया कि ठाकुर और एचपीबीए के अधिकारी राजेश भंडारी के नामांकन को निर्वाचक मंडल में वैध नामांकन के रूप में देखा जाए। इसमें कहा गया कि बीएफआई अध्यक्ष ने सात मार्च को बिना किसी अधिकार के आदेश जारी किया। अदालत के आदेश ने ठाकुर के लिए 28 मार्च को होने वाले चुनाव लड़ने का रास्ता साफ कर दिया है, क्योंकि इसने बीएफआई को निर्देश दिया है कि वह नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाए, ताकि वह अपना नामांकन दाखिल कर सकें। ठाकुर को वार्षिक आम बैठक में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने और उसमें पूरी तरह से भाग लेने की भी अनुमति दी गई है। एचपीबीए ने कहा है कि ठाकुर 2008 से राज्य इकाई के निर्वाचित सदस्य हैं और उन्होंने अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर काम किया है।

# इकाना स्टेडियम में इन तारीखों पर होंगे सात मैच

## ऑनलाइन के साथ मेट्रो स्टेशनों पर भी मिलेंगे टिकट

**लखनऊ।** आईपीएल 2025 के मैचों के लिए इकाना स्टेडियम में चल रही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यहां पहला मैच एक अप्रैल को और आखिरी मैच 18 मई को होगा।



आईपीएल के लिए इकाना स्टेडियम तैयार हो रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी विशाख जी ने स्टेडियम, बीसीसीआई, यूपीसीए व अन्य संबंधित एजेंसियों और विभागों के अफसरों के साथ स्टेडियम में बैठक की। बैठक में शामिल पुलिस अफसरों से सुरक्षा व्यवस्था की योजना तैयार की गई। मैचों के दौरान स्टेडियम और उसके आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

इस बार आईपीएल के सात मैच इकाना में होंगे। ये मैच एक, चार, 12, 14 और 22 अप्रैल के साथ ही 9 व 18 मई को होने हैं। मैचों के दौरान खिलाड़ियों, दर्शकों आदि को किसी तरह की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़ा इसके लिए डीएम ने सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने बुक माई शो के प्रतिनिधियों से कहा कि मैच से पहले शामिल होने वाले दर्शकों की स्पष्ट संख्या जरूर उपलब्ध कराएं। जिससे क्राउड मैनेजमेंट उस आधार पर किया जा सके।

**सेफ्टी ऑडिट करें**

डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अफसरों से कहा कि पूरे स्टेडियम व उसके आसपास के क्षेत्र की स्ट्रक्चरल सेफ्टी का ऑडिट करवा कर सर्टिफिकेट देना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने बिजली विभाग को विद्युत सुरक्षा ऑडिट कर प्रमाण पत्र देने को कहा है।

**मैच के दिन चलेंगी फीडर बसें**

डीएम ने बताया कि मैच के दिनों में ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन (शहीद पथ मोड़) से मेट्रो फीडर बसों का संचालन किया जाएगा। ये बसें ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से इकाना स्टेडियम तक चलेंगी। जिससे दर्शक आवागमन कर सकेंगे। इन बसों के लिए पार्किंग चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है।

**मेट्रो स्टेशनों पर भी मिलेंगे टिकट**

डीएम ने बुक माई शो के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग के बाद टिकट रिडीम/फिजिकल टिकट प्राप्त किए जाने के लिए शहर में अलग-अलग स्थानों में काउंटर खोलें।

# वुशू फेडरेशन कप चैंपियनशिप में प्रदेश के 22 खिलाड़ी दिखाएंगे दम



**जाहू (हमीरपुर)।** अखिल भारतीय वुशू खेल संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि पुरुष वर्ग की टीम में सांसू स्पर्धा में सोनू 60 किलोग्राम, पीयूष 65 किलोग्राम, उत्तम चंद 70 किलोग्राम, सुनील कुमार 75 किलोग्राम और हर्षित संसपाल 90 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

वुशू महिला-पुरुष वर्ग फेडरेशन कप 24 से 28 मार्च तक छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खेला जाएगा। फेडरेशन कप में हिमाचल की दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुष वर्ग में 10 और महिला वर्ग में 12 खिलाड़ी सांसू और तालू स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अखिल भारतीय वुशू खेल संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि पुरुष वर्ग की टीम में सांसू स्पर्धा में सोनू 60 किलोग्राम, पीयूष 65 किलोग्राम, उत्तम चंद 70 किलोग्राम, सुनील कुमार 75 किलोग्राम और हर्षित संसपाल 90 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

तालू प्रतियोगिता में ललित चौहान गुनशू, हेमराज ननक्वॉन, अंशुमन ननक्वॉन, शेर सिंह ताईजीक्वॉन व्यावहारिक और अजय कुमार विंगचुंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। महिला वर्ग की सांसू स्पर्धा में गुलशन 75 किलोग्राम भार में भाग लेंगी। तालू स्पर्धा में रिया वर्मा, शीला बगुआझां, शिवानी गुनशू, ज्योति ननदऊ, दीक्षा ननक्वॉन, पायल ननक्वॉन, आर्य ताईजीजियॉन, रजनी देवी ताईजिक्वॉन व्यावहारिक, मनोरमा जियांशू में भाग लेंगी।

## पहले ही दौर में हारकर बाहर हुईं पीवी सिंधू

**नई दिल्ली।** पुरुष एकल स्पर्धा की बात करें तो किदांबी श्रीकांत ने शुरुआती दौर के मुकाबले में हमवतन एचएस प्रणय को एक कठिन मैच में 23-21, 23-21 से हराया और प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू बुधवार को स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। सिंधू का इस साल खराब प्रदर्शन जारी है। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी जूली जैकबसेन से 61 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हरा दिया। सिंधू इस साल लगातार तीसरी बार पहले दौर से बाहर हुई हैं। उन्होंने इंडियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर साल की शुरुआत की थी, लेकिन इंडोनेशिया मास्टर्स, ऑल इंग्लैंड ओपन और अब स्विस ओपन में राउंड एक से आगे नहीं बढ़ सकी। इस टूर्नामेंट को उन्होंने 2022 में जीता था।

# ऋषभ पंत अच्छे कप्तान, हम आक्रामक क्रिकेट खेलने आए हैं, गेंदबाजों की फिटनेस अहमः जहीर खान

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजायंट्स के मेंटर जहीर खान बोले कि महेंद्र सिंह धोनी जब तक खेलेंगे, तब तक आईपीएल में उनका जलवा बना रहेगा। उनकी लोकप्रियता लखनऊ ही नहीं, पूरे देश के मैदानों में हैं।

उसे कम नहीं किया जा सकता। हमारी टीम के कप्तान ऋषभ पंत समेत आईपीएल खेल रहे सभी बड़े भी माही को अपना आदर्श मानते हैं। लखनऊ में होने वाले मुकाबले में हम चेन्नई सुपरकिंग्स को टीम को कड़ी टक्कर देंगे। बाकी अगर उस दिन (14 अप्रैल) को इकाना स्टेडियम धोनी की शर्ट से रंग भी जाए तो हमें कोई हैरत नहीं होगी।

**ऋषभ पंत के नेतृत्व में चढ़कर खेलेगी एलएसजी की टीम**

जहीर खान ने ऋषभ पंत अच्छे कप्तान हैं। वह टीम को आगे ले जाएंगे। हमें उनसे बहुत उम्मीद है। एक अच्छा लीडर टीम को आगे ले जाने का काम करता है। ऋषभ पंत पर मैदान में चुटीले अंदाज के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं, समझता हूं। उनका अंदाज इसी तरह से क्रिकेट खेलने का है। इसी तरह का क्रिकेट एलएसजी आईपीएल में खेलेगी, लेकिन टीम के सभी खिलाड़ी आक्रमक खेल को तरहीज देंगे। इससे बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

**गेंदबाजों को फिटनेस का ख्याल रखना होगा**

खिलाड़ियों के तेज गेंदबाजी करने की कोशिश में चोटिल होने पर कहा कि अपनी स्ट्रेंथ के हिसाब से काम करना होगा। इससे बेहतर परिणाम सामने आएंगे। तेज गेंदबाजों को इंजरी से परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह तो खेल का एक हिस्सा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आईपीएल के लिए अच्छी टीम हमें चाहिए, अच्छी क्रिकेट खेलनी है। हमारे पास पॉजिटिव आउटलुक वाली क्रिकेट टीम है। गेंदबाज भी इस टीम का अहम हिस्सा हैं।

मुकाबलों के दौरान आईपीएल के लिए टीम कॉम्बिनेशन पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा अभी उस पर नहीं जाऊंगा, लेकिन इसका अंदाजा पहले मैच तक लग जाएगा। अभी आप लोग इस पर अंदाजा लगाइए। बतौर टीम आप जीतते हैं बतौर टीम आप हारते भी हैं। हर खिलाड़ी को एक रोल दिया गया है, जो मैच में अपने प्रदर्शन से उपस्थिति दर्ज कराएंगे। आईपीएल में कई मैच खेलने हैं। इसलिए अंतिम एकादश में कई बार बदलाव भी होंगे।

**सीएम योगी खेलों के बढ़ावे के लिए कर रहे काम**

यूपी में खेलों के विकास के लिए काफी काम हो रहा है। यह प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद टीम के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने हमारी बातों को ध्यान से सुना। यह अच्छी बात है। खेलों के प्रति उनका विजन शानदार है। हमने



उन्हें लखनऊ में होने वाले आईपीएल मुकाबले देखने के लिए आमंत्रित किया है।

**कबाब और बिरयानी खिलाड़ियों की पहली पसंद**

जहीर खान से लखनऊ में उनके पसंदीदा खान-पान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नई चीज यहां पर बहुत आ रही है। कभी कबाब आ रहा है, कभी बिरयानी आ रही है। खिलाड़ियों का ध्यान रखना पड़ता है। हालांकि यह सब उन्हें पसंद भी खूब आ रहा है। पिछले कुछ समय में प्रशंसकों के बीच लखनऊ सुपरजायंट्स को सपोर्ट बढ़ा है, जो आने वाले मुकाबलों में टीम का उत्साह बढ़ाएगा।

# हिंदी में बनेगी श्रीलंका की मशहूर कॉमेडी टेंटिगो, हंसल मेहता-मुकेश छाबड़ा मिलकर बनाएंगे फिल्म

**नई दिल्ली।** हंसल मेहता की ट्रू स्टोरी फिल्म्स और मुकेश छाबड़ा मिलकर श्रीलंका की मशहूर कॉमेडी



फिल्म टेंटिगो का हिंदी संस्करण बनाने जा रहे हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दी है।

श्रीलंका की मशहूर फिल्म टेंटिगो एक कॉमेडी फिल्म है, जिसे अब ट्रू स्टोरी फिल्म्स के बैनर तले हिंदी में बनाया जाएगा। श्रीलंकाई कॉमेडी फिल्म टेंटिगो 2023 में तालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में पहली बार दिखाई गई थी और वहां इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी मिला था।

टेंटिगो के हिंदी संस्करण को ट्रू स्टोरी फिल्म्स के साथ क्रॉलिंग एंजल फिल्म्स मिलकर बनाएंगे, जिसमें संजय गुलाटी और नीरज पांडे सह-निर्माता होंगे। मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा भी इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़े हैं। फिल्म की कहानी को हिंदी में ढालने का काम करन व्यास करेंगे, जो स्कैम 1992 और स्कूप जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाने जाते हैं।

हंसल मेहता ने कहा, मैं आमतौर पर रीमेक बनाने के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन इस फिल्म ने मुझे वाकई उत्साहित किया है, जिस पल मैंने श्रीलंकाई फिल्म टेंटिगो देखी, मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाया। मेरा मानना है कि इसका हिंदी रूपांतरण पूरे भारत में दर्शकों को पसंद आएगा। मैं इसे दर्शकों तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हूं।

फिल्म शहिद के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने कहा, शहिद के बाद से मुझे हंसल मेहता के साथ उनके सभी प्रोजेक्ट्स में कास्टिंग डायरेक्टर के तौर पर काम करने का सौभाग्य मिला है। मैं अपने करियर के इस नए अध्याय को लेकर उत्साहित हूं।

**संजय गुलाटी की राय**

संजय गुलाटी ने कहा, पिछले 10 सालों में, मैं जिन फिल्मों से जुड़ा हूं, उनमें से कई का प्रीमियर फिल्म फेस्टिवल में हुआ है। टेंटिगो, एक कॉमेडी के रूप में आम फेस्टिवल फिल्म लेबल को चुनौती देती है। इस रूपांतरण के जरिए, मेरा लक्ष्य ऐसी परिभाषाओं से मुक्त होना है।

## रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर छाई सिकंदर

भारत में अभी सिकंदर की एडवांस बुकिंग शुरू नहीं हुई है, लेकिन विदेश में इसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। ऐसे में विदेश में फिल्म की अच्छी खासी कमाई हो गई है।

एक साल के ब्रेक के बाद सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर ईद के मौके पर वापसी करने जा रहे हैं। वह सिकंदर फिल्म में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन मुर्गदास ने किया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर अभी तक नहीं लॉच किया है। लेकिन वर्ल्डवाइड इस फिल्म की एडवांस बुकिंग होने लगी है।

जैसे साउथ में लोग रजनीकांत और जूनियर एनटीआर की फिल्मों का इंतजार करते हैं। उसी तरह से सलमान खान की फिल्म दबंद की रिलीज से पहले सलमान खान के फैन इसका जश्न मनाने के लिए माहौल बनाया था। साल 2023 में सलमान खान किसी का भाई किसी की जान और टाइगर 3 रिलीज हुई थी। इसके बाद सलमान खान ने एक साल का ब्रेक लिया था।

# निवर्तमान आईओसी प्रमुख बाक ने बिंद्रा की तारीफ की, अगले आईओसी अध्यक्ष बनने की रेस में जुआन एंटोनियो आगे

**कोस्टा नवारिनो (यूनान)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक ने ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम में भागीदारी के लिए अपने मित्र और भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की प्रशंसा की। बाक ने बुधवार को यहां ऐतिहासिक आईओसी सत्र के दौरान 'ओलंपिज्म 365 कार्यक्रम' के माध्यम से भारतीय बच्चों को 'बांस' के टेबल टेनिस बोर्ड मिलने की कहानी का जिक्र भी किया। आईओसी ने अपना सत्र शुरू किया जिसमें अध्यक्ष का चुनाव गुरुवार को होगा। अगले आईओसी अध्यक्ष बनने की रेस में जुआन एंटोनियो समरंच सबसे आगे हैं।

बाक जून में पद छोड़ देंगे, उन्होंने विभिन्न आयोगों की रिपोर्ट की बात करते हुए भारत के मशहूर निशानेबाज बिंद्रा का नाम लिया जो आईओसी. एथलीट आयोग के वर्तमान सदस्य भी हैं। बाक ने कहा, हमारे पास ओलंपिक शिक्षा आयोग है जिसकी अध्यक्ष श्रीमती मिकाएला



कोजुआंगको जॉस्की हैं। मुझे लगता है कि हम सभी को कार्यक्रम की बड़ी संख्या को समझना चाहिए।

उन्होंने कहा, विशेष रूप से भारत में हमारे मित्र अभिनव बिंद्रा को भी धन्यवाद। आपके प्रयास और आपके आयोग के सदस्यों में से एक के लिए धन्यवाद क्योंकि हम महसूस कर सकते हैं कि यह कार्यक्रम वास्तव में मजबूती हासिल कर रहा है। आईओसी ने मई 2022 में भारत में पहला ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) शुरू किया जिसमें ओडिशा में स्कूली शिक्षा प्रणाली में ओलंपिक-थीम वाले पाठ्यक्रम को एकीकृत किया गया। भारत में लागू होने वाली पहली प्रमुख आईओसी परियोजनाओं में से एक ओवीईपी को ओडिशा सरकार के स्कूल और जन शिक्षा विभाग और अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट (एबीएफटी) के साथ साझेदारी में विकसित किया जा रहा है। पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के दौरान बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके 'विशिष्ट योगदान' के सम्मान में बाक द्वारा प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया था।

अध्यक्ष पद की दौड़ अब सात उम्मीदवारों में से तीन तक सिमटती हुई दिखाई दे रही है। आईओसी उपाध्यक्ष जुआन और दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सेबेस्टियन को और क्रिस्टी कोवेंट्री इस रेस में शामिल हैं। इस दौड़ में जॉर्डन के राजकुमार फैसल अल हुसैन, जोहान एलियाश, डेविड लैपर्टिएंट और मोरिनारी वतनबे भी शामिल थे। जिम्बाब्वे की 41 वर्षीय खेल मंत्री कोवेंट्री अगर चुनी जाते हैं तो वह 131 वर्षों में आईओसी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी होंगी। उन्हें बाक का पसंदीदा भी माना जाता है। सभी उम्मीदवार और उनके मतदाता आईओसी सदस्यों के अनन्य और आमंत्रित क्लब में हैं, जिनकी संख्या वर्तमान में 109 है। नया आईओसी अध्यक्ष 23 जून को पदभार ग्रहण करेगा।

# राहुल बोस ने खुद को बताया स्टारलेट, बोले- फिल्म चमेली में मिली करीना से कम फीस

**मुंबई।** बॉलीवुड में कलाकारों की फीस एक बड़ा मुद्दा रही है। अक्सर ही इंडस्ट्री में लैंगिक आधार पर भुगतान की असमानता की बात कही जाती रही है। अब अभिनेता राहुल बोस ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी है। साथ ही उन्होंने उन्हें मिली फीस पर भी बात की।

आपको 2003 में आई फिल्म 'चमेली' तो याद ही होगी। फिल्म में करीना कपूर के साथ राहुल बोस मुख्य भूमिका में नजर आए थे। हालांकि, राहुल बोस का ये मानना है कि उस फिल्म की प्रमुख स्टार करीना कपूर ही थीं। साथ ही अभिनेता ने ये भी बताया कि फिल्म की उनकी फीस करीना को मिली फीस का एक छोटा सा हिस्सा मात्र थी।

पीटीआई के मुताबिक, मर्दों वाली



बात सम्मेलन में बात करते हुए अभिनेता राहुल बोस ने बॉलीवुड में वित्तीय असमानता पर भी खुलकर बात की। अभिनेता ने कहा, पुरुष अभिनेताओं ने भी वर्षों से स्टारलेट की भूमिका निभाई है। मैं खुद इसका एक उदाहरण हूं। फिल्म 'चमेली' में मैं स्टारलेट था और करीना स्टार थीं। वो आज भी मुझसे ज्यादा लोगों को थिएटर में ला सकती हैं।

अभिनेता ने आगे कहा, फिल्म 'चमेली' में मुझे करीना के मुकाले कम पैसे मिले थे। जो कि तार्किक भी है। जो लोग ज्यादा लोगों को थिएटर में बुला सकते हैं, बेहतर होगा कि उनके अनुपात का ध्यान भी रखा जाए और ऐसा हुआ भी है। यह पैटर्न कायम रहा, क्योंकि मैं कभी भी ऐसा अभिनेता नहीं था जो दर्शकों को सिनेमाघरों तक ले आए।

राहुल बोस ने आगे पैसों के भुगतान के मामले पर बात करते हुए कहा, ÷मुझे बॉलीवुड में पैसों के भुगतान का पैट्रेन सही लगता है। यहां कलाकार की कमाई उसके बॉक्स ऑफिस अपील पर टिकी होती है। जो जितने लोगों को थिएटर में ला सकता है, उसे उस हिसाब से भुगतान किया जाएगा।÷ खुद दो फिल्मों का निर्माण करने के बाद अभिनेता ने ये महसूस किया है कि उन्होंने खुद को जितना भुगतान किया, उससे ज्यादा नहीं किया होता। लैंगिक वेतन असमानता पर बहस को खारिज करते हुए, उन्होंने कहा कि प्रणाली सीधी है, अगर कोई अभिनेता राजस्व लाता है, तो वे अधिक कमाते हैं, यदि नहीं, तो उनका वेतन इसे दर्शाता है।

राहुल बोस अंतिम बार पिछले साल आई स्पाई थ्रिलर फिल्म 'बर्लिन' में नजर आए थे। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई थी। फिल्म में राहुल बोस के साथ अपारशक्ति खुर्राना, ईश्वक सिंह, कबीर बेदी और अनुप्रिया गोएनका जैसे कलाकार भी नजर आए थे।

# धनश्री-चहल के तलाक पर कोर्ट से आया फैसला

**मुंबई।** युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा तलाक के मामले को लेकर कई दिनों से सुर्खियों में हैं। बृहस्पतिवार को दोनों ने अधिकारिक तौर पर एक दूसरे से तलाक ले लिया है। इस बात की तस्दीक उनके वकील ने की। मीडिया से बात करते हुए उनके वकील ने बताया कि तलाक हो गया है। शादी भंग हो गई है। इस मामले में जब वकील से ज्यादा जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कुछ नहीं, और कुछ नहीं कहूंगा।

इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी अलग रह रही पत्नी धनश्री वर्मा को तलाक के समय छह महीने की कूलिंग पीरियड से छूट देने की याचिका को मंजूरी दे दी थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत को चहल और धनश्री की तलाक याचिका पर 20 मार्च तक फैसला करने का निर्देश दिया था।

आपको बता दें कि चहल और धनश्री ने दिसंबर 2020 में शादी की थी। हालांकि, पिछले कुछ महीनों



से दोनों अलग रह रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने इस साल आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दायर की थी। इसके साथ ही उन्होंने छह महीने की अनिवार्य कूलिंग पीडियड माफ करने की मांग भी की थी। हालांकि, पारिवारिक अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद हाई कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया था। जिसके बाद तलाक की प्रक्रिया जल्द पूरी होने का रास्ता साफ हो गया था।

हाल ही में मीडिया में खबरें आईं थी कि चहल ने धनश्री के साथ अपनी तस्वीरें हटा ली थीं। इससे चहल और धनश्री के बीच तलाक की खबरों को बल मिला। चहल महविश के साथ मैच देखने पहुंचे थे। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल थीं।

## बिहार के भाजपाई वित्त मंत्री ने केंद्र की अपनी सरकार से 2.10 लाख करोड़ मांग दिए



**पटना।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार में वित्त मंत्री भाजपा के सम्राट चौधरी हैं और अब इसी सरकार ने अपनी केंद्र सरकार से बहुत बड़ी मांग कर दी है। करीब 2,10,054 करोड़ की। यहां तक कि फिल्म सिटी बनाने के लिए भी केंद्र सरकार से अनुदान की मांग की है। बिहार के चुनावी साल में राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से 2.10 लाख करोड़ का पैकेज मांग दिया है। राज्य के भाजपाई वित्त मंत्री और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मांगों की यह फेहरिस्त सोलहवें वित्त आयोग के जरिए केंद्र के सामने रखी है। राज्य सरकार ने फिल्म सिटी बनाने से लेकर अलग-अलग मदों में 1,09,974.95 करोड़ की मांग के साथ ही राज्य के विकास की जरूरतों को पूरा करने के नाम पर अलग से 1,00,079 करोड़ रुपये के अनुदान की मांग की।

राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने बिहार के विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल वित्तीय सहायता के तहत वित्त आयोग से 1,00,079 करोड़ रुपये के अनुदान की मांग की है। इसके बाद दूसरी बड़ी धनराशि 35,025.77 करोड़ रुपये के अनुदान की मांग शहरी निकायों के विकास के लिए की गई है। सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए 16वें वित्त आयोग से 24,206.68 करोड़ रुपये का अनुदान मांगा है। शिक्षा क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए 18,532.10 करोड़ रुपये अनुदान की मांग की गई है।

# आईटी मंत्री ने आलीशान महल को लेकर पूर्व सीएम जगन पर साधा निशाना

**एकड़**

**पूर्व सीएम जगम मोहन रेड्डी का आलीशान बंगला विवादों के घेरे में है। यह महल 10 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला है।**

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नए बंगले को लेकर सियासत तेज हो गई है। आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने पूर्व सीएम रेड्डी की तुलना सद्दाम हुसैन से की है। पूर्व सीएम ने विशाखापत्तनम में रुशिकोंडा पहाड़ी पर महल बनवाया है। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नए बंगले को लेकर सियासत तेज हो गई है। आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने पूर्व सीएम रेड्डी की तुलना सद्दाम



हुसैन से की है। पूर्व सीएम ने विशाखापत्तनम में रुशिकोंडा पहाड़ी पर महल बनवाया है।आईटी मंत्री ने कहा कि वाईएसआरसीपी नेता ने सोचा था कि वह 30 साल तक सत्ता में रहेंगे। उन्होंने पर्यटकों को समुद्र तट के खूबसूरत नजारे से वंचित कर दिया। उन्हें लगा कि वह आंध्र के सद्दाम हुसैन हैं, इसलिए उन्होंने विशाल महल बनवाया। उन्होंने तीन भव्य इमारतें बनवाईं हैं। एक अपने लिए और दो अपनी बेटियों के लिए। साथ ही अपनी पत्नी के लिए एक विशेष कैंप ऑफिस भी बनवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि महल में बड़े हॉल, विशाल कमरे, महंगे इतालवी संगमरमर और शानदार फिटिंग शामिल हैं, जो सभी सार्वजनिक धन से वित्त पोषित हैं। इसके अतिरिक्त उनके 1,000 सुरक्षाकर्मियों के लिए एक विशाल घर बनाया गया था, क्योंकि जगन हमेशा डर में रहते थे।

मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने महल पर 500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसके निर्माण के लिए एक खूबसूरत पहाड़ी को काटने के लिए 200 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने के साथ इसकी कुल लागत 700 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। मंत्री ने कहा कि यह सब सिर्फ चार लोगों के लिए है, जबकि जगन की मां और बहन को परिवार से बाहर रखा गया है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भी इतना भव्य महल नहीं है। पूर्व इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन को खूबसूरत महल बनवाने और आलीशान जीवनशैली जीने के लिए जाना जाता है। पूर्व सीएम जगम मोहन रेड्डी का आलीशान बंगला विवादों के घेरे में है। यह महल 10 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला है। साथ ही इसमें चार बड़े ब्लॉक बनाए गए हैं। सभी ब्लॉक को अत्याधुनिक सुविधाओं और शानदार डिज़ाइन के साथ तैयार किया गया है। महल की बनावट को खास तौर पर सजाया और डिजाइन किया गया है। सत्तारूढ़ टीडीपी ने आरोप लगाया कि इस हवेली में लगाए गए बाथटब की कीमत 40 लाख रुपये है, और एक-एक कमोड की कीमत 10-12 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। इसके साथ ही आरोप है कि इस हवेली ने तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) मानदंडों का घोर उल्लंघन किया है। टीडीपी का कहना है कि पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार ने कानूनी दिशा-निर्देशों को नजरअंदाज किया।

## क्या किसानों से टूटा जनता का भरोसा? आप ने हटाया, कांग्रेस ने दिया समर्थन



**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार ने लगभग 800 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। शंभू बॉर्डर से उनका धरना समाप्त करवा दिया गया है। कहा जा रहा है कि कई बड़े किसान नेताओं को सरकार ने नजरबंद कर दिया है। आईए जानते हैं कि किसानों के प्रति जनता के रुख में यह बदलाव कैसे और क्यों आया? केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के विरोध में जब संयुक्त किसान मोर्चा ने पूरे देश में आंदोलन किया था, तब लोगों ने इसका समर्थन किया था। यूपी बॉर्डर, शंभू बॉर्डर सहित तमाम जगहों पर लंबी सड़क बंदी से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हुई। लेकिन इसके बाद भी काफी हद तक लोगों का समर्थन किसानों के साथ बना रहा। लोगों ने यह माना कि किसानों की समस्याएं गंभीर हैं और उसका समाधान होना चाहिए। संभवतः आंदोलन को मिले इसी समर्थन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वयं सामने आकर उन कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा। लेकिन आज जब पंजाब की भगवंत मान सरकार ने किसानों का आंदोलन समाप्त करने की कार्रवाई की है, लोग उसके समर्थन में दिख रहे हैं। पंजाब सरकार ने लगभग 800 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। शंभू बॉर्डर से उनका धरना समाप्त करवा दिया गया है। कहा जा रहा है कि कई बड़े किसान नेताओं को सरकार ने नजरबंद कर दिया है। किसानों के प्रति जनता के रुख में यह बदलाव कैसे और क्यों आया? देश की लगभग 55 प्रतिशत लोग आज भी किसानी से जुड़े हैं। देश के 42 से 60 प्रतिशत लोग आज भी कृषि से जुड़े विभिन्न व्यवसायों में काम कर रहे हैं। देश की बड़ी आबादी के लिए यह आज भी आजीविका का सबसे बड़ा साधन है। लेकिन इसके बाद भी किसानों के आंदोलन को बड़ा समर्थन न मिल पाना चौंकाता है। ध्यान देने की बात है कि जिस समय किसान आंदोलन चल रहा था, उसी समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी हुए थे। भाजपा, जिसके खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे थे, उसने यूपी-उत्तराखंड सहित चार राज्यों में बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब रही थी। यहां तक कि लखीमपुर खीरी में जहां एक मंत्री पुत्र के कारण बड़ी दुर्घटना घट गई थी और कुछ किसानों की जान चली गई थी, वहां भी भाजपा बड़ी जीत हासिल करने में सफल रही थी।

## हिंसा के बाद शहर के हालात हो रहे सामान्य, कई इलाकों से हटाया गया कर्फ्यू, कई जगह दी गई ढील

**नागपुर।** कड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, इमामवाड़ा और यशोधरानगर इलाकों में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। इस दौरान नागरिक आवश्यक वस्तुओं की खरीददारी कर सकते हैं। नागपुर में हुई हिंसा के बाद शहर के हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने कई इलाकों में कर्फ्यू में ढील दी है। साथ ही कुछ इलाकों से कर्फ्यू पूरी तरह से हटा दिया गया है। प्रशासन ने बताया, नागपुर शहर के नंदनवन और कपिल नगर इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है। वहीं, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, इमामवाड़ा और यशोधरानगर इलाकों में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। इस दौरान नागरिक आवश्यक वस्तुओं की खरीददारी कर सकते हैं। हालांकि अगले आदेश तक कोतवाली, गणेशपेठ और तहसील पुलिस थाना सीमा में कर्फ्यू पहले की तरह लागू रहेगा। नागपुर पुलिस कमिश्नर रविंद्र सिंघल ने बताया कि कपिलवन और नंदनगढ़ पुलिस थानों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। 80 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें से 11 नाबालिग हैं। उसकी (मुख्य आरोपी फहीम खान) दो-तीन जगह मूवमेंट देखी गई है। आगे की जांच चल रही है।

## राम सुतार को मिलेगा महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी समेत बना चुके हैं ये प्रतिमाएं

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ÷महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार÷ के लिए प्रसिद्ध शिल्पकार राम सुतार को चुना है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को विधानसभा में दी। महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार के तहत ?25 लाख और एक स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए 12 मार्च को मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

100 वर्ष पूरे कर चुके शिल्पकार राम सुतार को इससे पहले पद्म भूषण से भी सम्मानित किया जा चुका है। वे दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (182 मीटर ऊंची) के निर्माता हैं। वर्तमान में वे मुंबई के इंदू मिल में बन रही डॉ. भीमराव

# एलन मस्क की कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर किया मुकदमा; आईटी अधिनियम के दुरुपयोग का लगाया आरोप

**बेंगलूरू।** भाषा में अपशब्दों और गलत शैली के इस्तेमाल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट ग्रोक सवालों के घेरे में है। केंद्र सरकार इस मामले में जांच की तैयारी में है। इसे लेकर सरकार एक्स के अधिकारियों के संपर्क में भी है। इसी बीच, एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया है। अपनी याचिका में एक्स ने गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने ढंग से सेंसरशिप को चुनौती दी है। साथ ही एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के उपयोग को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर एक्स ने तर्क दिया है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। एक्स ने यह भी आरोप लगाया है कि सरकार धारा 69ए में लिखी गई कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए समानांतर कंटेट को रोकने के लिए तंत्र बनाने के लिए आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) का उपयोग कर रही है। अपनी याचिका में एक्स ने दावा किया कि केंद्र का रुख श्रेया सिंघल मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2015 के फैसले से उलट है। उस फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कंटेट को केवल उचित न्यायिक प्रक्रिया या धारा 69 ए के तहत कानूनी रूप से रोका जा सकता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय (आई एंड बी) के अनुसार, धारा 79 (3) (बी) ऑनलाइन प्लेटफार्मों को अदालत के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को

**संपर्क**

**केंद्र सरकार इस मामले में जांच की तैयारी में है। इसे लेकर सरकार एक्स के अधिकारियों के संपर्क में भी है।**

हटाने का आदेश देती है।

बता दें कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (आई एंड बी) का कहना है कि आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को न्यायालय के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाने का आदेश देती है। इसमें कहा गया है कि अगर कोई प्लेटफॉर्म 36 घंटों के भीतर ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसे धारा 79(1) के तहत अपने बचाव के रास्ते खो देगा। इतना ही नहीं उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) सहित विभिन्न कानूनों के तहत जवाबदेह भी ठहराया जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर एक्स ने इस व्याख्या का विरोध किया है। एक्स ने यह तर्क दिया है कि ये प्रावधान सरकार को ऑनलाइन सामग्री को रोकने का स्वतंत्र अधिकार नहीं देता है। साथ ही एक्स ने अधिकारियों पर उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाना सेंसरशिप लगाने के लिए कानून का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। वहीं, एक्स ने यह कदम तब उठाया है, जबकि ग्रोक द्वारा अपशब्दों के प्रयोग किए जाने के मामले में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय जांच की तैयारी में है। मंत्रालय मे कहा है कि वह एआई चैटबॉट ग्रोक के हिंदी में अपशब्द बोलने की हालिया घटनाओं को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के संपर्क में है और वह इस मामले की जांच करेगा। सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय उन कारकों की जांच करेगा, जिनके कारण अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। बता दें कि एलन मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक ने हाल ही में उपयोगकर्ताओं की तरफ से उकसाने के बाद हिंदी में अपशब्दों से भरी प्रतिक्रिया दी।

## पूर्व पाकिस्तानी पीएम नवाज शरीफ को मिली नई जिम्मेदारी, बेटी मरियम की सरकार में संभालेंगे अहम विभाग



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अब एक नए पद को संभालते दिखेंगे। बता दें कि, पंजाब प्रांत में अपनी बेटी मरियम नवाज की सरकार में नवाज शरीफ को लाहौर अथॉरिटी फॉर हेरिटेज रिवाइवल के मुख्य संरक्षक का जिम्मा सौंपा गया है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पंजाब प्रांत में अपनी बेटी मरियम नवाज की सरकार में नई नौकरी मिली है। तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज अब लाहौर अथॉरिटी फॉर हेरिटेज रिवाइवल (एलएएचआर) के मुख्य संरक्षक बन गए हैं। जिसके बाद अब नवाज शरीफ लाहौर में औपनिवेशिक काल की कई इमारतों के जीर्णोद्धार का काम देखेंगे। पंजाब प्रशासन ने नवाज शरीफ को एलएएचआर का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया है। वे लाहौर के पुराने शहर के जीर्णोद्धार का काम देखेंगे। वहीं नवाज शरीफ को मिली नई जिम्मेदारी पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष का मजाक उड़ाया और उन्हें सरकारी नौकरी मिलने पर बधाई दी। विपक्षी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के वरिष्ठ नेता शौकत बसरा ने गुरुवार को कहा, %2024 के चुनावों में अपनी पार्टी की अपमानजनक हार के बाद नवाज शरीफ सेवानिवृत्त जीवन जी रहे हैं। इमरान खान का जनादेश चुराकर नवाज और जरदारी की पार्टियों पीएमएलएन और पीपीपी को दे दिया गया। अब नवाज की बेटी पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम ने उन्हें कुछ काम करने के लिए दिया है। नवाज के स्वास्थ्य के लिए बेहतर होगा कि वे सेवानिवृत्त राजनेता के रूप में पुरानी इमारतों के जीर्णोद्धार जैसे कुछ कामों में खुद को व्यस्त रखें। उन्होंने कहा कि नवाज चौथी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए 2023 में लंदन से लौटे थे, लेकिन सैन्य संस्थान ने उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ को इस काम के लिए बिल्कुल सही कठपुतली के रूप में चुना, जिससे बड़े शरीफ को अपने घाव चाटने के लिए छोड़ दिया गया। शौकत बसरा ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, अब नवाज शरीफ लाहौर के चारदीवारी वाले शहर की पुरानी इमारतों की निगरानी करते नजर आएंगे। पंजाब सरकार ने 100 से अधिक इमारतों को ऐतिहासिक विरासत स्थल के रूप में वर्गीकृत किया है। नवाज शरीफ ने लाहौर की विरासत को बहाल करने के लिए वाल्ड सिटी अथॉरिटी लाहौर से एक व्यापक योजना मांगी है। नवाज शरीफ ने कहा, %पुराना लाहौर अविश्वसनीय रूप से खूबसूरत है और इसे इसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाना चाहिए। हमारी खोई हुई विरासत को संरक्षित करना एक राष्ट्रीय कर्तव्य है।

## प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन की पेटिंग ने बनाया रिकॉर्ड, न्यूयॉर्क में 118 करोड़ में हुई बिक्री


**न्यूयॉर्क।** प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन की एक पेटिंग 13.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 118 करोड़ रुपये) में बिकी है। एमएफ हुसैन की पेटिंग ग्राम यात्रा ने आधुनिक भारतीय कला की सबसे महंगी पेटिंग का रिकॉर्ड बनाया है। इस पेंटिंग को प्रसिद्ध चित्रकार के 1950 के दशक की सबसे अहम और विशाल पेटिंग माना जाता है।

प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन की एक पेटिंग 13.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 118 करोड़ रुपये) में बिकी है। एमएफ हुसैन की पेटिंग ग्राम यात्रा ने आधुनिक भारतीय कला की सबसे महंगी पेटिंग का रिकॉर्ड बनाया है। इस पेंटिंग को प्रसिद्ध चित्रकार के 1950 के दशक की सबसे अहम और विशाल पेटिंग माना जाता है। 19 मार्च को न्यूयॉर्क के क्रिस्टी में इस पेंटिंग की नीलामी हुई। इससे पहले 2023 में अमृता

**पेंटिंग**

**वोलोडार्स्की ने 1964 में पेंटिंग को ओस्लो यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल को दे दिया था।**

शेरगिल की 1937 की द स्टोरी टेलर पेटिंग की मुंबई में लगभग 7.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर (61.8 करोड़ रुपये) में नीलामी हुई थी। एमएफ हुसैन की एक ही कैनवास पर करीब 14 फीट लंबी पेंटिंग में 13 पैनल लगे हैं। इस ग्राम यात्रा का अर्थ है गांव की तीर्थयात्रा। यह हुसैन की कृतियों की आधारशिला मानी जाती है। क्रिस्टी के साउथ एशियन मॉडर्न एंड कंटेम्परेरी आर्ट के प्रमुख निशाद अवारी ने कहा कि हम मकबूल फिदा हुसैन के काम और पूरी श्रेणी के लिए एक नया बेंचमार्क



मूल्य निर्धारित करने का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है और आधुनिक और समकालीन दक्षिण एशियाई कला बाजार की असाधारण ऊपर की ओर प्रगति को जारी रखता है। एमएफ हुसैन की जिस पेटिंग की सबसे महंगी बिक्री हुई है, वह 1954 में ही भारत से चली गई थी। यूक्रेन में जन्मे नॉर्वे के डॉक्टर लियोन एलियास वोलोडार्स्की ने इस पेटिंग को खरीद लिया था। वे नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लिए एक थोरैसिक सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए आए थे।

वोलोडार्स्की ने 1964 में पेंटिंग को ओस्लो यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल को दे दिया था। अब इस पेटिंग की बिक्री से प्राप्त आय संस्थान में डॉक्टरों की भावी पीढ़ियों के प्रशिक्षण में मदद करेगी। इससे पहले हुसैन की सबसे महंगी पेंटिंग शीर्षकहीन पुनर्जन्म पिछले साल लंदन में 3.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 25.7 करोड़ रुपये) में बिकी थी।

17 सितंबर, 1915 को महाराष्ट्र के पंढरपुर में जन्मे एमएफ हुसैन भारत के सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय कलाकारों में से एक थे। इनकी पेंटिंग ने दुनिया भर में कला को सम्मान दिलाया। राजनीति को लेकर देवी-देवताओं की उनकी पेंटिंग पर काफी विवाद भी हुआ। इसके बाद उन्होंने भारत छोड़ दिया और दुबई में रहने लगे।

## ताइवान ने दिया भारत को चीन के साथ व्यापार घाटा कम करने में मदद देने का भरोसा

**बैठक**

**ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने भारत-ताइवान संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर अपने भारतीय वार्ताकारों के साथ बंद कमरे में बैठक भी की।**

**नई दिल्ली।** ताइवान के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भू-राजनीति पर भारत के प्रमुख सम्मेलन, रायसीना डायलॉग में भाग लेने के लिए दिल्ली में हैं। उन्होंने इस दौरान दोनों पक्षा के बीच व्यापार पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने क्या कहा है, आइए जानते हैं। ताइवान भारत को चीन से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आयात को कम करने में मदद कर सकता है और दोनों पक्षों के बीच आर्थिक भागीदारी बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त



व्यापार समझौता करना होगा। यह कहना है ताइवान के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हुसु चिएन का। गुरुवार को पीटीआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में हुसु ने कहा कि व्यापार समझौते से सेमीकंडक्टर और अन्य उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में ताइवान की कंपनियों के लिए भारत में अधिक निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा, क्योंकि इससे उच्च शुल्क व्यवस्था को कम करने में मदद मिलेगी। ताइवान के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुख्य रूप से भू-राजनीति पर भारत के प्रमुख सम्मेलन, रायसीना डायलॉग में भाग लेने के लिए दिल्ली में हैं। हुसु चिएन ने कहा कि ताइवान की प्रौद्योगिकी और भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के बीच तालमेल बिठाकर भारत में उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी वाले घटकों का उत्पादन किया जा सकता है, जिससे नई दिल्ली को चीन से आयात कम करने में मदद मिलेगी। ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने भारत-ताइवान संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर अपने भारतीय वार्ताकारों के साथ बंद कमरे में बैठक भी की। हुसु ने कहा, मुझे लगता है कि संबंधों के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं, विशेषकर आर्थिक सहयोग के मामले में। ताइवान के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि भारत विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स घटकों का चीन से आयात करने के बजाय उनका संयुक्त उत्पादन करके चीन के साथ अपने विशाल व्यापार घाटे को कम कर सकता है। उन्होंने कहा, इनमें से अधिकांश आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) उत्पाद हैं, जिनके उत्पादन की हमारी दृष्टि से भारत में काफी संभावनाएं हैं। और ताइवान न केवल सेमीकंडक्टर, बल्कि अन्य सभी आईसीटी उत्पादों के मामले में भी मदद कर सकता है।

## हमास का प्रोपेगैंडा फैलाने के आरोप में भारतीय शोधकर्ता पर निर्वासन का खतरा, वर्जीनिया से गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** अमेरिका में जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत एक भारतीय शोधकर्ता को आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है और उसे निर्वासित किया जा सकता है। उनके वकील ने इसकी जानकारी दी है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। अमेरिका में जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत एक भारतीय शोधकर्ता को आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है और उसे निर्वासित किया जा सकता है। उनके वकील ने इसकी जानकारी दी है। पॉलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, पोस्ट-डॉक्टरल फेलो बदर खान सूरी को सोमवार रात वर्जीनिया में उसके घर के बाहर ÷नकाबपोश एजेंटों÷ ने गिरफ्तार किया। मुकदमे में कहा गया है कि एजेंटों ने स्वयं को होमलैंड सुरक्षा विभाग का कर्मचारी बताया और कहा कि सरकार ने उसका वीजा रद्द कर दिया है। सूरी पर ÷हमास का दुष्प्रचार फैलाने÷ का आरोप लगाया गया है। कहा जाता है कि उनके ÷किसी ज्ञात या संदिग्ध आतंकवादी से घनिष्ठ संबंध हैं।÷ होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक्स पर लिखा, सूरी जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में एक फॉरेन एक्सचेंज छात्र है, वह सक्रिय रूप से हमास का दुष्प्रचार करता रहा है और सोशल मीडिया पर यहूदी विरोधी भावना को बढ़ावा दे रहा है।

## टेक्सास की सीनेट ने होली को मान्यता देते हुए प्रस्ताव पारित किया, ऐसा करने वाला अमेरिका का तीसरा राज्य

**वॉशिंगटन।** प्रस्ताव में कहा गया कि इस उल्लासपूर्ण त्योहार की उत्पत्ति कई सदियों पहले की है, और दुनिया भर में विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों द्वारा होली का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार प्रेम और नवीनीकरण के बारे में है।

अमेरिकी राज्य टेक्सास की सीनेट में एक प्रस्ताव पारित किया गया है। इस प्रस्ताव में हिंदुओं के त्योहार होली को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मान्यता दी गई है। इसके साथ ही टेक्सास अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है, जहां होली को औपचारिक रूप से मान्यता दी गई है। टेक्सास से पहले जॉर्जिया और न्यूयॉर्क भी होली को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मान्यता दे चुके हैं।

टेक्सास की सीनेट में यह प्रस्ताव सीनेटर सारा एकहार्ट ने पेश किया। यह प्रस्ताव 14 मार्च को पारित कर दिया गया। प्रस्ताव में होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया गया और इसे बसंत, नवीनीकरण, एकता और बुराई पर अच्छाई की जीत के त्योहार के रूप में वर्णित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि इस



उल्लासपूर्ण त्योहार की उत्पत्ति कई सदियों पहले की है, और दुनिया भर में विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों द्वारा होली का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार प्रेम और नवीनीकरण के बारे में है। प्रस्ताव में सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने और टेक्सास की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध करने में भी होली की भूमिका बताई गई है। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत मंजूनाथ ने टेक्सास द्वारा होली को मान्यता देने पर खुशी जताई और कहा कि यह टेक्सास के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है। राज्य की सीनेट द्वारा होली को मान्यता देना विविधता, एकता, दोस्ती और सांस्कृतिक विरासत के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि है। महावाणिज्यदूत ने प्रस्ताव पेश करने के लिए सीनेटर सारा एकहार्ट को धन्यवाद कहा। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया। फाउंडेशन ने कहा कि टेक्सास की सीनेट ने अपना पहला होली प्रस्ताव पारित किया है। सारा एकहार्ट ने इतिहास बनाया है। जॉर्जिया और न्यूयॉर्क के बाद टेक्सास होली को मान्यता देने वाला तीसरा राज्य बन गया है। होली एकता, रंग और दोस्ती की भावना का जस्न माना जाता है। यह प्रस्ताव टेक्सास में भारतीय अमेरिकी समुदाय के बढ़ते सांस्कृतिक योगदान को मान्यता भी देता है।

# बच्चों व वयस्कों की बीच मुंह की स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है : सीएमओ

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया है कि ''राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस'' एवं जागरुकता अभियान दिनांक 20 मार्च 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक के अवसर पर आज एक गोष्ठी का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि लोगो को मुंह की सफाई के प्रति जागरूक करने के लिये वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे को मनाने की शुरूआत की गई। 20 मार्च साल 2013 को पहली बार ''राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस'' मनाया गया। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के पीछे का महत्व बच्चों और वयस्कों के बीच मुंह की स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बात दें, मौखिक रोगों का एक मुख्य कारण खराब, लाइफस्टाइल, खान-पान और धूम्रपान है। इस बार की थीम "A HAPPY MOUTH IS......A HAPPY BODY " है इससे सभी लोगो को संदेश दिया जा रहा है कि एक खुश मुंह एक खुश शरीर है। ओरल हेल्थ की वजह से भी लोगों को मुंह का कैन्सर भी हो सकता है, जबकि अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नही होती है। उन्होंने सभी को सलाह दिया कि हमें अन्य अंगों की तरह ही दांतों, मसूड़ों की सेहत का ध्यान रखना जरूरी है, इस मामले में लापरवाही सेहत के लिये नुकसानदायक हो सकती है। अधिकांश लोग यह मानते है कि माउथ कैंसर केवल गुटखा या पान, तंबाकू खाने से होता है, लेकिन ऐसा नहीं है बैसे लोग जो अपनी ओरल हेल्थ यानी की दांतों की साफ-सफाई या मसूड़ों की सेहत का ध्यान नहीं रखते, उन्हें भी माउथ कैंसर होने का रिस्क रहता है। दन्त चिकित्सक सामु0स्वा0केन्द्र बक्सा डा0 अक्षय तोमर ने ओरल हेल्थ के ध्यान रखने हेतु अवगत कराया कि दिन मे दो बार ब्रश करने की आदत डालें, ब्रश करते समय जीभ को भी साफ करें, हर 6 महीने में एक बार दांतों की जांच जरूर करायें, हर दिन कम से कम 02 मिनट ब्रश जरूर करें, यदि आपकी दांतों में दर्द या मसूड़ों में कोई इंफेक्शन हो रहा है तो इसको नजर अंदाज न करें, हर तीन महीनें में अपना ब्रश बदलें, अधिक मीठे पकवान का सेवन न करें एवं तंबाकू का सेवन और अत्याधिक शराब न पीयें। इस अवसर पर अर्बन हेल्थ को-ऑर्डिनेटर प्रवीण पाठक, सामु0/प्रा0स्वा0केन्द्र में दन्त चिकित्सक, सहायक शोध अधिकारी एवं आशा बहुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रशिक्षण में एन0सी0डी0 सेल से जयप्रकाश गुप्ता, विवके एवं कुलदीप श्रीवास्तव आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## डीएम ने असहाय बालिका के पढ़ाई के लिए किया मदद मिलेगा चार हजार प्रतिमाह

**जौनपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा जनसुनवाई के दौरान ब्लाक सुजानगंज की एक 09 वर्षीय बालिका अपने दादा के साथ उपस्थित हुई, जिलाधिकारी के समक्ष बच्ची काल्पनिक नाम क ने बताया कि उसके माता-पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित रहे है, बच्ची की माता का निधन सितम्बर 2024 में इलाज के दौरान हो गया। माता के मृत्यु के पश्चात पिता को शराब की लत लग गयी और वे प्रायः नशे में रहते है। जिसके कारण घर की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है तथा शिक्षा बाधित होने की सम्भावना है। बच्ची ने जिलाधिकारी से मदद करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी को बुलाया गया और बच्ची की सहायता हेतु निर्देशित किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बालिका व उसके दादा से बात करके मिशन वात्सल्य की उपयोजना स्पान्सरशीप योजना से लाभान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया और बताया गया कि परिवार के दोनो बच्चों को शिक्षा जारी रखने हेतु 4000 रु0 प्रति माह देय होगा। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही आवेदन स्वीकृत करने हेतु निर्देशित किया गया।

# विद्यार्थियों को इन्नोवेटिव प्रोजेक्ट के लिए मिलेगा पुरस्कार

- इंडस्ट्री एकेडेमिया के अंतर्गत फ्रआशा किरण प्रोजेक्ट लांच
- स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने बढ़ाया कदम

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विश्वविद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा इंडस्ट्री एकेडमिया कार्यक्रम के अंतर्गत ÷आशा किरण प्रोजेक्ट 2025÷ को हीथोक्स-के प्राइवेट कंपनी , ग़ाज़ियाबाद के सीईओ मि. शेखर आनंद, प्रो. राजेश शर्मा संकायाध्यक्ष विज्ञान संकाय , डॉ मनीष कुमार गुप्ता, बॉयोटेक्नोलॉजी द्वारा लांच किया गया। प्रो. राजेश शर्मा ने कहा कि विज्ञान संकाय के बॉयोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री एवं एनवायरमेंटल साइंस के विद्यार्थियों में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तथा इंडस्ट्री की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये इस प्रकार के प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। मि. शेखर आनंद ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री तथा एनवायरमेंटल साइंस के परास्नातक के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। आवेदन 30 अप्रैल 2025 तक किया जा सकता है। उसके पश्चात इंडस्ट्री एवं एकेडेमिया के पैनलिस्ट द्वारा प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया जाएगा। उसके पश्चात 15 मई को परिणाम की घोषणा की जायेगी। इस परिणाम में प्रथम स्थान पर आने वाले व्यक्ति को रुपये 10000, द्वितीय स्थान वाले को 5000 और तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को ग्लोबल बायोइण्डिया 2025 दिल्ली में प्रतिभाग करने के लिए यात्रा भत्ता देय होगा। भविष्य में इस राशि को बढ़ाया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ संजीव मौर्य,डॉ एस पी तिवारी, डॉ सिपाही लाल, डॉ ऋषि श्रीवास्तव, डॉ श्वेता सोनम , डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव,शोध छात्रा शोध छात्रा आतिफा हाफ़िज़ तथा संकाय के परास्नातक के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## साथी उ प्र संस्था द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**बांदा।** गुरुवार को बांदा जिले के पुलिस लाइन सभागार में AHTU (Anti human trafficking unit)एवं साथी उ. प्र. संस्था द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे कार्यशाला का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमान शिवराज सिंह जी द्वारा किया फिर उनको संविधान की उद्देशिका देकर सम्मानित किया गया जिसमें ह्यूमन श्रीमती अंबुजा जी , चाइल्ड लाइन, सी. डब्लू. सी., श्रम विभाग, वन स्टॉप सेंटर, डीपीओ विभाग, स्टूइझ्न एवं अन्य सरकारी/ गैर सरकारी संस्थानों से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला समन्वयक जीतेंद्र जी के द्वारा साथी साथी उ.प्र. संस्था एवं MRC (Migrants Resilience Collab rative) के बारे में बताया गया जिसमें प्रवासी मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं,सुरक्षित पलायन एवं बच्चों के संरक्षण कार्य में सहयोग करती है उसके सभी टीम साथियों का परिचय कराया गया इसके बाद लेबर इंस्पेक्टर सुनील शुक्ला जी के सहयोग से पीपीटी के माध्यम से बाल श्रम, भिक्षावृति, बाल विवाह, एवं बाल अपराधों की रोकथाम हेतु किशोर न्याय अधिनियम 2015 व यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण POCSO अधिनियम 2012 पर विस्तृत चर्चा की गई।

# तीन अंतरराष्ट्रीय शातिर चोर चोरी के मोबाइल व उपकरण के साथ गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्र अधिकारी नगर के दिशा निर्देशन में 19 मार्च को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर रसूलाबाद भंडारी रोड से चोरी के 15 अदद मोबाइल वह छोरी के उपकरण के साथ तीन अंतराष्ट्रीय चोरों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में अंजय कुशवाहा उर्फ रंजय पुत्र कपिल देव महतो निवासी बिशनपुर बस्का टोला थाना झरोखर जिला पूर्वी चंपारण बिहार, अनीश कुशवाहा पुत्र कामेश्वर महतो निवासी महुआई थाना घोड़ासहन जिला पूर्वी चंपारण बिहार, मोहम्मद अमानुल्लाह पुत्र मोहम्मद हुसैन उर्फ मशीन दीवान निवासी दर्जी मोहल्ला वार्ड नंबर 11 घोड़ा सहन थाना जिला पूर्वी चंपारण बिहार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों द्वारा 11 और 12 मार्च की रात में ओलनगंज स्थित रवि कम्युनिकेशन मोबाइल शॉप से शटर को काटकर मोबाइल चोरी किया था। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ के कुशल निर्देशन में चोरी की गई मोबाइल के साथ उपयुक्त अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 15 मोबाइल व चोरी के उपकरण एक आदत लोहे का कटर एक आदत पेचकस एक आदत पिट्ठू बैग बरामद किए गए। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा उप निरीक्षक सुनील यादव उप निरीक्षक राम प्रकाश यादव हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश सिंह हेड कांस्टेबल अमित कुमार सिंह कॉन्स्टेबल विनय सिंह कांस्टेबल विजय प्रकाश हेड कांस्टेबल अमित कुमार सिंह रहे।

## बिजली पंचायत में निजीकरण रद्द करने की हुई मांग किया प्रदर्शन

**आजमगढ़।** मुख्यमंत्री पारदर्शिता की बात कर रहे हैं और बिजली के निजीकरण की सारी प्रक्रिया में चल रहा है भ्रष्टाचार बुलंदशहर और गाजियाबाद की बिजली पंचायत में निजीकरण रद्द करने की मांग। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज बुलंदशहर और गाजियाबाद में आयोजित बिजली पंचायत में बिजली के निजीकरण के पीछे भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की सारी प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की गई। आज बिजली कर्मचारियों ने प्रदेश के सभी जनपदों और परियोजनाओं पर निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने निजीकरण के पीछे हो रहे भ्रष्टाचार और आम उपभोक्ताओं को होने वाली तकलीफों को उजागर करने के लिए 9 अप्रैल को लखनऊ में विशाल रैली की तैयारी शुरू कर दी है। इसके पहले 22 मार्च को मेरठ में और 23 मार्च को वाराणसी में बिजली महा पंचायत आयोजित की जाएगी।

# पहले ऑन लाइन ग्राहकों को फसाते थे उसके बाद उन्हें बंधक बनाकर लूटते थे सात गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बक्शा पुलिस टीम ने आनलाईन प्लेटफार्म पर अर्टिका कार बेचने का लालच देकर लोगो को फंसा कर पैसा छीनने वाला गिरोह के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग सोशल साइट पर सस्ते दामों में कार बेचने का विज्ञापन डालते थे उसके बाद खरीददारों को जौनपुर बुलाकर उन्हें बंधक बनाकर पैसा लूट लिए करते थे , पीड़ित को रास्ता न दिखे इसके लिए लूटने उसके आंखों पर काला चश्मा पहना देते थे। इस गिरोह ने बीते 18 मार्च को झांसी के एक व्यक्ति को अपने जाल में फास लिए उसे अर्टिका कार बेचने का लुभावना ऑफर देकर जनपद जौनपुर बुलाया गया फिर कार दिखाने के नाम पर सुनसान इलाके में ले गये और उन्हें अपने पास लिये हुए लोहे की सीकड़ व रस्सी से बाँध कर बन्धक बनाकर मारा पीटा गया तथा जान का भय दिखाकर उनका 24 हजार रूपया ले लिया गया। पीड़ित द्वारा थाना बक्शा पर दिये गये तहरीर के आधार पर मुकदमा अज्ञात अभियुक्तो के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ.नि. सकलदीप सिंह चौकी प्रभारी फतेहगंज को सौपा गया। 19 मार्च को थानाध्यक्ष बक्शा व विवेचक तथा थाना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर गढ़सैनी पुल के पास से रात्रि 11.20 बजे उक्त गिरोह के सभी 07 सदस्यो को गिरफ्तार कर लिया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्तो के पास से 11000 रूपये व लोहे की 03 सीकड़, 01 नायलान की रस्सी, 03 चश्मा बरामद किया गया तथा 01 अभियुक्त राजन के पास से 01 तमन्चा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है। जिसे ये लोग पीड़ितो को डराने धमकाने व जान का भय दिखाने के लिए रखना बताये। सीओ सदर परमानन्द कुशवाहा ने बताया कि थानाध्यक्ष बक्शा अपनी टीम के साथ आनलाईन प्लेटफार्म से अर्टिका कार बेंचने का लालच देकर लोगो को फंसा कर बन्धक बनाकर पैसा छानने वाले गिरोह को पर्दाफास करते हुए गिरोह के सभी 07 सदस्यो को कल रात करीब सौ 11 बजे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गिरोह का सरगना जितेन्द्र यादव आनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से अर्टिका कार सस्ते व लुभावने दाम में बेचने का प्रचार किया जाता है, जिससे भोले भाले लोग सस्ता व लुभावना अवसर पाकर इनके जाल में फंस जाते है, और कार खरीदने हेतु उनसे आनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से कॉलिंग करके सम्पर्क करते हुए फिर इस गिरोह के सदस्य लोगो से बाते करके उन्हे अपने पास बुलाते है, और कार दिखाने के नाम पर सुनसान इलाके में ले जाते है, यदि कोई सुनसान इलाका देखकर विरोध करने का प्रयास करता है तो उसे अपने पास लिये हुए लोहे के सीकड व रस्सी से बांध देते है, और उस व्यक्ति को रास्ता न दिखायी दे इसलिए आँखो पर चश्मा लगा देते है। जिसके शीशे पर कागज चिपका रहता है तो रास्ता दिखायी नहीं देता है। फिर सुनसान इलाके मे ले जाकर उन व्यक्तियो को मार पीटकर जान का भय दिखाकर सारा पैसा ले लेते थे।

## भारत विकास परिषद का चुनाव एवं होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

**आजमगढ़।** भारत विकास परिषद शाखा आजमगढ़ के तत्वाधान में बुधवार को प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस टैंक आजमगढ़ पर चुनाव एवं होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रथम चरण में सत्र 2025 --2026 के लिए सीताराम पांडे अध्यक्ष डॉक्टर देवेश दुबे सचिव श्री विश्वनाथ अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर चुनाव कार्यक्रम काशी प्रांत के पधारे प्रमोद दुबे के नेतृत्व में संपन्न हुआ स सर्वप्रथम मां भारती के एवं स्वामी विवेकानंद के चरणों में पुष्प अर्पण दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम उद्घोष से किया गया। द्वितीय चरण में होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। अजय मिश्रा डॉक्टर देवेश दुबे सीताराम पांडे सुभाष पांडे डॉक्टर नेहा दुबे भानु श्रीवास्तव ने अपने होली गीत से सबका मन मुग्ध कर दिया स कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल बद्री प्रसाद गुप्त रमाकांत वर्मा जे आर विश्वकर्मा आर पी राय आरपी श्रीवास्तव प्रकाश राय अनिरुद्ध जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# 19वीं रमज़ान को जुलूस ए सुबहे ज़रबत में शामिल हुए रोज़ादार

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** हज़रत अली की शहादत के सिलसिले में तीन रोज़ तक ग़मज़दा रहने वाले अली इब्ने अबुतालिब के चाहने वाले भोर से ही सियाह लिबास में मस्जिद व इमामबाड़ों में जुटने लगे थे। मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाज़ार में इमाम ए जमात मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी साहब ने बाजमात नमाज़ के बाद मजलिस को खिताब करते हुए कहा की कूफ़े की मस्जिद में फजिर की नमाज़ अदा कराने के दौरान हज़रत अली के सर पर अब्दुल रहमान इब्ने मुल्जिम नामक क़ातिल ने ज़हर बुझी तलवार से ऐसा वार किया की मौला ए कायनात अमीरुल मोमेनीन उस गहरे ज़ख्म के ताब को न बर्दाश्त कर सके और इक्कीसवीं रमज़ान को मिस्कीनो यतीमों और बेवाओं को रात के अंधेरे में घर घर जा कर रोटियां पहुंचाने वाला इस दुनिया से रुखसत हो गया। आज बरसों बरस बीतने के बाद भी चाहने वाले उस शख्स के लिए आंसू बहा रहे हैं जो मौला ए कायनात के नाम से जाना जाता था। दूसरी ओर रानीमंडी के घोबी गली इमामबाड़ा मिर्ज़ा काज़िम अली से भोर में क़दीमी ताबूत का जुलूस निकाला गया। जैग़म अब्बास मर्सियाख्वानी करते हुए जुलूस को अपने परम्परागत मार्गो से होते हुए इमामबाड़ा आज़म हुसैन तक लेकर गए। रास्ते भर अक़ीदतमन्दों ने ताबूत पर सूती चादर व फूल माला चढ़ा कर मन्नतें व मुरादें मांगी। मौलाना ज़ीशान हैदर ने मजलिस को खिताब किया। वहीं करैली के जेके आशियाना में मस्जिद स्व अलहाज सैय्यद वज़ीर हुसैन में मीर कल्बे अब्बास मेरठी ने बाजमात नमाज़ ए फजिर अदा कराई तत्पश्चात मजलिस को खिताब करते हुए शहादत का ज़िक्र किया।जुलूस में मिर्ज़ा काज़िम अली ,गौहर काज़मी, नदीम अब्बास , डाक्टर ऐजाज़, आफताब रिज़वी ,वक़ार रिज़वी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, अलमास हसन, काविश रिज़वी, अली सज्जाद, इशरत नक़वी, ज़ैग़म अब्बास, शैदा रिज़वी, ज़िया, ज़ामिन हसन, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, नजमुल हसन, असगर अली, मोहम्मद अब्बास आदि शामिल रहे।

## केंद्रीय रामनवमी महोत्सव समिति की आवश्यक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** महेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में केंद्रीय रामनवमी महोत्सव समिति की आवश्यक बैठक आगामी चैत्र नवरात्रि 30/ 3 /2025 प्रारंभ हो रही है एवं 6 अप्रैल को होने वाली रामनवमी महोत्सव की निकल जाने वाली विशाल शोभा यात्रा के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षक चंद्र मोहन बेदी जी संरक्षक प्रभाकर सिंह चंदेल की उपस्थित रहे बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पंडित रमेश त्रिपाठी जी को अध्यक्ष एवं अभिषेक पांडेय जी को महामंत्री चुना गया कार्यक्रम संयोजक अमित सेठ भोलू जी द्वारा नई समिति से आग्रह किया गया कि पूरे शहर में सघन जनसंपर्क कर सभी लोगों को 6 अप्रैल रामनवमी महोत्सव महोत्सव की शोभा यात्रा में आने का निमंत्रण दे एवं सभी से अपील करें कि अपने घरों में सभी लोग भगवा झंडा लगाएं पूर्व अध्यक्ष महेंद्र शंभू ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े भव्य तरीके से शोभायात्रा निकाली जाएगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यम सिन्हा लव ने कहा की सभी वार्ड की समितियों से मिलकर उनसे आग्रह कर अपने मोहल्ले से भी भव्य झांकियां निकाली जाए जिससे जुलूस की भव्यता और शोभा बनी रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तम सक्सेना जी शशि भूषण द्विवेदी जी नारायण धुरिया जी मुकेश डॉक्टर रमाशंकर राजपूत जी राकेश राजपूत जी शैलेंद्र वर्मा जी यशराज गुप्ता जी बदलेश सिंह मनोज दीक्षित रजत रावत मणि शंकर रूपौलिया छोटू धुरिया शिवम चौरसिया अरिजीत अग्रवाल कुलदीप गुप्ता सोहन गुप्ता आर्यन साहू सचिन सोनकर हर्ष दसवानी निखिल सक्सेना पुष्पेंद्र दीक्षित राहुल सागर रोहित गुप्ता भुनेंद्र कुमार मयंक धुरिया रजत कुमार रावत संदीप साहू दिनेश कुमार गुप्ता दादा कुलदीप गुप्ता राजा चौहान सहित सभी राम भक्त उपस्थित रहे।

# गुरू आफ यूपीएसओएस सम्मान से नवाजी गयी डॉ. अपराजिता चौधरी

- नेत्र चिकित्सा मे उनके विशिष्ट योगदान के लिए मिला अवार्ड

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज की डा अपराजिता चौधरी को नेत्र चिकित्सा मे उनके विशिष्ट योगदान के लिए गुरू आफ यूपीएसओएस सम्मान से नवाजा गया।प्रयागराज मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय की निदेशक प्रोफेसर व नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डा अपराजिता चौधरी को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र मे विशिष्ट योगदान के लिए गुरू आफ यूपी स्टेट आफ्थल्मालोजिकल सोसाइटी की शैक्षिक व शोध समिति की ओर से नोएडा मे आयोजित कार्यक्रम में उनको यूपीएसओएस सम्मान प्रदान किया गया। डा अपराजिता का नेत्र शल्य चिकित्सा ,शोध और नवाचार के साथ अध्यापन मे उत्कृष्ट योगदान रहा है।डा अपराजिता अपने क्षेत्र मे एक श्रेष्ठ शिक्षक,उत्कृष्ठ सर्जन और एक शिक्षिक के रूप मे जानी जाती है। उन्होने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में कई अहम योगदान दिया है,और अपने छात्रों को पेरित करने के साथ साथ चिकित्सा रिसर्च और सर्जरी में भी महात्वपूर्ण भूमिका निभाई है।डा अपराजिता चौधरी ने एक खास बात चीत में बताया कि यह सम्मान मेरे लिए और मेरे प्रयागराज के नेत्र चिकित्सकों के लिए गर्व और गौरव की बात है। सबसे पहले ईश्वर को धन्यवाद देती हूँ की जिनकी कृपा से मै आज इस सम्मान के लिए चुनी गयी हूँ। श्री चौधरी ने बताया कि हमारे स्टाफ के साथ-साथ विशेष योगदान और मार्गदर्शन हमारी प्राचार्य मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की वत्सला मिश्रा जी मिलता रहता है। डा अपराजिता अपने चिकित्सा क्षेत्र मे अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि चिकित्सा,शिक्षा,सर्जरी दोनो ही मेरे लिए अत्यंत महात्वपूर्ण है। मै अपने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र मे छात्र-छात्रों की शिक्षा से लेकर मरीजों के इलाज तक मे अपनी सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहूंगी।

# चार मंजिला इमारत में लगी आग, जान बचाकर भागे लोग

अवधनामा संवाददाता

- लाखों का नुकसान, चारों तरफ फैला धुंए का गुब्बार

**प्रयागराज।** शहर के नामचीन अस्पताल कमला नेहरू के समीप बालासन चौराहे के पास वेद विद्यालय के छात्रावास में गुरुवार दोपहर बाद अचानक आग लग गई। आग लगते ही इमारत में अफरा-तफरी मच गई। अंदर रहे लोग धुआं और लपटें देखकर अपनी जान बचाने के लिए बाहर भागने लगे। देखते ही देखते आग की लपटें तेज होने लगीं। मदद के लिए आस-पास के लोग भी दौड़े और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। उधर सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने में जुट गई। हालांकि आग की लपटें तेज होने के कारण काफी सामान जलकर राख हो गया। यह बंगला विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल का है। उनके निधन के बाद यहां संस्कृत विद्यालय खोल दिया गया। बता दें कि बालासन चौराहे के पास कमला नेहरू अस्पताल के ठीक सामने वेद विद्यालय का छात्रावास भी बना हुआ है। यह बंगला विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल का है। उनके निधन के बाद इस बंगले को संस्कृत विद्यालय के लिए सौंप दिया गया था। इस बंगले में संस्कृत विद्यालय खोला गया था, जहां वेद पढ़ने वाले छात्र यहां रहकर शिक्षा लेते थे। छात्रों की यहां रुकने की भी व्यवस्था कराई गई है। गुरुवार को अचानक छात्रावास के ऊपरी हिस्से से आग की लपटें और धुआं उठने लगा। इस दौरान अंदर रहे लोग शोर मचाते हुए अपनी जान बचाने के लिए बाहर भागने लगे। आग की लपटें काफी तेज होने के कारण फायर ब्रिगेड टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। धुआं और लपटे देखकर घंटों अफरा-तफरी मची रही। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। हालांकि जब तक टीम आग पर काबू पाती, उससे पहले काफी नुकसान हो गया। बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर बच्चों के रहने वाले हॉल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। हॉल में 15 बच्चों का सामान रखा हुआ था। पूरे हॉस्टल में कुल 30 बच्चे और शिक्षक रहते हैं। प्रधानाचार्य दीपक अवस्थी ने बताया कि घटना के समय सभी बच्चे नीचे भोजन कर रहे थे। धुआं उठता देख आग की जानकारी हुई। यह बंगला विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल का है। उनके निधन के बाद यहां पर संस्कृत विद्यालय खोल दिया गया। इसका संचालन अशोक सिंघल की संस्था अरुंधति वशिष्ठ अनुसंधान पीठ करती है।

# नौ वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद की सरायमीर पुलिस और लखनऊ पुलिस ने चोरी के मामले में नौ वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को पंजाब प्रान्त के जालन्धर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए डीआईजी द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी सहित चार बदमाशों द्वारा जनरल स्टोर संचालक से असलहा सटाकर रुपये भरा बैग छीनने की घटना को अंजाम दिया गया था। अभियुक्त के खिलाफ आजमगढ़ सहित अन्य जनपदों के थानों में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। विदित हो कि 5 सितम्बर 2016 को सरायमीर थाने में तहरीर देते हुए हरिदास पुत्र हीरालाल मो0 सिरादी का पुरा सरायमीर बताया कि घर के करीब मेन रोड पर प्रजापति जनरल स्टोर के नाम से मेरी दुकान है, 4 सितम्बर 2016 की रात्रि लगभग 9.30 बजे वह रोज की भाति अपनी दुकान को बन्द करने जा रहा था कि इतने में चार बदमाश असलहों से लैश होकर मेरी दुकान पर आ गये और मुझे और मेरे लड़के को असलहा सटाकर नोट से भरे थैले को छीनने लगे, मेरे विरोध के बावजूद थैले में भरे लगभग 60 हजार रुपये लेकर बदमाश असलहा लहराते हुए खरेवां मोड की तरफ मोटर सायकिल से भाग गये। सरायमीर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना में अभियुक्त दुर्गेश उर्फ राधेश्याम उर्फदीपक पुत्र शंकर राम निवासी पंडित दिलीप राय पट्टी थाना सादात जनपद गाजीपुर का नाम प्रकाश में आया। डीआईजी द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफलखनऊ द्वारा 19 मार्च को अभियुक्त दुर्गेश उर्फराधेश्याम उर्फदीपक को थाना बेस्ट डिविजन नं0 08, ट्रान्सपोर्ट नगर, जालंधर (पंजाब) से गिरफ्तार कर लिया। जिसे 20 मार्च को एसटीएफटीम लखनऊ द्वारा गिरफ्तार कर थाना सरायमीर लाया गया है। दुर्गेश के खिलाफ जौनपुर जनपद सहित जनपद के विभिन्न थाने में आधा दर्जन से ऊपर मुकदमें दर्ज हैं।

# एमजी कॉमेट ईवी 2025 को बेहतर सुविधा और आराम के साथ किया गया

**नई दिल्ली।** भारत की स्ट्रीट-स्मार्ट कार को और भी स्टाइलिश और आकर्षक बनाते हुए जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट ईवी



2025 पेश किया है। एमजी कॉमेट ईवी 2025 को 4.99 लाख की आकर्षक शुरुआती कीमत के साथ पेश किया गया है। बेहतर सुविधाओं और एडवांस टेक्नोलॉजी फीचर्स के साथ इस कार में भविष्य की डिज़ाइन देखने को मिलती है। वे ग्राहक जो तकनीक से भरपूर और शहरी आवागमन के लिए एक प्रैक्टिकल कार चाहते हैं, वे अपनी नज़दीकी एमजी डीलरशिप पर जाकर नई एमजी कॉमेट 2025 और हाल ही में लॉन्च किए गए कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को 11,000 में बुक कर सकते हैं।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा एमजी कॉमेट ईवी की इनोवेटिव डिजाइन और यूजर फ्रेंडली फीचर्स ने उन ग्राहकों के लिए इसे एक बेहतरीन विकल्प बना दिया है जो रोजना आने जाने के लिए एक प्रैक्टिकल समाधान चाहते हैं। कॉमेट ईवी की बढ़ती स्वीकार्यता इसके बिक्री आंकड़ों में साफ नजर आती है। कैलेंडर वर्ष 2023 की तुलना में कैलेंडर वर्ष 24 में कॉमेट ईवी की बिक्री में 29प्रतिशत का जोरदार उछाल देखने को मिला है। एमजी कॉमेट ईवी 2025 ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के हमारे समर्पण को दर्शाती है।

एमजी कॉमेट ईवी 2025 को पांच अलग-अलग वैरिएंट में पेश किया गया है इन वैरिएंट में एग्जीक्यूटिव, एक्साइट, एक्साइट फास्ट चार्ज, एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव फास्ट चार्ज शामिल हैं इन सभी को एक बेहद खास ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक्साइट और एक्साइट एफसी वैरिएंट अब रियर पार्किंग कैमरा और पावर-फोल्डिंग आउटसाइड रियर व्यू मिरर से लैस हैं, ये फीचर्स वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग को और भी सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने हैं। एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव एफसी वैरिएंट को प्रीमियम लेदरेट सीट और 4-स्पीकर ऑडियो सिस्टम के साथ अपग्रेड किया गया है यह बदलाव इन-केबिन अनुभव को और भी प्रीमियम बनाता है। फास्ट चार्जिंग वैरिएंट 17.4 किलोवाट बैटरी पैक के साथ आते हैं, ये एक बार चार्ज करने पर 230 किमी तक की ड्राइविंग रेंज प्रदान करते हैं। फरवरी 2025 में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म एडिशन पेश किया है। इस नई पेशकश से कॉमेट ईवी लाइनअप का और विस्तार हुआ है। 2.5 प्रति किमी की बैटरी-एज़-ए-सर्विस के साथ ब्लैकस्टॉर्म एडिशन की कीमत 7.80 लाख है।

## महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश लेने की घोषणा की



**हैदराबाद/नई दिल्ली।** बहुपक्षीय शिक्षण संस्थान महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने अकादमिक वर्ष 2025-26 के लिए अपने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्रवेश की घोषणा की है। इनमें एम.टेक, एमबीए, एमए एजुकेशन, एलएलबी ऑनर्स के साथ ही हाल ही में शुरू किए गए एम.डेस और एमजेएमसी कार्यक्रम शामिल हैं। उद्योग के लिहाज से प्रासंगिक पाठ्यक्रम, अनुभवी एवं प्रख्यात शिक्षक के साथ ही अग्रणी संस्थानों के साथ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के जरिए इन कार्यक्रमों का लक्ष्य सीखने के एक गतिशील पारितंत्र को बढ़ावा देना है। दि स्कूल ऑफ डिजिटल मीडिया एंड कम्युनिकेशन का दो वर्षीय मास्टर ऑफ आर्ट्स इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (एमजेएमसी) कार्यक्रम को इस स्कूल के शानदार बुनियादी ढांचे, पारंपरिक एवं नई टेक्नोलॉजी जिसमें एआर/वीआर, एआई, एनिमेशन और वीएफएक्स और भावी विजन का लाभ मिलता है जिससे छात्रों को मीडिया प्रबंधन, रणनीतिक संचार, विज्ञापन, पीआर, समाचार, एआई और डेटा जर्नलिज्म, फिल्म निर्माण, डिजिटल रणनीति एवं कंटेट में करियर बनाने के लिए अवधारणात्मक, तकनीकी और नैतिक क्षमता का निर्माण करने में मदद मिलती है। इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पात्रता के मापदंड में विज्ञान, कला, वाणिज्य, इंजीनियरिंग या डिजाइन में स्नातक की डिग्री शामिल है। आवेदकों को एक प्रवेश परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा जिसके बाद उन्हें एक इंटरव्यू के चरण से गुजरना पड़ेगा। प्रवेश परीक्षा के बदले सीयूईटी पीजी और जीआरई जनरल स्कोर्स मान्य होगा।

# टीटीके प्रेस्टीज का नया एयर शेफ एयर ओवन, सेहत, स्वाद और तकनीक का परफेक्ट मेल!

**नई दिल्ली।** अभिनव और बहुउपयोगी रसोई उपकरणों के लिए पहचाने जाने वाले प्रतिष्ठित ब्रांड टीटीके प्रेस्टीज ने अपने किचन अप्लायंसेज के कलेक्शन में एक और नायाब उत्पाद जोड़ा है–एयर शेफ एयर ओवन। यह उनकी एयर फ्रायर श्रेणी का नवीनतम उत्पाद है, जो अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत सुविधाओं से लैस है। यह उन लोगों के लिए गेम-चेंजर साबित होगा, जो कम मेहनत और अधिक स्वास्थ्य लाभ के साथ स्वादिष्ट भोजन बनाना चाहते हैं। एयर शेफ एयर ओवन आधुनिक रसोई की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई उन्नत सुविधाओं के साथ आता है। इसकी 12 लीटर की विशाल क्षमता इसे परिवारों और समारोहों के लिए उपयुक्त बनाती है, जिससे विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना और भी आसान हो जाता है। इस ओवन की सबसे प्रमुख विशेषता इसकी 360 डिग्री रैपिड एयर टेक्नोलॉजी है, जो भोजन के चारों ओर समान रूप से



गर्म हवा प्रवाहित करती है। इससे भोजन सुनहरा और कुरकुरा बनता है, वह भी पारंपरिक तरीकों की तुलना में 80% तक कम तेल में, जिससे यह एक अधिक स्वास्थ्यवर्धक विकल्प बन जाता है। उपयोग में सहजता को ध्यान में रखते हुए, इस ओवन में एक आकर्षक डिजिटल नियंत्रण पैनल और प्रीसेट फंक्शन दिए गए हैं। इनमें बेकिंग, ग्रिलिंग, फ्राइंग और रोस्टिंग जैसी सुविधाएं पहले से निर्धारित हैं, जिससे खाना पकाना और भी सरल हो जाता है। तापमान और समय नियंत्रण के साथ उपयोगकर्ता अपनी ज़रूरत के अनुसार खाना पकाने की प्रक्रिया को समायोजित कर सकते हैं। इसके अलावा, इसकी सफाई और रखरखाव को आसान बनाने के लिए इसका दरवाजा आसानी से हटाया जा सकता है। इसमें एक पारदर्शी खिड़की और अंदर लगी रोशनी भी है, जिससे बिना ओवन खोले भोजन को पकते हुए देखा जा सकता है। एयर शेफ एयर ओवन धुएं रहित हीटिंग तकनीक से लैस है, जिससे यह रसोई को साफ-सुथरा और गंधरहित बनाए रखता है। यह 1800 वाट की हीटिंग क्षमता के साथ तेज़ और प्रभावी प्रदर्शन करता है, जिससे खाना कम समय में तैयार होता है और गुणवत्ता भी बनी रहती है। इसके साथ ग्रिल ट्रे, बेकिंग ट्रे, रोटिसेरी अटैचमेंट, फ्राइंग बास्केट और रोटिसेरी हैंडल जैसी कई सहायक सुविधाएं दी गई हैं, जो उपयोगकर्ताओं को विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने की असीमित संभावनाएं प्रदान करती हैं–चाहे वह मीट को रोस्ट करना हो या स्वादिष्ट मिठाइयाँ बनानी हों।

# इस वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर

## लिस्टेरिन ने #CompleteTheRoutine के लिए माउथवॉश के महत्व पर जोर दिया



**नई दिल्ली।** दुनिया में ह्न1 माउथवॉश ब्रांड और माउथवॉश उद्योग में अग्रणी, लिस्टेरिन ने वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर आज 'लिस्टेरिन लैब्स' का आयोजन किया। इस इवेंट में प्रतिदिन माउथवॉश की मदद से मुँह को साफ़ रखने के महत्व पर जोर दिया गया। यहाँ पिछले 145 वर्षों से माउथवॉश के अनुसंधान और विकास में लिस्टेरिन की महत्वपूर्ण विरासत के बारे में भी बताया गया।

लिस्टेरिन लैब्स में अनेक इंटरैक्टिव डेमो और वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा ओरल केयर के बारे में बताया गया। यहाँ दिखाया गया कि ब्रश करने के बाद भी आपके मुँह में क्या रह जाता है। एक 'माउथवॉश कस्टमाइज़ेशन' स्टेशन द्वारा ब्रांड के आधुनिक उत्पादों और इनोवेशंस का प्रदर्शन भी किया गया, जो कीटाणुओं का 99.9% सफाया कर इनेमल को मजबूत बनाते हैं और दांतों को कैविटी एवं प्लाक से बचाते हैं। ये उत्पाद विज्ञान पर आधारित हैं। इस इवेंट में प्रमुख हेल्थ इन्फ्लुएंसर्स भी मौजूद थे। कार्यक्रम में एक दिलचस्प पैनल

## इंडिया स्ट्रोक एसोसिएशन द्वारा 18 वां वार्षिक सम्मेलन INSC 2025 का आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ में होटल हॉलिडे इन में इंडियन स्ट्रोक असोसिएशन द्वारा 18 वा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया था। इस सम्मेलन में प्रतिष्ठित डॉक्टर, शोधकर्ता शामिल हुए थे। स्ट्रोक मरीजों की बढती संख्या के रोकथाम के लिए क्या करना जरूरी हैं, इस बारे में सम्मेलन में चर्चा हुई।




आईएसए कार्यकारी समिति 2024-25 के विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सूर्या (अध्यक्ष), डॉ. पी. विजया (निर्वाचित अध्यक्ष), डॉ. अरविंद शर्मा (सचिव), डॉ. सलिल उप्पल (कोषाध्यक्ष), डॉ. आनंद अलुरकर (तत्काल पूर्व अध्यक्ष), डॉ. वीजी प्रदीप कुमार (पूर्व अध्यक्ष), डॉ. आर. लक्ष्मी नरसिम्हन (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. अमित कुलकर्णी (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. जयंत रॉय (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. मोनिका सिंगला (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. पवन कुमार ओझा (कार्यकारी समिति सदस्य), डॉ. श्रीपाल शाह (कार्यकारी समिति सदस्य), और डॉ. त्रिलोचन श्रीवास्तव (कार्यकारी समिति सदस्य) ने स्ट्रोक देखभाल और प्रबंधन के लिए वैश्विक साझेदारी के महत्व पर जोर दिया।

## आईबस नेटवर्क का डिजिटल विस्तार: उत्तर प्रदेश में कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार

**लखनऊ।** बिहार के डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद, आईबस नेटवर्क अब उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए तैयार है। राज्य के शासकीय संस्थानों, वाणिज्यिक केंद्रों और सार्वजनिक स्थलों पर डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार के माध्यम से आईबस, कनेक्टिविटी के आधुनिक समाधान प्रदान करेगा। बिहार विधानसभा सहित राज्य के प्रमुख स्थलों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के अपने सफल रिकॉर्ड के साथ, कंपनी अब उत्तर प्रदेश के दूरसंचार व्?यवस्?था को आधुनिक बनाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना चाहती है।

उत्तर प्रदेश, भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है, जहां शहरीकरण, आर्थिक विकास और डिजिटल तकनीकों को अपनाने की गति तेज हो रही है। हालांकि, कई प्रशासनिक, व्यावसायिक और ग्रामीण क्षेत्रों में तेज और विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्टिविटी अब भी एक चुनौती बनी हुई है। आईबस नेटवर्क अपने निष्पक्ष और किसी एक सेवा प्रदाता तक सीमित न रहने वाले समाधानों के माध्यम से इस कमी को दूर करने के लिए काम कर रहा है, ताकि राज्य के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में अबाध मोबाइल संचार संभव हो सके।

बिहार में आईबस नेटवर्क ने प्रमुख सरकारी भवनों जैसे बिहार विधानसभा, अरण्य भवन, सरदार पटेल भवन, ज्ञान भवन और बापू सभागार में कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। यूबिको नेटवर्क्स के अधिग्रहण के बाद, आईबस ने इन-बिल्डिंग सॉल्यूशंस (आईबीएस) को सफलतापूर्वक लागू किया, जिससे 99.95त्न अपटाइम सुनिश्चित किया गया। इससे हजारों कर्मचारियों और आगंतुकों को बेहतर मोबाइल सेवा का लाभ मिला।

## बंधन एएमसी ने वेल्थ क्रिएशन प्लेटफॉर्म - वेदार्था लॉन्च किया

VEDARTHA BY BANDHAN AMC

**नई दिल्ली।** बंधन एएमसी, ने अपने नए वैकल्पिक इनवेस्टमेंट प्लेटफॉर्म वेदार्था की घोषणा की। नया प्लेटफॉर्म बंधन एएमसी के अल्ट्रनेटिव इनवेस्टमेंट फंड्स (एआईएफ) के साथ-साथ पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) के तहत लिस्टेड इक्विटी और फिक्स्ड-इनकम सॉल्यूशंस का उपयोग करके नए फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स की पेशकश करना चाहता है। वेदार्था के तहत पेश किए जाने वाले इक्विटी-फोक्सड उत्पादों का मैनेजमेंट मृणाल सिंह, हेड-अल्ट्रनेट्स (लिस्टेड इक्विटीज) के नेतृत्व वाली टीम द्वारा किया जाएगा, जबकि वेदार्था के तहत पेश किए जाने वाले फिक्स्ड इनकम प्रोडक्ट्स का मैनेजमेंट भूपेंद्र मील, हेड- पीएमएस और अल्ट्रनेटिव- फिक्स्ड इनकम की प्रमुखता वाली टीम द्वारा किया जाएगा। बंधन एएमसी, भारतीय इनवेस्टमेंट मैनेजमेंट सेक्टर में एक प्रमुख नाम है जो निवेशकों के लिए लगातार इनोवेटिव और बेहतरीन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रदान कर रही है। विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि वेदार्था की शुरुआत एक ऐसी सोच के साथ हुई थी, जिसके तहत अलग-अलग ज़रूरतों वाले लोगों की ज़रूरतों को पूरा किया जाएगा। वेदार्था का सार संस्कृत के शब्दों से लिया गया है वेद, ज्ञान के ज़रिए ज्ञान की शाश्वत खोज का प्रतीक है और अर्थ, उद्देश्यपूर्ण वेल्थ क्रिएशन के ज़रिए समृद्धि का प्रतीक है। साथ में, वे एक ऐसे फिलॉसफी को दर्शाते हैं, जहां विशेषज्ञता समृद्धि को बढ़ावा देती है और वेल्थ क्रिएशन स्थायी प्रभाव पैदा करने का एक माध्यम बन जाता है। वेदार्था को प्रमाणित विशेषज्ञता वाली एक समर्पित और अनुभवी निवेश टीम के साथ-साथ 15-20 वर्षों के औसत अनुभव वाली एक सीनियर मैनेजमेंट टीम का समर्थन प्राप्त है। इसे बंधन एएमसी की 25 साल की विरासत और बंधन ग्रुप, जीआईसी (सिंगापुर) और क्रिसकैपिटल का सपोर्ट प्राप्त है।


## नोकिया ने नवीनतम मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स में देशभर में 5जी ट्रैफिक में तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की




**नई दिल्ली।** नोकिया ने अपने वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के निष्कर्षों का आज खुलासा किया जिसमें 2024 में पूरे भारत में 5जी डेटा ट्रैफिक में साल दर साल तीन गुना की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे भारत में मोबाइल ब्रॉडबैंड रुख का एक समग्र विश्लेषण उपलब्ध कराने वाली इस रिपोर्ट में तेजी से 5जी टेक्नोलॉजी को अपनाए जाने के रुख को रेखांकित किया गया है जिसकी वजह इसकी व्यापक उपलब्धता, विश्वसनीय कनेक्टिविटी और अनुकूल उपकरणों का एक बढ़ता पारितंत्र है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, इस वृद्धि में मुख्य योगदान वर्ग बी और सी सर्किलों का रहा जहां 5जी डेटा खपत में क्रमशः 3.4 गुना और 3.2 गुना की वृद्धि दर्ज की जा रही। इन सर्किलों में 5जी नेटवर्क का विस्तार इस वृद्धि का मुख्य कारक रहा है। मेट्रो सर्किलों में 5जी डेटा उपयोग का कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड डेटा में योगदान 43 प्रतिशत पहुंच गया है जोकि 2023 में 20 प्रतिशत था, वहीं 4जी डेटा की वृद्धि में गिरावट आ रही है। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि प्रति यूज़र औसत मासिक डेटा खपत 2024 में बढ़कर 27.5 गीगाबाइट्स पर पहुंच गया है जोकि पिछले पांच वर्षों में 19.5 की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) परिलक्षित करता है। 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्लूए) की सतत वृद्धि इस डेटा उपयोग को गति प्रदान कर रही है जिसमें रिहाइशी और कारोबारी व्यवस्थाओं में नई सेवाओं की वजह से एफडब्लूए यूज़र्स, औसत मोबाइल डेटा यूजर्स के मुकाबले 12 गुना अधिक डेटा का उपभोग कर रहे हैं।

## अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने की चाइल्ड डेवलेपमेंट क्लिनिक की शुरुआत




**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल्स लखनऊ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, बच्चों में बढ़ती विकासात्मक देरी की समस्या को ध्यान में रखते हुए विशेष चाइल्ड डेवलपमेंट क्लिनिक की शुरुआत की घोषणा की। यह एसोसिएट डायरेक्टर, पीडियाट्रिक्स और नियोनेटोलॉजी, डॉ. प्रांजली सक्सेना के नेतृत्व में संचालित होगा। सर्टिफाइड चाइल्ड डिवेलपमेंट स्पेशलिस्ट डॉ. सक्सेना को बाल चिकित्सा देखभाल का लंबा अनुभव है। यह क्लिनिक बच्चों में विकास से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने में मदद करेगा, जिसमें प्रारंभिक पहचान और डायग्नोसिस से लेकर विशेष थेरेपी और इंटरवेंशन्स जैसी सेवाएँ उपलब्ध होंगी। क्लिनिक के शुभारंभ पर डॉ. प्रांजली सक्सेना ने बच्चों में तेजी से बढ़ते विकासात्मक और व्यवहार संबंधी विकारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, बदलते सामाजिक परिवेश में न्यूक्लियर परिवार, माता-पिता की उम्र में वृद्धि, स्क्रीन टाइम में इजाफा और हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी जैसे कारक बच्चों में इन विकारों को बढ़ा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 14 वर्ष से कम आयु के लगभग 5% बच्चों को किसी न किसी प्रकार की दिव्यंगता का सामना करना पड़ता है। यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 2% से लेकर 17% तक हो सकता है। उन्होंने कहा, सेंटर फॉर डिजीज कंट्रेल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, अमेरिका में वर्ष 2023 तक 36 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह आंकड़ा प्रत्येक 100 में से 1 बच्चे का है। इसके अलावा, जिन बच्चों को गर्भावस्था या नवजात अवस्था में कोई समस्या होती है, उनमें लंबे समय तक चलने वाले न्यूरोडिवेलपमेंटल विकारों की संभावना अधिक होती है।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स 12 नए शोरूम खोलेगा

**लखनऊ।** दुनिया का छठा सबसे बड़े आभूषण विक्रेता (ज्वेलर) मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए मार्च 2025 तक 12 नए शोरूम खोलने की तैयारी में है। इस हालिया विस्तार से 13 देशों में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 391 तक पहुंच जाएगी और कंपनी की मौजूदगी भारत के 19 राज्यों तक हो जाएगी।ये नए शोरूम मुंबई के पनवेल, पुणे के सिंहगढ़ रोड, ओडिशा के ब्रह्मपुर रोड और सौभाग्य नगर, झारखंड के धनबाद, कर्नाटक के होस्पेट, नगरभवी और चित्रदुर्ग, आंध्र प्रदेश के नांदयाल, अमलापुरम और मछलीपट्टनम एवं उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित होंगे। मलाबार ग्रुप ने विस्तार के इस चरण में कुल 600 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और इस वित्त वर्ष में विभिन्न पदों पर 406 कर्मचारियों की नियुक्ति की है।मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 2025 में 60 नए शोरूम खोलने की योजना बनाई है। इससे कंपनी की वैश्विक उपस्थिति का और अधिक विस्तार होगा। अप्रैल 2025 में ग्रुप पांच नए शोरूम का उद्घाटन करेगा, जिससे मध्य पूर्व, ब्रिटेन और कनाडा में समूह का और अधिक विस्तार होगा।इस विस्तार को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, ÷हमारी विस्तार योजना (एक्सपेंशन प्लान) वैश्विक स्तर पर उपस्थिति बढ़ाने और क्वालिटी पर केंद्रित, पारदर्शी खुदरा (ट्रांसपैरेंट रिटेल) प्रैक्टिस उपलब्ध कराते हुए दुनिया भर में अधिक से अधिक लोगों को विश्वस्तरीय खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## हजरतगंज सोशल अपने ह्नदूसरास्टेडियम अनुभव के साथ स्टेडियम जैसी मैच डे एनर्जी लेकर आ रहा है



**लखनऊ।** भारत के पसंदीदा क्रिकेट सीजन के पूरे जोश के साथ वापस आने के साथ, हजरतगंज सोशल मार्च से मई 2025 तक अपने ह्नदूसरास्टेडियम वाइब्स को वापस लाने के लिए अंतिम मैच-डे डेस्टिनेशन बनने के लिए कमर कस रहा है। प्रशंसकों को एक साथ लाकर क्रिकेट देखने के शानदार अनुभव के लिए डिज़ाइन किया गया, सोशल भारत भर में अपने आउटलेट्स को जीवंत हब में बदल रहा है, जिसमें बड़ी स्क्रीन पर मैच स्क्रीनिंग, टीम से प्रेरित सजावट और साझा आनंद के लिए तैयार किया गया क्यूरेटेड फ़ूड मेन्यू शामिल है। फैनकोड के साथ साझेदारी में, सोशल रोमांचक मर्चेंडाइज़ गिवअवे और ट्रिविया कॉन्टेस्ट जैसी इंटरैक्टिव गतिविधियाँ भी प्रदान करेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर पल - पहली गेंद से लेकर अंतिम ओवर तक - पड़ोस में ही स्टेडियम की ऊर्जा के साथ अनुभव किया जाए।

एक बेहतरीन क्रिकेट दावत~ सोशल के शेयर्ड प्लैटर्स और ड्रिंक्स

सोशल ने क्रिकेट सीजन का एक नया मेन्यू तैयार किया है, जिसमें मैच-डे गैदरिंग के लिए बेहतरीन फ्लेवर से भरपूर शेयर्ड प्लैटर्स का चयन किया गया है। प्रशंसक स्मोकी और रसीले अबरा कबाब रा प्लैटर, भूमध्यसागरीय-प्रेरित अचमेड के मेज़ प्लैटर, बोल्ड और तीखे किलर कबाब प्लैटर, कुरकुरे और रसीले विंग्स प्लैटर और संतोषजनक शावरमा, यो मामा प्लैटर का आनंद ले सकते हैं। साझा करने के लिए डिज़ाइन किए गए, ये व्यंजन दोस्तों और साथी क्रिकेट प्रेमियों के साथ खेल देखने के सामुदायिक अनुभव को बढ़ाते हैं।

सिर्फ देखने से परे एक मैच-डे अनुभव

क्रिकेट से प्रेरित सजावट में सजे हर आउटलेट के साथ, सोशल एक स्टेडियम के स्पंदनशील माहौल को फिर से बनाता है, जो सिर्फ खेल देखने से परे एक अनुभव प्रदान करता है।

# अपने ह्रदय के स्वास्थ्य को बनाएं बेहतर: ह्रदय बीमारियों के खतरे को कम करने के कुछ आसान टिप्स



**लखनऊ।** भारत में मौत का सबसे बड़ा कारण ह्रदय की बीमारियां है। दुनिया भर के ह्रदय रोग का लगभग 60त्न आंकड़ा भारत से हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि भारतीय पुरुषों में 50त्न हार्ट अटैक 50 वर्ष की आयु से पहले होते हैं, और 25त्न 40 वर्ष की आयु से पहले होते हैं। ऐसा आनुवंशिकी, एक्सरसाइज़ की कमी, धूम्रपान, ख़राब डाइट और बहुत ज्यादा तनाव जैसे कारकों के कारण होता है। हालाँकि स्वस्थ आदतें अपनाकर आप ह्रदय रोग के खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। डॉ सुशील यादव, एम डी मेडिसिन बीएचयू, D.M, इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी रीजेंसी हेल्थ लखनऊ ने ह्रदय संबंधी बीमारियों को रोकने में लाइफस्टाइल बदलावों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ÷ह्रदय संबंधी बीमारियां अब केवल बूढ़े लोगों को ही नहीं होती है बल्कि यह चिंताजनक दर से युवा लोगों को भी प्रभावित कर रही है। वहीं जेनेटिक्स भी ह्रदय बीमारियों से ग्रसित होने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। डाइट, एक्सरसाइज़ और तनाव जैसी चीजें हमारे नियंत्रण में होती हैं, इन्हें हम खुद से नियंत्रित कर सकते हैं। धूम्रपान छोड़ने, शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और संतुलित डाइट खाने जैसे छोटे और टिकाऊ बदलाव आपके ह्रदय की काफी रक्षा कर सकते हैं। ह्रदय की समस्याओं को जल्दी पहचानने और गंभीर समस्याओं को रोकने के लिए नियमित हेल्थ स्क्रीनिंग भी महत्वपूर्ण है। धूम्रपान छोड़ना आपके ह्रदय के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक होता है, क्योंकि तम्बाकू रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुँचाता है और खून में ऑक्सीजन को कम करता है। धूम्रपान छोड़ने के लाभ पहले दिन से ही शुरू हो जाते हैं और समय के साथ ह्रदय स्वास्थ्य में सुधार करते रहते हैं। ह्रदय बीमारी के खतरे को कम करने के लिए नियमित एक्सरसाइज़ भी जरूरी होती है।

ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने, ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने और अपने ह्रदय को मजबूत बनाने में मदद करने के लिए हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट मध्यम मेहनत वाली एक्सरसाइज़ या 75 मिनट तेज मेहनत वाली गतिविधि करने का लक्ष्य रखें। गाड़ी चलाने या सीढ़ियाँ चढ़ने के बजाय छोटी दूरी तक पैदल चलने जैसे सरल बदलाव भी ह्रदय स्वास्थ्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। भरपूर मात्रा में फल, सब्ज़ियाँ, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन युक्त ह्रदय-स्वस्थ डाइट खाने से आपके ह्रदय को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिलती है और कोलेस्ट्रॉल कम होता है। प्रोसेस्ड फूडस, ट्रांस फैट, बहुत ज़्यादा चीनी और नमक का सेवन कम करने से आपकी धमनियों में प्लाक के निर्माण और हाई ब्लड प्रेशर को रोकने में मदद मिल सकती है।

## एसबीआई ई-पे के इस्तेमाल के लिए समझौता ज्ञापन



**लखनऊ।** श्री राम कृष्ण मठ व श्री राम कृष्ण मिशन सेवाश्रम लखनऊ के द्वारा की जा रही सामाजिक सेवाओ में एक पायदान और जुड़ गया । मिशन और भारतीय स्टेट बैंक ने उनके उपयोगकर्ताओं को एसबीआई के भुगतान गेटवे एसबीआई ई-पे ( SBI E-PAY) के माध्यम से बैंक की डिजिटल भुगतान सेवाएँ प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं । श्री राम कृष्ण मठ व श्री राम कृष्ण मिशन सेवाश्रम लखनऊ के पोर्टल पर एसबीआई ई-पे के सफल एकीकरण से आम जनमानस को अतिरिक्त डिजिटल भुगतान सेवाएँ प्रदान की जाएंगी ।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महा प्रबन्धक दीपक कुमार दे, राम कृष्ण मिशन सेवाश्रम लखनऊ एवं राम कृष्ण मठ की तरफ से स्वामी मुक्तिनाथानन्द, स्वामी रामधीशनन्दा के अतिरिक्त एसबीआई के उप महाप्रबन्धक धीरज कुमार, उप महाप्रबन्धक (डी×टीबी) सी. वी. रघुराम, क्षेत्रीय प्रबन्धक (क्षेत्र -प्रथम) विपिन सिंह व सहायक महा प्रबन्धक (डिजिटल बैंकिंग) अंशुमाली आदि उपस्थित रहे।

# सूर्या रोशनी ने लॉन्च किए नए BLDC फैन जबरदस्त कूलिंग के साथ अब और ज्यादा बिजली बचत!

**लखनऊ।** भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स में से एक, सूर्या रोशनी, जो लाइटिंग, फैंस, होम अप्लायंसेज, स्टील और पीवीसी पाइप्स में अपनी दमदार मौजूदगी रखता है, उसने अपने नए BLDC (ब्रशलेस डायरेक्ट करंट) फैन की रेंज लॉन्च कर दी है। ब्लिस ल्यूमिनो, एरिना साइलेंसियो, स्लीक एयर और ब्लिस स्टार - ये चार शानदार मॉडल भारतीय घरों में ठंडक के नए मापदंड तय करने आ गए हैं।

भारत जैसे गर्म जलवायु वाले देश में पंखे सिर्फ एक ज़रूरत नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी का अहम हिस्सा हैं। देश का फैन मार्केट दुनिया में सबसे बड़ा है और अब इसमें जबरदस्त बदलाव हो रहा है - ऊर्जा बचत के नियमों, टेक्नोलॉजी में बदलाव और स्मार्ट होम अप्लायंसेज़ की बढ़ती मांग की वजह से। इसके



अलावा, गांवों में बिजली की पहुंच बढ़ने से भी अच्छे और किफायती पंखों की मांग तेज़ी से बढ़ रही है। सूर्या रोशनी के लाइटिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल बिज़नेस के सीईओ जितेंद्र अग्रवाल ने कहा,फैन इंडस्ट्री एक नए दौर में कदम रख रही है, जहां एनर्जी एफिशिएंसी और सस्टेनेबिलिटी सबसे ज़रूरी हैं। हमारा नया BLDC फैन रेंज 'विकसित भारत' के विज़न को आगे बढ़ाते हुए ग्राहकों को परफॉर्मेंस, स्टाइल और बजट फ्रेंडली ऑप्शन एक साथ देता है। सूर्या रोशनी हमेशा क्वालिटी और इको-फ्रेंडली सॉल्यूशंस देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। बीआईएस, बीईई और आरओएचएस जैसे सभी सरकारी मानकों का पालन करते हुए सूर्या रोशनी फैन इंडस्ट्री में अपना दबदबा बनाए हुए है। ये नए BLDC फैंस जल्द ही देशभर के लीडिंग रिटेल स्टोर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे - अब हर घर को मिलेगा स्टाइलिश और बिजली बचाने वाला शानदार कूलिंग सॉल्यूशन!

# सरस हॉस्पिटल ने मरीज को बनाया बंधक, पति ने डीएम से लगाई गुहार

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** सूबे की योगी सरकार जहां आम लोगो के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है वही जिले में स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में निजी अस्पतालों में चिकित्सको मनमानी से मरीजों का शोषण व लापरवाही से मौत का सिलसिला जारी है। बीते फरवरी माह मे सरस ग्रुप के कसया स्थित आरएस हॉस्पिटल द्वारा पांच घंटे तक घायल युवक को इलाज के अभाव मे मार डालने का मामला अभी शान्त भी नही हुआ कि सरस हॉस्पिटल का एक नया मामला सामने आया है। मामला है पैसे के लिए मरीज को बंधक बनाने व परिजनों को मारने पीटने का। पीड़ित ने जिलाधिकारी को हॉस्पिटल प्रशासन के खिलाफ शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में पडरौना कोतवाली क्षेत्र के पडरी गांव के निवासी राम हरेश कुशवाहा ने कहा कि उनकी पत्नी प्रसव पीड़ा से ग्रसित थी जिन्हे 15 मार्च को जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया था। दुसरे दिन ब्लड बैंक में कार्यरत निखिल सिंह आए और मेरे ना मौजूदगी मे पत्नी व सास को बहला-फुसलाकर सस्ते व कम पैसे में बेहतर इलाज करवाने का झांसा देकर पडरौना नगर के छावनी से स्थित सरस हॉस्पिटल भर्ती करवा दिया, जहां हॉस्पिटल प्रशासन व चिकित्सक ने नार्मल प्रसव कराने की बात कहकर पत्नी का आप्रेशन कर नवजात को एनआईसीयू मे रख दिया और अस्सी हजार रुपए की मांग करने लगे। राम हरेश ने डीएम व एसपी को दिए अपने पत्र मे कहा है कि कर्ज़ लेकर वह किसी तरह पचास हजार रुपए जमा किया। इसके बाद मेरे रिश्तेदार उमेश कुशवाहा बच्चे को डिस्चार्ज कराकर जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया जहां नवजात पूरी तरह सुरक्षित है।

इस बात से खार खाए हॉस्पिटल के संचालक डॉ आर्दश दूबे उमेश कुशवाहा को बात करने के लिए बुलाए और अपने चैंबर मे गाली-गलौज करते हुए वहा मौजूद अपने बाउंसर के साथ मिलकर मारने मिटने लगे। शिकायतकर्ता ने कहा कि हॉस्पिटल प्रशासन उसकी पत्नी को बंधक बनाकर रखा है और तीस हजार रुपए की मांग कर रहा है।

- बीते फरवरी माह मे सरस ग्रुप के कसया स्थित आरएस हॉस्पिटल द्वारा इलाज के अभाव मे युवक को मार डाला था

## थाना-पुलिस कुछ नही करेगी

शिकायतकर्ता राम हरेश का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र में यह भी कहा है कि हॉस्पिटल प्रशासन के लोगो का कहना है कि हमारा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता है। पुलिस - दरोगा हमारे हाथ मे है कोई कुछ नही करेगा, जहा चाहे वहां दौड़ लगाओ कोई फायदा नही होगा।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**नसीराबाद रायबरेली।** प्राथमिक विद्यालय पूरे गोसाई में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शालू, अंशिका सौम्या खुशी कंचन ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, छात्रा सरस्वती, आँचल रामू, रूपांशी ने राम आएंगे पर अपनी प्रस्तुति दी, कक्षा चार के छात्र दिवाकर ने सभी राज्यों के नाम व उनकी राजधानी का नाम बताया कक्षा 2 के अस्थि दिव्यांग छात्र श्याम ने 25 तक पहाड़ा सुनाया और अन्य बच्चों अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार जी व अध्यक्षता प्रधानसंघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि ने की। इस मौके पर पैरमिलिट्री वारियर्स फैमिली सोसायटी (सी. आर. पी. एफ) रायबरेली के अध्यक्ष मो. रईस खान, सतीश बाजपेयी उपाध्यक्ष व सतेंद्र पाण्डेय कोषाध्यक्ष की अगुवाई में 11 मेधावी दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सामग्री बैग, टिफिन व खाद्य सामग्री वितरित कर उनका हौसला आफजाई किया।

# खेल के माध्यम से बच्चे देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकते है : विनय

## तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन, 341 बच्चे हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 341 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बुधवार को समापन के अवसर पर रामकोला के विधायक विनय प्रकाश गोंड ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा की भावना को अभिव्यक्त करता है। सभी प्रतिभागी विद्यार्थी भविष्य में चलकर खेल के माध्यम से देश और समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने बताया कि तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था जहां छोटे बच्चों ने विभिन्न फन गेम जैसे म्यूजिकल चेयर रन विद बॉल चेस जैसे गेम्स के माध्यम से मनोरंजन किया वहीं सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने 200 मीटर दौड़ कबड्डी खो खो जैवलिन थ्रो जैसे खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने बताया कि तीन दिवसीय खेल के इस आयोजन में विद्यार्थियों के अंदर उत्साह की प्रवृत्ति सभी को आकर्षित कर रही थी खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है परीक्षाओं के समाप्त होने के बाद और नए सत्र के शुरुआत होने के पहले खेल के इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों अंदर चेतना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय खेतान, दिलीप साहनी, अशफाक मोहम्मद, मुस्ताक, विशंभर प्रसाद, चंदन कुमार गोंड, आजाद प्रसाद, रामदरस शर्मा, प्रेम नारायण पांडेय, सगीर अहमद, रणजीत सिंह, मुकेश कुमार सहित अनेक अध्यापक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक विनय प्रकाश व प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद

## सड़कों पर उतरी चमार महासभा, पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की रिहाई के लिए ज्ञापन दिया




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की रिहाई की मांग को लेकर चमार महासभा गुरुवार को सड़कों पर उतरी। चमार महासभा के कार्यकर्ताओं ने बैनर और तख्तियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम सुल्तानपुर को दिया। महासभा ने इसे दलित, पिछड़े और वंचित समाज के खिलाफ साजिश बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय राणा चमार ने कहा कि प्रजापति वंचित समाज की आवाज़ हैं, जिन्हें सत्ता के षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। महासभा ने निष्पक्ष जांच और रिहाई की मांग की। प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट तिलकधारी ने चेतावनी दी कि यदि मांगे नहीं मानी गईं, तो देशव्यापी आंदोलन होगा। प्रदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव ध्रुवनारायण विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार, राष्ट्रीय सचिव निसार अंसारी, महिला अध्यक्ष अंकिता आदि मौजूद रहे। सभा के अंत में अल्टीमेटम दिया गया कि न्याय न मिलने पर दिल्ली कूच किया जाएगा।

## बजट के लिये धन्यवाद पत्र भेजेगा किसान मोर्चाः पवन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत किसान कल्याणकारी बजट 2025-26 के लिये और भाजपा सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूरे होने पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को जनपद के सभी विधानसभाओं की तरफ से पोस्टकार्ड के माध्यम से बजट धन्यवाद पत्र और बधाई संदेश भेजने के लिये बैठक का आयोजन डाक बंगला देवरिया में किया गया। बैठक में उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रस्तुत बजट में कृषि और किसान कल्याण के लिए ऐतिहासिक बजट दिया है जिसमे किसानों को सिंचाई के लिये 509 करोड़ रुपये से सोलर पम्पो की स्थापना का लक्ष्य रखा है, साथ ही दलहन और तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये 50 करोड़ रुपये से निःशुल्क मिनी किट वितरण का प्रावधान किया है, जिससे किसान समृद्ध और खुशहाल होंगे और उनकी आय दुगुनी होगी। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूरे हुए है, इन 8 वर्षों में सरकार ने सभी वर्गों के उत्थान के लिये कार्य किया है, किसान मोर्चा 8 वर्ष पूरे होने पर योगी सरकार को बधाई संदेश पत्र के माध्यम से भेजेगा। बैठक में मुख्य रूप से अम्बिकेश पाण्डेय, मुकेश राय, सत्येन्द्र सिंह, डॉ विनोद पाण्डेय, सुब्रत सिंह, सुमन्त चतुर्वेदी, रामेश्वर यादव, प्रभुनाथ पाण्डेय, विनोद दुबे उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25, 26 एवं 27 मार्च को जनपद स्तर पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस आयोजन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित लोककल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुँचाना आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ प्राप्त कर सकें। इस त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ 25 मार्च को जनपद मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। महाकुंभ प्रयागराज 2025 पर केंद्रित एक अन्य लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन होगा। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा भी जनपद स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें जनता को योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी जाएगी। केंद्र सरकार के दस वर्ष एवं प्रदेश सरकार के आठ वर्षो की अवधि में जनपद में लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई समस्त परियोजनाओं की विशेष प्रदर्शनी भी इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी। तीन दिवसीय मेले के दौरान हर दिन अलग-अलग विषयों पर आधारित विचार गोष्ठियों और संवाद सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों और संबंधित क्षेत्र के अनुभवी व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। किसान समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा और रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, व्यापार एवं उद्योग तथा समाज कल्याण से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। विचार सत्रों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## सर्वेंद्र अम्बेडकर देवीपाटन मंडल के प्रभारी बनाए गए

**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी युवाओं को पार्टी संगठन में आगे बढ़ाने में लगी हुई है।



जिला सचिव रहे युवा अरुण कुमार गौतम को पार्टी का नया जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुरुवार को प्रदेश बसपा कार्यालय से जारी पदाधिकारियों की सूची में सर्वेंद्र अम्बेडकर को देवीपाटन मंडल का मुख्य मंडल प्रभारी बनाया गया है। सर्वेन्द्र अम्बेडकर की जगह जिला सचिव अरुण कुमार गौतम को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। अमेठी जनपद में सामाजिक भाईचारा बनाओ संगठन को आगे बढ़ाने के लिए विद्या प्रसाद गौतम और रमेश कुमार मौर्य को जिम्मेदारी दी गई है।

## आवास के नाम पर कोई भी धन की मांग करें तो तत्काल सूचना दें : मोहन वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**हाटा, कुशीनगर।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गरीबों के आवास में किसी ने पैसों की मांग किया तो खैर नहीं। आवास के नाम पर पैसे मांगने की सूचना तत्काल हमें दें। उक्त बातें हाटा विधायक मोहन वर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका हाटा में गरीब, विदुर, विधवा विकलांग एवं 60 वर्ष से ऊपर पुरुष एवं महिला की सूची जारी हुई है, जांच पुर्ण होने के बाद दुसरी सूची जारी होगी जिसमें आय पात्र व्यक्तियों का चयन होगा। जांच के नाम पर कोई भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी पैसे की मांग कर रहा है तो तत्काल मेरे नम्बर 9794077973 पर फोन कर अवगत करावे त्वरित कार्रवाई कराया जाएगा। आवास पास कराने के नाम भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही की जाएगा। गरीबों के विकास के उत्थान के लिए डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। पात्र लोगों को निशुल्क आवास मिलेगा परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि पीएम शहरी आवास योजना के तहत कुल 1400 आवास आया है जिसकी पात्रता जांच की जा रही है। आवास में किसी प्रकार का कोई धन की माग करें तो हमें अवगत करावे त्वरित कार्रवाई कराया जाएगा।

## दुनिया में सबसे अधिक लगी हुई हैं बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमाएं, 14 अप्रैल सर्वसमाज का महापर्व

**संग्रामपुर/अमेठी।** संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की जयंती और 14अप्रैल के बाद जयंती पखवाड़ा आयोजित करने की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। बुधवार को चमनगंज में अम्बेडकर सेवा समिति की बैठक आयोजित हुई।



बैठक में 14अप्रैल से 30अप्रैल तक गांव-गांव जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पांच अप्रैल को अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई का बलिदान दिवस मनाने पर भी चर्चा हुई। वीरांगना झलकारी बाई बलिदान दिवस का कार्यक्रम चौरसिया मैरिज लान, गौरीगंज में किया गया है। बैठक में अम्बेडकर सेवा समिति चमन गंज, उत्तरगांव का पुनर्गठन किया गया। बसपा सेक्टर अध्यक्ष,श्याम कुमार को अध्यक्ष , ग्राम प्रधान ओम प्रकाश यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामकुमार को महामंत्री अभयराज सरोज को उपाध्यक्ष,किशुन पाल को कोषाध्यक्ष, शुभम् और रमेश कुमार को संगठन मंत्री, संजीव कुमार और नवनीत को संगठन मंत्री और श्याम लाल मास्टर को आडीटर बनाया गया है। मोतीलाल,रामसुख,रामलौट गार्ड, श्री राम, जेठूराम, राहुल,गोलू, हिमांशु कुमार को सदस्य बनाया गया है। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि 14अप्रैल सर्वसमाज का महापर्व है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ऐसे महापुरुष हैं,जिनकी जयंती पूरी दुनिया में मनाई जाती है। अम्बेडकर जयंती को युवा और बुजुर्ग नशासेवन से बिल्कुल दूर रहें और पंचशील का आचरण करते हुए धूमधाम से समारोह मनाएं। विश्व रत्न बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमाएं दुनिया में सबसे अधिक हैं। अम्बेडकर सेवा समिति के महामंत्री राम चन्द्र बौद्ध ने 14अप्रैल को बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की जयंती के साथ 5अप्रैल को अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई का बलिदान दिवस मनाने के संदेश दिए।

## त्रिवेणी चीनी मिल ने 05 मार्च से 11 मार्च तक के गन्ना मूल्य का किया भुगतान

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 05 मार्च से 11 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का 12 करोड़ 84 लाख रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। इस संबंध में प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी दी। प्रधान प्रबंधक ने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ताजा, साफ-सुथरा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें, जिससे उनकी गन्ना आपूर्ति की गुणवत्ता बनी रहे और भविष्य में बेसिक कोटा बढ़ने का लाभ मिल सके। वसंत कालीन गन्ने की बुआई पर विशेष जोर देते हुए मिल प्रबंधन ने आगामी वसंत कालीन गन्ना बुआई को ध्यान में रखते हुए किसानों से गन्ने की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों ष्ट्व-118, ष्ट्व 15023, ष्ट्वरुय 14201, ष्ट्वरुय94184 प्रजातियों की बुआई की अपील की। इसके अतिरिक्त, गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुदान पर उपलब्ध ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय भी उपस्थित रहे।

# गंडक नदी में मिली अनुराग की लाश का बिसरा और डीएनए जांच शुरू

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गंडक नदी में एक लावारिश युवक की लाश मिली थी जिसके जेब से मिले मोबाइल की मदद से पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त की। सूचना पर विशुनपुरा थाने पर पहुंचे मृतक के भाई ने अनुराग की फोटो व कपड़ा देख अचेत हो गया। उसने भाई की हत्या का आरोप लगाया है। देर शाम को शव का अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने किया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सका। जांच के लिए बिसरा सुरक्षित कर लिया है, अब डीएनए जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि रामकोला थाना क्षेत्र के पकड़ी बांगर टोला निवासी राजेश श्रीवास्तव के 30 वर्षीय बेटे अनुराग श्रीवास्तव की शादी तय थी। 19 जनवरी की शाम को करीब पांच बजे अपनी शादी का कार्ड लाने के लिए नौरंगिया जाने के लिए घर से बाइक से निकला। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बड़ी नहर बहुपरना गांव के सामने युवक की बाइक मिली और युवक लापता हो गया। अनुराग के भाई अभिलाष श्रीवास्तव ने नेबुआ नौरंगिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराया। छह फरवरी को अनुराग की शादी होने वाली थी। परिजनों ने एसपी से मिलकर अनहोनी की आशंका जताते हुए अनुराग का पता लगाने की मांग किया। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वॉट टीम, सर्विलांस के अलावा रामकोला और नेबुआ नौरंगिया पुलिस को लगाया, लेकिन अनुराग का मोबाइल बंद होने के कारण उसका पता नहीं लगा सका। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के नहर में रविवार को युवक की लाश मिली। उसकी शिनाख्त नहीं हो कसी। पुलिस ने लाश को मोर्चरी में रखवा दिया और युवक के जेब से मिले मोबाइल से सिम कार्ड निकाल ट्रेस करना शुरू किया। बुधवार को परिजन अनुराग के नंबर पर फोन किया तो विशुनपुरा थाने का कोई पुलिसकर्मी रिसीव किया और बताया कि जिसका फोन है। उसकी लाश मोर्चरी में पड़ी है। अनुराग का भाई अभिलाष विशुनपुरा थाने में पहुंचा और फोटो व कपड़े से अपने भाई की पहचान की। अभिलाष श्रीवास्तव ने भाई की हत्या कर गंडक नदी में शव फेंकने का आरोप लगाया है।

- अपनी शादी का कार्ड बांटने निकला था युवक, 57 दिन बाद मिली थी लाश
- रामकोला थाना क्षेत्र के पकड़ी बंगार का मामला

## 16 मार्च को गंडक नदी में मिली थी लाश

पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज ने बताया कि 16 मार्च को विशुनपुरा क्षेत्र के मठिया माफी गांव के सामने गंडक नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था, अज्ञात शव को थाना विशुनपुरा पुलिस द्वारा मर्चरी हाउस पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया था कि सूचना मिलने पर अभिलाष श्रीवास्तव पुत्र राजेश श्रीवास्तव निवासी पकड़ी बंगार थाना रामकोला द्वारा मर्चरी हाउस पर कपड़ों के पहनावा, मोबइल फोन आदि के आधार पर अज्ञात शव की पहचान अपने भाई अनुराग श्रीवास्तव के रूप में किया गया। चिकित्सक पैनल द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया तथा विसरा संरक्षित किया गया है। प्रकरण में डीएनए परीक्षण आदि सहित सम्यक अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## होली मिलन, क्रिकेट प्रतियोगिता और गायत्री महायज्ञ में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति, उप्र सतीश चन्द्र शर्मा का एक दिवसीय जनपद भ्रमण आज प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री 21 मार्च 2025 को 13:00 बजे जनपद के विधानसभा क्षेत्र-184 जगदीशपुर में रामलीला मैदान, बाजार शुकुल में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे, उसके उपरान्त 17:00 बजे सीएम उद्यमी प्रमाण-पत्र वितरण/ संगोष्ठी एवं महाकुम्भ जलप्रसाद वितरण में प्रतिभाग करेंगे, तदोपरान्त राज्यमंत्री 18:00 बजे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उसके उपरान्त 19:00 बजे देव यज्ञ नगर, दुर्गापुर रोड खेरौनी अमेठी में राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में भाग लेंगे।

# विश्व गौरैया दिवस पर रोटरी क्लब ने वितरित किए कृत्रिम घोंसले

अवधनामा संवाददाता




**कसया, कुशीनगर।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर गुरुवार को कसया स्थित कलश गेस्ट हाउस में रोटरी क्लब कुशीनगर एवं रोटरी क्लब देवरिया सेन्ट्रल के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए गौरैया के संरक्षण हेतु कृत्रिम घोंसले वितरित किए गए। कार्यक्रम के संयोजक अर्चना फाउंडेशन एवं गौरैया संरक्षण एवं पर्यावरणविद् हिमांशु कुमार सिंह ने कहा कि गौरैया के संरक्षण के लिए हमें उसके अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों में कृत्रिम घोंसले लगाएं और नियमित रूप से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। गौरैया पक्षी की घटती संख्या चिंता का विषय है, इसलिए हम सभी को इनके संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। क्लब के सचिव अजय सिंह ने बताया कि क्लब द्वारा आगे भी इस तरह के जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को गौरैया संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें घरों में व खुले स्थानों पर पानी और दाना रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि यह पहल गौरैया संरक्षण में सकारात्मक भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर रोटरी क्लब देवरिया सेन्ट्रल के अध्यक्ष डॉ. विपिन बिहारी शर्मा, रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, सहसचिव अखिलेश शर्मा, मीडिया प्रभारी अरुण वर्मा, समाजसेवी राजीव तिवारी, अमरेन्द्र नारायण सिंह, रंजीत श्रीवास्तव, वैभव राव, शिवजी जायसवाल, डॉ. मनोज मद्धेशिया, एस. एन. चतुर्वेदी एवं हेमंत गर्ग, अरूण मौर्या सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सभी कृषक बंधु तैयार कराए अपनी फार्मर रजिस्ट्री : डीएम

अवधनामा ब्यूरो


किसानों को संबोधित करते डीएम

**कुशीनगर।** किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कुशीनगर में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रारंभ में उप कृषि निदेशक आशीष कुमार द्वारा पिछले माह में प्राप्त शिकायतों के संबंध में संबंधित विभागों से प्राप्त निस्तारण आख्या पटल पर जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई। इसके उपरांत कृषक बंधुओं द्वारा सदन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया।

कृषक पुरुषोत्तम दुबे ग्राम चक चिन्तामणि विकास खंड नै.नौ. द्वारा अवगत कराया गया कि सिंगहा माइनर रोड चौड़ी हो गई है, परन्तु पुलिया संकरी होने के के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संकेतक एवं सुरक्षा लगाने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। कृषक महेंद्र मणि त्रिपाठी ने फार्मर रजिस्ट्री में नाम मिसमैच सम्बन्धी शिकायत की। कृषक सुप्रिय अशोक मालवीय, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ ने बरसात से पहले ड्रेनो कि सफाई के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से शिकायत किए। कृषक सिघासन यादव द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में आने वाली शिकायत दर्ज कराई गई और कृषक जवाहर शर्मा द्वारा धान गेहूं कि खरीद के अलावा अन्य फसलों कि खरीद के लिए क्रय केंद्र खोले जाने कि अपील कि गई इसके इसके अलावा अन्य किसानो ने भी लिखित शिकायत दर्ज कराई, कृषक जगदीश मिश्रा द्वारा गर्मी के मौसम शुरु होने के उपरांत गांव में मच्छर से प्रभावित और साफ सफाई न होने से बीमारी फैलने कि शिकायत कि गई, ग्राम बलकुडिया समिति विकास खंड विशुनपुरा में समिति सप्ताह में सिर्फ बुधवार को ही खोले जाने कि शिकायत दर्ज कराई, कृषक वशिष्ट नारायण वरनवाल द्वारा बलियवा माइनर कि पटरी का खडंजा जो कच्चे ईट कराया गया है इसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारियो से जांच कराने का निर्देश दिया गया।

# एकदिवसीय दौरे पर बहराइच पहुंचे मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

- नवनिर्मित मिहींपुरवा तहसील का किया लोकार्पण व आवासीय भवनों का शिलान्यास
- आम जनता के सभी जरूरी कार्य एक ही जगह किये जाएंगे निस्तारित-मुख्यमंत्री
- सभी ग्राम सचिवालयों में होगी इंटरनेट की सुविधा, भूमि रिपोर्ट का होगा डिजिटलाइजेशन: मुख्यमंत्री
- जनपद बहराइच को मिलेगा नया बाईपास, नेपाल से कनेक्टीविटी होगी आसान: मुख्यमंत्री





**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एकदिवसीय भ्रमण हेतु जनपद बहराइच पहुंचे, जनपद पहुंचने पर विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व सांसद पद्मसेन चौधरी, विधायक बलहा सरोज सोनकर, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधान परिषद सदस्य डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने अगुवानी कर स्वागत किया। इस दौरान मा0 मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम नवनिर्मित तहसील भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया तत्पश्चात् बटन दबाकर तहसील के मुख्य भवन का लोकार्पण किया। उन्होने नवनिर्मित तहसील भवन का भ्रमण कर अवलोकन भी किया। इसके पश्चात् तहसील परिसर में मुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु प्रेरित भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया बन्धुओं व विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जनपद बहराइच के बलहा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मिहिपुरवा में नई तहसील भवन के लोकार्पण के साथ ही तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु आवासीय भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होने तहसील एवं जनपद वासियों को हृदय से बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि बहराइच जनपद भारत की ऋषि परम्परा से जुडा हुआ जनपद है। कहा जाता है कि महर्षि बालार्क का एक विश्व प्रसिद्ध आश्रम इसी जनपद में था और बहराइच का नाम व पहचान बालार्क ऋषि के नाम पर आगे चला था। बहराइच वह ऐतिहासिक भूमि है जहां पर एक विदेशी आक्रांता को धूल-धूसरित करते हुए महाराजा सुहेल देव जी ने भारत की विजय पताका फहराई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव जी ने विदेशी आक्रांताओं के साथ युद्ध में अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया था। उसी का परिणाम था कि डेढ़ सौ वर्षो तक कोई विदेशी आक्रमणकारी भारत पर आक्रमण करने का साहस नहीं कर पाया था। ऐसी पावन धरा को जो ऋषि बालार्क की साधना से पवित्र हुई हो तथा महाराजा सुहेलदेव ने विजय भूमि के रूप में बदलकर इसे बहराइच की पहचान दी है, मैं इस पावन धरा को नमन करता हूं। उन्होने कहा कि बहराइच के इतिहास को छिपाने का कार्य किया जा रहा था और यही कारण है कि पिछली सरकारें केवल घोषणा करती थी और कार्य नहीं हो पाते थे। मिहींपुरवा तहसील का आजतक भवन नहीं बन पाया था, जबकि एक सामान्य नागरिक के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य तहसील से जुड़ा होता है। भूमि सम्बन्धी विवरण हो, उसकी पैमाइश, वरासत, नामांतरण, बंटवारे इत्यादि कार्य तहसील के माध्यम से ही किये जाते है। इसलिए यदि तहसील का अपना भवन ही नहीं होगा, तो सामान्य व्यक्ति को राजस्व से जुड़े मामलों में क्या न्याय मिल पायेगा।

उन्होने कहा कि जब 2017 में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में आयी तो उस समय 33 लाख से अधिक भू राजस्व वाद के मामले लम्बित पड़े थे। जो कि पिछली सरकारों की नाकामी के कारण लम्बित थे। पिछली सरकारों ने बेईमानी और भ्रष्टाचार का अड्डा बना लिया था।

एक सामान्य नागरिक न्याय की उम्मीद भी नहीं कर सकता था। गरीबों की आवाज को दबा दिया जाता था, लेकिन हमारी सरकार ने वादों के निस्तारण के लिए एक समय सीमा तय की। यदि उसके बाद भी भू राजस्व के मामले लम्बित पाये गये तो सम्बन्धित से जवाबदेही तय करने की व्यवस्था की गई है। जिसके परिणामस्वरूप हमारी सरकार ने विगत वर्षो से लम्बित 33 लाख वादों का निस्तारण कर न्याय दिलाने का कार्य किया है। सरकार की कार्यवाही का परिणाम है कि एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स के माध्यम से 64 हजार एकड़ भूमि को मुक्त कराया गया है।उन्होने कहा कि सरकार की योजना है कि सभी गांवों में ग्राम सचिवालय बनाये जाएंगे तथा सभी में आप्टिकल फाइबर या वाई-फाई की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। साथ ही गांव के लोगों को गांव में ही बैंक की सुविधा भी दी जाएगी।

## एसयूडी लाइफ की क्लेम सेटलमेंट अनुभव में सतत सुधार की यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** स्टार यूनियन दाईइची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसयूडी लाइफ) अपने क्लेम सेटलमेंट अनुभव में नवाचार, दक्षता और ग्राहककेंद्रितता पर जोर देकर क्रांति ला रही है। सन 2009 से भारतीय जीवन बीमा क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम, एसयूडी लाइफ ने कठिन समय में वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर भरोसेमंद भागीदार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। एसयूडी लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभय तिवारी ने कहा एसयूडी लाइफ में, हमारे पॉलिसीधारकों की सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम समझते हैं कि प्रत्येक क्लेम हमारे ऊपर जताए गए विश्वास का प्रतीक है, जो कठिन समय में हमारे ग्राहकों को समर्थन देता है। हम नवाचार को अपनाकर और अपनी प्रक्रियाओं को लगातार सुधारकर इस विश्वास को पारदर्शिता, गति और संवेदनशीलता के साथ पूरा कर रहे हैं। एसयूडी लाइफ यह भी मानता है कि कुशल और संवेदनशील कर्मचारी ही उत्कृष्ट सेवा का आधार होते हैं। इसलिए, कंपनी अपने कर्मचारियों को नवीनतम प्रक्रियाओं और विनियमों पर नियमित प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और ऑनलाइन लर्निंग मॉड्यूल्स के माध्यम से सशक्त बनाती है। आने वाले समय में, एसयूडी लाइफ क्लेम प्रोसेसिंग को और अधिक तेज़ और प्रभावी बनाने के लिए ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने, संचार चैनलों का विस्तार करने और संचालन को अधिक सुव्यवस्थित करने की योजना बना रही है। कंपनी का लक्ष्य अपने ग्राहकों को लगातार बेहतरीन और निर्बाध सेवा अनुभव प्रदान करना है।

## 93 ग्राम चरस सहित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को 93 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा दौराने चैकिंग अभियुक्त आशिफ उर्फ पिंचर पुत्र गफ्फूर निवासी मौहम्मदी मस्जिद, गली नं0-03 साठ फुटा थाना रामगढ, जनपद फिरोजाबाद को बरकतपुर रोड़ से रेलवे पुल के पास से 93 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना रसूलपुर पर मु0अ0सं0 122/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अनुज कुमार, प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 अमित आनन्द, उ0नि0प्रशिक्षु श्रीकान्त कटारिया, मु0आ0 601 उपेन्द्र कुमार, का0 1576 पवन, का0 1169 रामगोपाल थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## पोक्सो एक्ट में एक वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के पर्वेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 19.03.25 को मु0अ0सं0 561/24 धारा 137(2)/87 बीएनएस व मु0अ0सं0-510/24 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व = पोस्को एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त प्रशान्त यादव पुत्र सत्यपाल निवासी नगला नाहर थाना एका जिला फिरोजाबाद को चनौरा पुल के पास थाना रामगढ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे, उ0नि0 अजय कुमार, उ0नि0 दिवेश कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

## 'महिला स्वास्थ्य परीक्षण एवं काउंसलिंग्र' कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**शिकोहाबाद।** नारायण पीजी कॉलेज शिकोहाबाद में मिशन शक्ति फेस 5 अभियान के अंतर्गत 'महिला स्वास्थ्य परीक्षण एवं काउंसलिंग' कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो विजय कुमार सिंह के निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन द्वारा हुआ। आज के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ आस्था चतुर्वेदी ने महिलाओं से संबंधित बीमारियों एवं उन बीमारियों से बचाव कैसे हो तथा विशेष रूप से हाइजीन, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर से कैसे बचा जाए इस पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हम स्वच्छता अपनाकर स्वस्थ रह सकते हैं। अतः हम स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इस कार्यक्रम में प्रो मनोज कुमार, प्रो अरविंद कुमार, प्रो अनुपमा चतुर्वेदी, प्रो विनीता कटियार, प्रो हेमलता सुमन, प्रो संगीता पांडे, प्रो कविता यादव, डॉ संतोष सिंह, डॉ मृदुला यादव, डॉ प्रियंका राजपूत ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वीटी सिंह प्रभारी मिशन शक्ति ने किया। डॉ आस्था चतुर्वेदी ने छात्राओं की समस्याओं को सुना और उससे संबंधित जानकारी दी।

## दस हजार रूपये चोरी करके दुकान में लगाई आग

**टूंडला।** थाना पचोखरा क्षेत्र के अंतर्गत एक दुकान से अज्ञात चोर दस हजार की चोरी करके दुकान में रखें खाद बीज में आग लगाकर फरार हो गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। वैभव शर्मा पुत्र श्याम बिहारी शर्मा निवासी अधेत थाना पचोखरा ने दी तहरीर में बताया है कि मेरी माँ केला कृषि सेवा केन्द्र पचोखरा एटा रोड टूंडला पर बीती रात्रि अज्ञात चोर छत की पटिया निकालकर दुकान के अंदर घुस आये और गल्ले में रखें दस हजार रूपये लेकर दुकान में आग लगाकर फरार हो गये। जिससे दुकान में रखें खाद बीज जलकर राख हो गया। आनन फानन में दुकानदार को सूचना दी दुकानदार मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग पर काबू पाया।

## मिहींपुरवा तहसील में बनेंगे सरकारी आवास, राज्यपाल ने प्रदान की स्वीकृति

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद के विकास की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 19 मार्च 2025 को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आवासीय भवनों के निर्माण हेतु भेजे गए प्रस्ताव/आगणन के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा आंकलित लागत धनराशि रु. 725.48 लाख पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किस्त के रूप में रु. 140.00 लाख अवमुक्त करते हुए नियमानुसार व्यय किए जाने की स्वीकृति मा. राज्यपाल द्वारा प्रदान की गई है।

## प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**मैनपुरी।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय कोरई आगरा में कक्षा-06 और कक्षा-09 के लिए आयोजित हुए प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है, परीक्षा परिणाम मैनपुरी में स्थित श्रम कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय व अटल आवासीय विद्यालय में सूचना पट में देखा जा सकता है। उन्होने बताया कि आगरा की तहसील किरावली के ग्राम कोरई में स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में 140-140 छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी।

# मुठभेड़ में एक पुलिस गिरफ़्त में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना फरिहा पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में अभियुक्त राजा तिवारी उर्फरोनक को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर , 01 खोखा कारतूस ,02 जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। वादी द्वारा थाना फरिहा पर तहरीर दी गयी कि 17-03-2025 को समय करीब शाम 06.00 बजे वादी की पुत्री को राजा तिवारी उर्फरोनक द्वारा अपने साथियों के साथ जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर लिया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फरिहा पर मु0अ0सं0 32/2025 धारा 140(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में 20-03-2025 की रात्रि में अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना फरिहा पुलिस टीम को मुखबिर खास ने सूचना दी कि थाना फरिहा पर पंजीकृत अभियोग 32/2025 में वांछित अभियुक्त राजा तिवारी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में फरिहा रखावली रोड़ पर घूम रहा है।

सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा फरिहा रखावली रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल पर संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिन्हे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति भागने लगे जिससे हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल हो गया व अन्य दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। घायल व्यक्ति की पहचान राजा तिवारी उर्फ रोनक पुत्र कमल सिंह उर्फ संजय निवासी न्यू तिलक नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। राजा तिवारी उर्फ रोनक थाना फरिहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 32/2025 का वांछित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया।

अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस, 01 सुपर स्पलैण्डर मोटर साइकिल बरामद की गयी है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक गीतम सिंह, एसओजी प्रभारी दीपक तिवारी मय टीम, सर्विलांस प्रभारी अमित तोमर मय टीम, व0उ0नि0 उमेश सिंह, उ0नि0 सुधीर कुमार, का0 674 तेजवीर सिंह, हे0का0 711 अवनीश गौतम थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया पुलिस विभाग के विभिन्न इकाइयों का शैक्षिक भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस और पुलिस विभाग के छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम के द्वितीय चरण के तहत फिरोजाबाद जनपद के 5 महाविद्यालयों के 40 विद्यार्थीयो ने रिजर्व पुलिस लाइन्स, महिला थाना, डीसीआर और यूपी-112 केंद्र का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर पुलिस नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया ने छात्रों को बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से अवगत कराना और लोक कौशल और संज्ञानात्मक कौशल का विकास करना था। इस भ्रमण में सीओ शिकोहाबाद प्रवीण तिवारी ने अहम भूमिका निभाई। शैक्षिक भ्रमण की शुरुआत रिजर्व पुलिस लाइन्स, फिरोजाबाद से हुई, जहाँ छात्रों को पुलिस बल के अनुशासन, हथियारों, आपातकालीन सेवाओं और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका के बारे में बताया गया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **14.04.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 03002025 दिनांक 19.03.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 45-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम : सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत पीएफएम–जेएनएच सेक्शन में किमी 9/6ए–7ए (बरयाराम यार्ड का पश्चिमी छोर) पर अतिक्रमण वाले स्थानों के बदले में सड़क के नीचे पुल का प्रावधान, यूसीआर–आरबीएल सेक्शन में एलएमएन–डीवाईपी स्टेशनों के बीच किमी 98/16–99/1 पर अतिक्रमण वाले स्थानों पर आरयूबी का निर्माण, जेएनएच–पीएफएम सेक्शन में बरयाराम–उग्रसेनपुर स्टेशनों के बीच किमी 11/2–3 पर अतिक्रमण वाले स्थानों के बदले में आरयूबी/सबवे का प्रावधान और ऊंचाहार–लछमनपुर स्टेशन के बीच किमी 73/6–73/7 के बीच लेवल एक्सिंग नंबर 44–ए पर आरयूबी/एलएचएस का प्रावधान का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 26,30,15,557.66 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 14,65,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 31.03.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 14.04.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 861/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में करायें भर्ती

- निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों, बाल विकास परियोजना कार्यालयों के कार्यों पर नजर रख गुणवत्ता के साथ समय से कराये जायें पूर्ण: अंजनी

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला पोषण समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि सैम-मैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में प्रतिमाह नियमित रूप से भर्ती करायें, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो तथा पोषण पुनर्वास केंद्र की सुविधाओं का शत-प्रतिशत उपयोग हो सके। उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि बाल विकास परियोजना अधिकारी किशनी, बेवर एवं जागीर द्वारा नियमित रूप से बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती नहीं कराया जा रहा है, माह जनवरी में किशनी, बेवर, सुल्तानगंज से एवं माह फरवरी में भी किशनी, बेवर से एक भी सैम बच्चा एन.आर.सी. मे भर्ती नहीं कराया गया है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होने सम्बन्धित सी.डी.पी.ओ. के साथ प्र. चिकित्साधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि प्रतिमाह अपने-अपने विकास खंड से कम से कम 02-02 चिन्हित सैम-मैम बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर एन.आर.सी. में भर्ती कराना सुनिश्चित करें। उन्होने समीक्षा के दौरान पाया कि 1125 सैम, 5064 मैम बच्चे जनपद में चिन्हित हैं, जिसमें सर्वाधिक 184 सैम बच्चें मैनपुरी नगर, 159 बच्चे घिरोर, 158 बच्चे मैनपुरी देहात एवं 148 बच्चे बेवर क्षेत्र में, 863 मैम बच्चे ब्लॉक बेवर, 772 बच्चे मैनपुरी देहात, 680 बच्चे सुल्तानगंज, 570 बच्चे मैनपुरी नगर एवं 498 बच्चे घिरोर ब्लॉक में चिन्हित हैं।श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 44 आंगनाबाडी केन्द्र निर्माण के सापेक्ष 03 केन्द्रों का निर्माण कार्य शुरू न होने पर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शीघ्र-अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराये, 1788 आंगनबाड़ी केन्द्रों के सापेक्ष 1165 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इन्फ्राकिट क्रय की जा चुकी है, अभी 623 केन्द्रों पर इन्फ्राकिट क्रय होना शेष है, जिस पर उन्होने शीघ्र इन्फ्राकिट क्रय कर बच्चों हेतु उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता,**

**जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रॉकः- 806/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनाँकः- 20/03/2025

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रि की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 27/03/2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकेते है। सील्ड निविदायें दिनाँक 27/03/2025 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 27/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | *Laying & interconnection of 110 mm dia PVC pipe line 250 mtr from Sri Brij Mohan Singh's House to Sri Anil Kumar's House Gali No-2, Aman Vihar, New Haiderganj Ward, LKO* | Rs. 6200.00 | Rs. 350 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

## लेखपालों ने एसडीएम कृतिराज के नेतृत्व में की जांच

**शिकोहाबाद।** फर्जी डिग्री प्रकरण में जेएस विश्वविद्यालय की कम होती नजर नहीं आ रही हैं। जयपुर एसओजी की टीम की गहन पूछताछ के बाद अब जिला प्रशासन ने सख्ती करना शुरू कर दिया है। मंगलवार को बुलंदशहर के युवकों द्वारा कुलाधिपति, प्रति कुलाधिपति, महानिदेशक, विभागाध्यक्ष कृषि सहित पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद बुधवार को एसडीएम कृतिराज चौधरी और एसडीएम टूंडला न्यायिक शिवध्यान पांडे के नेतृत्व में जसराना, सिरसागंज और शिकोहाबाद के लेखपालों की तीन टीमों ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर की नापतौल की। परिसर में बने भवनों की भी चाहरदीवारी नापी। जिसको लेकर बुधवार को भी विश्वविद्यालय में हड़कंप मचा रहा।

# निपुण विद्यालय उत्सव कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र, फिरोजाबाद के परिसर में 'निपुण विद्यालय उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन जनपद स्तर पर भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा समस्त निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय निपुण होने पर बधाई तथा ऑगनवाड़ी कार्यकत्री को भी प्रत्येक दिन टी0एल0एम0 के माध्यम से शिक्षण कार्य कराने का अनुश्रवण किये जाने से अवगत कराया गया। राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से सुश्री चैतन्य के द्वारा प्रतिभाग कर शिक्षकों को अधिक बेहतर माध्यमों यथा डिजिटल उपकरणों का प्रयोग करने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जया शर्मा एवं सुभाष एस0आर0जी0 के द्वारा निपुण विद्यालयो के अध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में अवगत कराया गया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा के द्वारा समस्त अध्यापकों को कुशल नेतृत्व करने, विद्यालय निपुण होने पर बधाई देते हुए भविष्य में बच्चों पर अधिक ध्यान देने, दिनांक 24 मार्च 2025 से बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा की कार्यवाही सम्पादित कर रिपोर्ट कार्ड समय से तैयार कराने, आगामी नवीन सत्र में अधिक से अधिक नामाकंन कर प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में पंकज चिमनानी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण के द्वारा समी उपस्थित प्रतिभागियों को भोजन करने का अनुरोध करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./06/2025 दि. 18.03.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :

**क्रम सं. : 01, कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में लालकुआँ स्टेशन की एग्जिस्टिंग प्रथम वाशिंग पिट का 170 मीटर का विस्तार तथा इज्जतनगर लोको शेड में बे 1 एण्ड 2 विद गैन्टरी रेल का विस्तार, गैन्टरी रेल का 1 मीटर ऊँचाई तक विस्तार, डिस्मेन्टलिंग एण्ड फिलिंग वर्क इन बे-4 एण्ड 5, स्क्रेप यार्ड नियर सी.एन.सी. शेड एण्ड एस. एण्ड टी. वर्क से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य, **अनुमानित लागत रु. में :** 41,73,742.00, **धरोहर राशि रु. में :** 83,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 11.04.2025 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह।

• इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिएँ।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/
मुजाधि/विद्युत-258 इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, महराजगंज**

सावधान सावधान

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक के पाउच वाली शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योंकि वह नकली एवं जानलेवा है तथा इसके सम्बन्ध में सूचना तत्काल उपलब्ध कराएँ। अवैध स्रोतों/अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा जहरीली हो सकती है। अवैध शराब में मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है। अत. इनका सेवन किसी भी स्थिति में न करें।

यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1. सदर मोबाइल नम्बर 9454466220, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2, फरेन्दा मोबाइल नम्बर 9454466221, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3, निचलौल मोबाइल नम्बर-9454465911, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4, नौतनवॉ, मोबाइल नम्बर-9454466547 तथा प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम व पता आदि गोपनीय रखा जायेगा।

(अतुल चन्द्र द्विवेदी)
जिला आबकारी अधिकारी
महराजगंज।

(अनुनय झा)
जिलाधिकारी
महराजगंज।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने प्रेस मीट में प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण और समाज कल्याण पहलों पर किया विमर्श

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने परियोजना के उमंग भवन सभागार में एक भव्य प्रेस मीट का आयोजन किया, जिसमें राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय मीडिया से जुड़े 80 पत्रकारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख मीडिया हाउसेज के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस प्रेस मीट का मुख्य उद्देश्य एनटीपीसी विंध्याचल के शानदार प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण, और समाज कल्याण कार्यों को प्रमुखता से साझा करना था।

इस कार्यक्रम की शुरुआत राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) ने की, जिन्होंने मीडिया समुदाय का स्वागत करते हुए सत्र की शुरुआत की। इसके बाद, संजय प्रकाश यादव, अपर महाप्रबंधक (ई एम जी) ने एनटीपीसी विंध्याचल की प्रचालन कुशलता, सुरक्षा प्रक्रियाओं और पर्यावरणीय प्रयासों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। साथ ही प्रणव वर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने स्टेशन के सीएसआर कार्यक्रमों और हाल में प्राप्त पुरस्कारों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर एनटीपीसी के कार्बन-टू-मेथेनॉल प्लांट पर एक प्रेरणादायक कॉर्पोरेट फिल्म और वीडियो भी दिखाई गई।

कार्यक्रम में ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने मीडिया के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और यह एनटीपीसी विंध्याचल की यात्रा में एक अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कंपनी की सुरक्षा प्राथमिकताओं और हरित ऊर्जा की ओर इसके स्थिर कदमों पर जोर दिया।

प्रेस मीट के दौरान एक संवादात्मक सत्र भी हुआ, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों ने कोयला भंडारण, राख उपयोग, हरित हाइड्रोजन, टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन, और समाज कल्याण योजनाओं जैसे विषयों पर सवाल उठाए। इस सत्र में एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधन सदस्य भी उपस्थित थे, जिनमें डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक(आरएलआई), सुजय कर्मकार, महाप्रबंधक (हरित रसायन एवं बीई), राजेशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस एवं ए डीएम) और डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) शामिल रहे।

कार्यक्रम का समापन मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने धन्यवाद ज्ञापन से किया, जिसमें मीडिया के योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कुमना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा किया गया।

## शादी टूटने से आहत युवक ने की आत्महत्या

**हमीरपुर।** घर और रोजगार ना होने पर छह माह पहले शादी टूटने के गम से आहत हो युवक ने गुरुवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना पर पहुँचे परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर निवासी कामता पुत्र सुरेश निषाद (20) भिलावा स्थित एक परचून की दुकान में काम करता था। गुरुवार की दोपहर बहाना बना कर दुकान से निकल गया। इसके बाद शराब के साथ युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना पर पहुँचे परिजनों ने युवक को आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया।वहीं परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर युवक के शव को घर ले गए है।मृतक के पिता सुरेश निषाद ने बताया कि घर और रोजगार ना होने के चलते छह माह पूर्व कामता की शादी टूट गई थी जिससे आए दिन टेंशन में रहता था।

# सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी धर्मों के लिए कार्य कर रही है : सरिता भदौरिया

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** सदर विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के तहत मुहल्ला लक्ष्मण कॉलोनी में बम्बा की पटरी पर विजय सिंह शाक्य के मकान से पूते यादव के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन कर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने जनता को समर्पित की।

उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार अंत्योदय के पथ पर चलते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी धर्मों, सभी समाजों व सभी वर्गों के लिए कार्य कर रहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सबका साथ सबका विकास के नारे को जमीन पर उतारने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है एवं विश्व को राह दिखा रहा है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने गुंडागर्दी व अराजकता पर लगाम लगाने का काम किया है।

उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौबे, पूर्व सभासद बल्ले चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अशोक चौहान, रामशरण गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, मण्डल महामंत्री चन्दन मिश्रा, मण्डल उपाध्यक्ष पंकज कुशवाहा, शक्ति केंद्र संयोजक डब्बू चौधरी, गुंजन राजावत, चंदन पोरवाल, बूथ अध्यक्ष सदन राजावत, गुड्डी वाजपेयी, योगेश पांडेय, सचिन मिश्रा, ऋषि तिवारी, छोटू शर्मा, सोनू कुशवाहा, पंकज शाक्य, अभिषेक शाक्य सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है : सीडीओ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रधान मंत्री मुद्रा योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने समस्त उद्यमियों से कहा कि उद्योग से संबंधित समस्याओं को लिखित में दिया जाए, जिससे निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को लेकर बैंक से समन्वय स्थापित करके समस्या का समाधान कराया जाए।

उन्होंने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ओडीओपी सहित सभी रोजगारपरक योजनाओं के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। उन्होंने बिजली विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, एलडीएम, पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार, विद्युत एक्शियन, समस्त उद्यमियों सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय फिट इण्डिया कार्यक्रम आयोजित

**मौदहा हमीरपुर।** स्पोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से सरस्वती पब्लिक स्कूल मौदहा में फिट इंडिया मूवमेंट मनाया गया। स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई और बच्चों को योग और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व और फिटनेस, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में समन्वयक आरएस राठौर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय योगी ने किया। योगी हरिद्वार के प्रसिद्ध योग गुरु हैं। उन्होंने बताया कि बड़े लक्ष्य साधन से नहीं साधना से पाए जाते है। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य पूजा द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें विद्यालय के शिक्षक नरेन्द्र सिंह गौतम, विवेक मिश्रा, मयंक गुप्ता, सुनील सर आशुतोष सर , धर्मेंद्र, साल्वी , नीतू आदि शिक्षक भी शामिल हुए। दिन का समापन सिद्धांत पांडे (निदेशक सरस्वती पब्लिक स्कूल) द्वारा सभी छात्रों और कर्मचारियों के साथ फिट रहने और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के लिए फिट इंडिया शपथ के साथ हुआ।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग/विकास कार्यों के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यो/ योजनाओं की प्रगति की रैंकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है उनके द्वारा विभागीय कार्यों की प्रगति में तेजी लाकर रैंकिंग में सुधार किया जाए। फैमिली आईडी बनानें के कार्य में तेजी लाई जाए। सीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड कार्यक्रम में सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें । जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं ,कार्यक्रमों का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने खराब रैंकिंग वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, उपायुक्त एनआरएलएम , समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### अटेवा जसवंतनगर की बैठक सम्पन्न



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** ऑल टीचर्स इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) जसवंतनगर ब्लाक कार्यकारणी की बैठक ब्लाक महामंत्री मोहम्मद इदरीश अंसारी ने यलो गार्डन जसवंतनगर में आहूत की। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष अतुल यादव द्वारा की गई। बैठक में एक अप्रैल 2025 को काला दिवस काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगें। शिक्षकों का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम सात अप्रैल 2025 को बीआरसी सभागार में सम्पन्न होगा। एक मई 2025 को जंतर मंतर दिल्ली चलो अभियान पर ज्यादा से ज्यादा साथियों को प्रेरित करना होगा। बैठक में जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन बेसिक प्रभारी मधुर श्रीवास्तव, जिला कोआर्डिनेटर सूर्यप्रकाश, रवि यादव आलोक चौहान, खालिद अंसारी विवेक गुप्ता, योगेश कुमार, ब्रजेन्द्र सिंह, आशीष शाक्य, अश्वनी श्रीवास्तव, अजय कुमार, संजय यादव, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सेंदुर और मुंगहवा गांव के सरकारी स्कूलों में बहुप्रयोजन शेड का उद्घाटन



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत सेंदुर और मुंगहवा गांव के दो सरकारी स्कूलों में बहुप्रयोजन शेड का निर्माण किया गया है। इस निर्मित शेड का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव द्वारा किया गया। यह बहुप्रयोजन शेड छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए एक अनुकूल स्थान प्रदान करेगा, जिससे उनका समग्र विकास होगा। यह निर्माण एनटीपीसी रिहंद की शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और स्थानीय समुदायों के जीवन को समृद्ध बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सीएसआर पहल के तहत, एनटीपीसी रिहंद शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढांचे के विकास सहित विभिन्न सामुदायिक विकास परियोजनाओं में सक्रिय रूप से योगदान देता रहा है। यह नवीनतम प्रयास कंपनी की अपने परिचालन क्षेत्रों के आसपास के लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

### गैस पाईपलाईन डालने से पानी के पाइप टूटे

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे में घर-घर गैस कनेक्शन के लिए डाली जा रही पाइपलाइन से पेयजल लाइन प्रभावित हो रही है। जिससे लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस दौरान कनेक्शन टूटने पर उन्हें जोड़ने के लिए उपभोक्ता से जल संस्थान भुगतान की मांग कर रहा है। जिससे उपभोक्ता परेशान है। मौजूदा समय में कस्बे में घर-घर गैस पाइप लाइन से पहुंचाने के लिए अंडरग्राउंड खुदाई का कार्य चल रहा है। इस खुदाई से आएदिन पेयजल पाइपलाइन व कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। जिससे लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जब उपभोक्ता टूटे हुए कनेक्शन को जोड़ने की बात करता है तो पाइपलाइन डालने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) साफ मना कर देती है। जब उपभोक्ता जल संस्थान से शिकायत करता है तो जल संस्थान कनेक्शन जोड़ने की फीस अदा करने की बात करता है। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। वार्ड नंबर सात के उपभोक्ता दिनेश दिनेश सोनी ने बताया कि पाइपलाइन डालने के दौरान उसका कनेक्शन टूट गया है। और उसके दरवाजे पर साथ छह फीट गहरा गड्ढा हो गया। जब उसने जोड़ने के लिए कहा तो जल संस्थान कनेक्शन जोड़ने की फीस मांग रहा है।

# सहकारी समितियों द्वारा बांटा गया लाभांश

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी0 पैक्स इंगोहटा, विकासखंड सुमेरपुर की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक इंगोहटा समिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं विशिष्ट अतिथि सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर व पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके बाद अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिले में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के कुशल दिशा निर्देशन ,मार्गदर्शन व प्रेरणा से समिति की इस बैठक में सभी पात्र सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश देने का प्रस्ताव पारित किया गया जो कि जनपद में ऐसा पहली बार हुआ है। इससे सदस्यों की समिति में हिस्सेदारी बढ़ेगी। सोसायटी को कुल 78 लाख रुपये का लाभ प्राप्त हुआ है जिसमें से नियमानुसार सभी कटौतियां होने के बाद 8,56000 का कुल वितरण समिति के अंश धारकों में लाभांश के रूप में किया गया। बकायेदारों को लाभांश नही मिलेगा।

इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने समिति के सदस्यों को लाभांश प्राप्त करने की बधाई दी तथा कहा कि इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी तथा किसान आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगे। कहा कि ऐसा जनपद की सभी समितियों द्वारा किया जाय। समितियो द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने सदस्यों में लाभांश का वितरण किया जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया तथा कहा कि किसानों द्वारा जनपद में नवाचारी कार्य कर अपनी आमदनी बढ़ाई जाए।

## हलवाई महासभा की बैठक सम्पन्न

**राठ हमीरपुर।** कस्बे के उत्सव पैलेस में गुरुवार को श्रमिक विकास संस्थान के तत्वाधान में हलवाई महासभा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिवप्रसाद कुशवाहा, चरखारी चेयरमैन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, डीपी सिंह, संतोष कुमार, चिरंजीलाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज के लोगों को अपने हक को लेकर एकजुट होना होगा। महासभा की अध्यक्षता कर रहे गोविंद गुप्ता ने कहा कि देश के विकास में एवं सामाजिक अवसरों में हलवाई समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मदन गोपाल ने कहा शासन की ओर से चलाई जा रही विश्वकर्मा योजना श्रमिक भरण पोषण योजनाओं का लाभ हम लोगों को भी मिलना चाहिए। मुन्नालला बौद्ध ने कहा कि हलवाई वर्ग श्रमिक अपनी बुरी आदतों का त्याग करें और कमाए गए मेहनत के धन को अपने परिवार की तरक्की मै लगाए शिक्षा पर खर्च करें जिससे अगली पीढ़ी को मजदूर व मजबूर न बनना पड़े।

# बिना RNI नंबर के प्रेस आईडी जारी करना अवैध

हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में फर्जी पत्रकारों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण है बिना RNI (Registrar of Newspapers for India) नंबर के प्रेस आईडी कार्ड जारी करना। कई संस्थाएं और व्यक्ति खुद को मीडिया हाउस बताकर प्रेस कार्ड जारी कर रहे हैं, जिससे पत्रकारिता की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**क्या है RNI नंबर और इसकी जरूरत?**

RNI, भारत सरकार का एक प्राधिकरण है जो समाचार पत्रों और पत्रिकाओं का पंजीकरण करता है। किसी भी मीडिया संगठन को वैध रूप से काम करने के लिए RNI नंबर लेना अनिवार्य होता है। इसके बिना कोई भी समाचार पत्र, पत्रिका, मीडिया संस्था या प्रेस क्लब सरकारी मान्यता प्राप्त नहीं होते है ।

**बिना RNI नंबर के प्रेस आईडी से बढ़ रहा है फर्जीवाड़ा।**

आजकल कई फर्जी मीडिया हाउस बिना किसी वैध पंजीकरण के पत्रकारों को आईडी कार्ड जारी कर रहे हैं। ये आईडी कार्ड अक्सर लोगों को सरकारी या अन्य लाभ लेने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ऐसे फर्जी पत्रकार न केवल असली पत्रकारों की छवि खराब कर रहे हैं, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन रहे हैं।




**क्या कहता है कानून?**

भारतीय प्रेस परिषद (Press Council of India) और अन्य नियामक संस्थाएं समय-समय पर इस मुद्दे पर चेतावनी देती रही हैं। बिना RNI नंबर के प्रेस कार्ड जारी करना धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है और इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**सरकार और प्रशासन को क्या कदम उठाने चाहिए?**

सख्त जांच-पड़ताल- बिना RNI नंबर के काम कर रहे मीडिया संगठनों की जांच होनी चाहिए।

फर्जी पत्रकारों पर कार्रवाई- ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए जो गलत तरीके से प्रेस आईडी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

जनता को जागरूक करना- आम जनता को यह समझाना जरूरी है कि वे किसी भी मीडिया संस्थान की वैधता जांचे बिना उनके पत्रकारों पर भरोसा न करें। बिना RNI नंबर के प्रेस आईडी जारी करना पत्रकारिता के नाम पर धोखाधड़ी है। इससे न केवल पत्रकारिता की साख गिरती है, बल्कि आम जनता और प्रशासन के लिए भी समस्याएं बढ़ती हैं। सरकार व जिला प्रशासन को इस पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए ताकि पत्रकारिता की गरिमा बनी रहे।

# एचडीएफसी बैंक की 112वीं शाखा का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा आज जनपद में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की 10वीं शाखा का उद्घाटन फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर वाराणसी रोड चंडी होटल के पास किया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स के खाता धारक को बैंक से सम्बन्धित सुविधा का लाभ तत्काल मिल सकेगा, उन्हें अनावश्यक बैंक में आना-जाना नहीं पड़ेगा और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावली निस्तारण ससमय किया जायेगा, तभी बैंक की छवि जनमानस की नजर में बेहतर होगी, जो आध्यात्मिकता और आधुनिक बैंकिंग के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतीक है और सुनिश्चित करता है कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्व स्तरीय बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों का लाभ मिले। इस पहल से एचडीएफसी बैंक की भारत के आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व के केंद्र में से एक स्थान में उपभोक्ता अनुभव और पहुंच बढ़ाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। अपने संबोधन में उन्होंने एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ नेतृत्व की ग्राहक सेवा के प्रति अटूट समर्पण और समाज में उनके प्रभावशाली योगदान के लिए सराहना की। जोनल हेड श्री मनीष टंडन एवम क्लस्टर हेड सौरभ महाराज, शाखा प्रबंधक अरुण मौर्य द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान श्री मनीष टंडन जी ने माननीय जिलाधिकारी को एचडीएफसी बैंक की उत्तर प्रदेश में विभिन्न कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहलों के बारे में जानकारी दी, एवं श्री सौरभ महाराज ने उत्तर प्रदेश एवम जिले में बैंक के प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर शाखा प्रबंधक अरुण मौर्य, मोहम्मद तौफीक, मनीष सिंह, रवीन्द्र, राजीव भरद्वाज, सत्येन्द्र उपाध्याय, अजय शर्मा आदि उपस्थित रहें।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने मनाया विश्व गौरैया दिवस 2025



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा परियोजना के सुभाष चन्द्र लेकपार्क में विश्व गौरैया दिवस (20 मार्च, 2025) पर, ÷प्रकृति के छोटे दूतों को एक श्रद्धांजलि÷ विषय के तहत एक सार्थक उत्सव का आयोजन किया गया। ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) मुख्य अतिथि के रूप में और संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी, एमपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। पर्यावरण प्रबंधन समूह (ईएमजी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबन्धक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचलान एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक(हरित रसायन एवं बी ई) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं ए डी एम) ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधकगण सहित वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी देखी गई।, जिन्होंने पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में गौरैया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। एक प्रतीकात्मक संरक्षण प्रयास में, स्थानीय पक्षियों के आवास का समर्थन करने के लिए पेड़ों पर उपयुक्त अनाज से भरे पक्षियों के घोंसले और फीडर रखे गए थे। यह आयोजन गणमान्य व्यक्तियों को घोंसलों और फीडरों के वितरण के साथ संपन्न हुआ।

## सड़क निर्माण की मांग ने पकड़ा जोर

**कुरारा ,हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव से कुशौली पुरवा गांव को जाने वाले कच्चे रास्ते का निर्माण कराए जाने की मांग दोनो गांव के ग्रामीणों ने की है हमीरपुर कालपी हाइवे से बाई तरफ कच्चा संपर्क मार्ग वीरा ताला के पास से होकर कुशौली पुरवा गांव तक गया है। इस रास्ते में पक्की सड़क का निर्माण हो जाने से दोनो गांव के ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल जाएगी।डामर गांव निवासी किसान खड्ग सिंह यादव,शंकर कुशवाहा,जगरूप यादव, बृजेंद्र सिंह, कुशोली पुरवा गांव निवासी नत्थू, रामासरे विनय कुमार, जगदीश,आदि लोगो ने बताया कि इस रास्ते में निर्माण कार्य चार साल पहले शुरू हुआ था। लेकिन गिट्टी डालकर काम नही हो सका इस से खेत जाने वाले किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ता है।दोनो गांव के ग्रामीणों ने इस संपर्क मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का आगमन 22 मार्च को

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री भारत सरकार हरदीप सिंह पुरी जी का जनपद सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम 22 मार्च,2025 को निर्धारित है। मंत्री भारत सरकार 22 मार्च, 2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे सर्किट हाउस में आगमन होगा, अपरान्ह 12.15 बजे सर्किट हाउस में पार्टी के कोर ग्रुप के साथ बैठक करेंगें, इसके पश्चात जिलाधिकारी कार्यालय में आगमन होगा, अपरान्ह 12.20 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें, इसके बाद मंत्री जी कार्यान्वयन के लिए स्वीकृत परियोजनाओं के शिलापट्ट का अनावरण करेंगें। मंत्री जी 01.10 बजे मेडिकल कालेज सोनभद्र के प्राचार्य को लाइफ सपोर्ट मेडिकल वैन की चाबी भेंट करेंगें, इसके पश्चात मंत्री मीडिया प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करेंगें, अपरान्ह 02.00 बजे मंत्री जी का विशिष्ट स्टेडियम तियरा में आगमन होगा, इसके पश्चात प्रतिभागियों के साथ लंच भी करेंगें, उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष श्री अवनीश कुमार अवस्थी एवं मंत्री भारत सरकार द्वारा आयोजित कायक्रम को सम्बोधन किया जायेगा, इसके पश्चात मंत्री जी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस-वार्ता करेंगें, तत्पश्चात अपने गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेंगें।

# A School with World Class Infrastructure In ETAWAH

## Admission Open 2025-26

आवासीय
# Suditi GLOBAL ACADEMY
A DAY-CUM BOARDING SCHOOL
Affiliated to CBSE, Delhi. Aff. No. 2131236

## Hostel Facility
AVAILABLE
**FOR BOYS ONLY**
Class IV to XII

## SALIENT FEATURES
- 25 Acres Green Campus & Studios of Intelligence
- Pollution Free Premises
- Air Conditioned Boarding Premises
- 24X7 Security with CCTV
- Organically Cultivated food
- Indoor & Outdoor Sporting Facilities
- Dairy Farm



# Suditi GIRLS WING
**CLASS 5th to 12th**

SEPARATE
BUILDING | TEACHERS | TIMING | TRANSPORT
FOR GIRLS

A Dedicated Campus For GIRLS



## OUR EDUCATION PARTNERS

AVIOTRON AEROSPACE
AEROSPACE FOR KIDS
STEM EDUCATION PARTNER

STUCARE™ TECHNOLOGIES PVT. LTD.
WE THINK WE CREATE WE DELIVER
DIGITAL MEDIA PARTNER

SCHOOL CINEMA
LIFE SKILL EDUCATION PARTNER

geneo
Flexible Learning System
DIGITAL LEARNING PARTNER

AIM
ATAL INNOVATION MISSION

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली
असतो मा सद्गमय

**Agra Road, NH19, Etawah | Mob. : 9219431666, 9412159222**

www.suditietawah.in